राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 29
लखनऊ, शुक्रवार 27 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मंडलायुक्त ने राजस्व विभाग के कई पटलों का किया निरीक्षण 10

संविधान लोकतंत्र की आत्मा व एकता का अधिकारः केशव 03

संक्षिप्त समाचार

68,500 शिक्षक भर्ती को लेकर महाना से मिले अभ्यर्थी

लखनऊ। प्रदेश में 68,500 सहायक अध्यापक भर्ती-2018 की आरक्षण विसंगति के मामले में न्याय की मांग को लेकर लखनऊ के इको गार्डन में पिछले 87 दिनों से अनवरत धरना-प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार दोपहर को उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के साथ राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग तथा विधान परिषद की सामाजिक एवं संसदीय सद्भाव समिति की रिपोर्ट भी सौंपी। इसके अलावा आंदोलन के दौरान प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्रियों और उपमुख्यमंत्री से हुई मुलाकातों तथा उनके द्वारा दिए गए आश्वासनों का पूरा विवरण भी विधानसभा अध्यक्ष को उपलब्ध कराया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी के साथ अहित नहीं होने दिया जाएगा।

12 स्थलों पर संवारे जाएंगे डॉ. अम्बेडकर प्रतिमा परिसर

अयोध्या। विधानसभा क्षेत्र अयोध्या में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमाओं से जुड़े 12 परिसरों का लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से सुंदरीकरण कराया जाएगा। संविधान गौरव दिवस पर मिर्जापुर माफी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसके बाद प्रतिमा परिसर के सुंदरीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। योजना के तहत मिर्जापुर माफी, सरेठी, रामदत्तपुर अतरावा, कर्मा कोडरी, दतौली और शिवदासपुर स्थित प्रतिमा परिसरों का विकास कराया जाएगा। इन सभी स्थानों पर छत निर्माण, बाउंड्रीवाल, रेलिंग और इंटरलॉकिंग का कार्य होगा। सभी कार्यों पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

आलोक सिंह बने उप्र लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष

लखनऊ। शासन ने पीएसी के महानिदेशक आलोक सिंह को यूपी लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। उनका कार्यकाल 23 जनवरी 2029 तक रहेगा। प्रदेश शासन ने पीएसी के महानिदेशक आलोक सिंह को उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। कार्मिक अनुभाग-4 के विशेष सचिव असीम कुमार सिंह की ओर से गुरुवार को इस संबंध में जानकारी दी। आलोक सिंह का कार्यकाल उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से 23 जनवरी, 2029 तक रहेगा।

10 करोड़ की चरस के साथ तीन गिरफ्तार

कानपुर। जनपद के थाना नजीराबाद पुलिस ने गुरुवार को मादक पदार्थों की तस्करी के बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए एक पुरुष और एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से 10 किलो 320 ग्राम चरस बरामद हुई है, जिसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये है। पुलिस अब तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए दोनों तस्कर नेपाल और बिहार से सस्ते दामों पर चरस खरीदकर लाते थे। इसके बाद कानपुर समेत दूसरे जनपदों और राज्यों में महंगे दामों पर इसकी सप्लाई करते थे। पूछताछ में पता चला है कि तस्करी के इस कारोबार के जरिए वे मोटा मुनाफा कमाते थे।

सपा ने जारी किया चुनावी घोषणा पत्र

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



यूपी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपने चुनावी एजेंडे में युवाओं, किसानों, कर्मचारियों और महिलाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान दिवस पर गुरुवार को चुनावी घोषणा-पत्र(सत्ताईस का संकल्प) जारी करते हुए पुरानी पेंशन योजना की बहाली, बेरोजगार युवाओं को हर महीने पांच हजार रुपये भत्ता, किसानों की कर्जमाफी और शहरी क्षेत्रों में 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया। घोषणा-पत्र में रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल किए गए हैं।

अखिलेश यादव ने घोषणा पत्र में कृषि क्षेत्र में किसानों की कर्जमाफी, 23 फसलों और दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी तथा गन्ना किसानों को 24 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने का वादा किया है। बुजुर्ग महिलाओं को सालाना 40 हजार रुपये पेंशन देने का प्रस्ताव भी रखा गया है। अखिलेश ने कहा कि अपराधी किसी भी जाति, धर्म या राजनीतिक दल से जुड़ा हो, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बुनियादी ढांचे के विकास के तहत तहसील स्तर तक फोरलेन सड़कों का संपर्क उपलब्ध कराने का वादा किया गया है।

लखनऊ स्थित कैंसर संस्थान को पूरी क्षमता से संचालित करने, वहां शोध गतिविधियां शुरू कराने और गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करने का प्रस्ताव भी घोषणा-पत्र में शामिल हैं। इस दौरान आजम खान, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, सांसद डिंपल यादव समेत पार्टी के नेतागण एवं कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

घोषणापत्र की प्रमुख बातें

- पुरानी पेंशन योजना की बहाली।
- बेरोजगार युवाओं को हर महीने पांच हजार रुपये भत्ता।
- किसानों की कर्जमाफी व शहरी क्षेत्रों में 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा
- रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था।
- युवाओं के लिए पांच वर्षों में 25 लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य ।
- 12वीं पास विद्यार्थियों को लैपटॉप देने तथा पांच रुपये में भोजन उपलब्ध कराने के लिए समाजवादी कैंटीन शुरू करने की भी घोषणा की।

भाजपा ने यूपी को बनाया विकास व सुरक्षा का प्रदेश : ब्रजेश पाठक



समृद्धि न्यूज, लखनऊ

भाजपा ने सामाजिक संपर्क अभियान के अंतर्गत दूसरे दिन गुरुवार को सामाजिक संपर्क बैठक का आयोजन राजभवन कॉलोनी स्थित उपमुख्यमंत्री आवास पर किया गया। अनेक समाज, एक परिवार की भावना के साथ आयोजित बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं सामाजिक संपर्क अभियान के संयोजक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से संवाद किया।

बैठक में जैन, सिख एवं मुस्लिम समाज के साथ ही जायसवाल, साहू, तेली, राठौर और कश्यप समाज के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

भारत की संप्रभुता किसी व्यक्ति, परिवार या जाति विशेष में नहीं : योगी

बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर समेत सामाजिक न्याय के महापुरुषों की प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण के लिए 3,955 स्थलों पर कार्यों का किया शुभारंभ



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की संप्रभुता किसी व्यक्ति, परिवार या जाति विशेष में नहीं, बल्कि देश के आम नागरिक में निहित है। संविधान ने प्रत्येक भारतीय को यह अधिकार और दायित्व दिया है कि वह देश का वास्तविक संरक्षक है।

कोई व्यक्ति या परिवार यह दावा नहीं कर सकता कि उसके कारण भारत अस्तित्व में है या वही भारत का संरक्षक है। भारत का हर नागरिक संविधान की गरिमा और लोकतंत्र की रक्षा का उत्तरदायी है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में आयोजित संविधान गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संविधान हम सबका गौरव और 145 करोड़ भारतवासियों का मार्गदर्शक है। यह हमें अधिकारों का स्मरण कराने के साथ कर्तव्यों का बोध भी कराता है और देश के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का अहसास कराता है। संविधान निर्माताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उस विचार को ध्यान में रखा था कि भारत का राजनीतिक भाग्य भारतवासी स्वयं तय करेंगे। इसी भावना से संविधान निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

उन्होंने कहा कि भारत का संविधान दुनिया के उन विशिष्ट संविधानों में है, जिसने पहले दिन से ही बिना किसी जाति, क्षेत्र, भाषा और लैंगिक भेदभाव के प्रत्येक वयस्क भारतीय को मताधिकार प्रदान किया। दुनिया के कई ऐसे देश, जो स्वयं को लोकतंत्र का बड़ा समर्थक बताते हैं, वहां लंबे समय तक रंगभेद और लिंगभेद के आधार पर नागरिकों को समान अधिकारों से वंचित रखा गया। लेकिन भारत ने संविधान लागू होने के पहले दिन से ही प्रत्येक वयस्क नागरिक को मतदान का अधिकार दिया। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज कुछ लोग भ्रम की स्थिति पैदा करके लाल पुस्तिका लेकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। यदि उन्होंने संविधान की प्रति पढ़ी होती तो शायद भारत की संप्रभुता के संरक्षक होने का दावा करने का दुस्साहस नहीं करते। जब उन्हें अवसर मिला था, तब उन्होंने संविधान का गला घोंटने का प्रयास किया। आजादी के तत्काल बाद पहला संविधान संशोधन प्रेस की आजादी को बंधक बनाने के लिए किया गया। समय-समय पर अपने स्वार्थ के लिए संविधान में संशोधन किए गए। इन लोगों ने केवल संविधान ही नहीं, बल्कि देश की संवैधानिक संस्थाओं और लोकतंत्र को भी कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया।

भारत पर लगातार आक्षेप लगाए और लोकतंत्र को कमजोर करने के षड्यंत्र किए। ऐसे लोगों के प्रयासों से सावधान रहना होगा। संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिशों से देश को बचाना हम सभी का दायित्व है। कांग्रेस ने बाबा साहेब की उपेक्षा की, सपा ने किया महापुरुषों का अपमान मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को कभी भारत रत्न नहीं लेने दिया। उन्हें संसद तक पहुंचने से रोकने के लिए भी प्रयास किए गए और उन्हें चुनाव हराने के लिए तमाम षड्यंत्र किए गए। पिछली सरकारों ने महापुरुषों के सम्मान की उपेक्षा की।

सीएम 29 नवंबर को करेंगे 502 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

गोरखपुर, समृद्धि न्यूज। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा के 37वें स्थापना दिवस पर औद्योगिक विकास को एक नई गति मिलने जा रही है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 29 नवंबर को होने वाले मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों 104 विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी 502 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। गीडा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन 29 नवंबर को सीएम योगी 126.23 करोड़ रुपये के 19 सिविल कार्यों और 62.61 करोड़ रुपये के 21 विद्युत व अन्य कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर वह 272.30 करोड़ रुपये के 44 विकास कार्यों तथा 41.18 करोड़ रुपये के 20 विद्युत व अन्य कार्यों का शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री के हाथों कुल मिलाकर 188.84 करोड़ की 40 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं 313.47 करोड़ रुपये की 64 परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। गीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विशाल कुमार के अनुसार इन परियोजनाओं के जरिये औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सड़क नेटवर्क का होगा विस्तार लोकार्पण के कार्यों में सड़क नेटवर्क के विस्तार प्रमुखता से शामिल हैं। गीडा परिक्षेत्र के सेक्टर.25 में 9 मीटर, 12 मीटर और 18 मीटर चौड़ी सड़कों नालियों और पुलियों के निर्माण कार्यों का लोकार्पण होगा।

ओटीएस योजना को मिल रहा जनसमर्थन, अब तक 3 लाख आवेदन प्राप्त

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को प्रदेशभर में व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और करदाताओं को लंबित देयकों में राहत देने के उद्देश्य से संचालित इस योजना के तहत प्रदेश के सभी 762 नगरीय निकायों में अब तक 3,00,073 आवेदन प्राप्त हुए हैं। योजना के माध्यम से अब तक 154.48 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली की जा चुकी है। वहीं, पात्र लाभार्थियों को राहत देते हुए 235.14 करोड़ रुपये की धनराशि समायोजित की गई है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि योजना के तहत 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद एवं 545 नगर पंचायतों में लंबित गृहकर, जलकर एवं सीवरकर से संबंधित पात्र बकायेदारों को राहत प्रदान की जा रही है। ओटीएस योजना का उद्देश्य पुराने कर बकायों का सरल एवं व्यावहारिक निस्तारण, करदाताओं पर आर्थिक दबाव को कम करना तथा नगरीय निकायों की राजस्व वसूली को प्रभावी बनाना है।

पूर्व उपराष्ट्रपति की श्रीनाथजी दर्शन के बाद अचानक बिगड़ी तबियत

उदयपुर/नाथद्वारा एजेंसी। राजस्थान के नाथद्वारा स्थित पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ श्रीनाथजी मंदिर में गुरुवार अलसुबह दर्शन करने पहुंचे भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मंगला



झांकी के बाद अचानक तबीयत बिगड़ गई। असहज महसूस करने पर उन्हें तत्काल ऑक्सीजन दी गई और नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार व आवश्यक जांच के बाद वे उदयपुर के लिए रवाना हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमला सतर्क हो गया और अधिकारियों ने उनकी स्थिति पर नजर बनाए रखी। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार अलसुबह सपरिवार श्रीनाथजी मंदिर पहुंचे और मंगला झांकी के दर्शन कर देश-प्रदेश में सुख-समृद्धि, खुशहाली व शांति की कामना की। दर्शन के बाद मंदिर मंडल की परंपरा के अनुसार धनखड़ और उनकी पत्नी को उपरना ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा प्रभु श्रीनाथजी का प्रसाद भेंट किया गया।

पुलिस ने आराधना मिश्रा को किया गिरफ्तार

- कार्यकर्ता बोले, मिलकर लड़ेंगे तो जीतेंगे ही
- बिना अनुमति कांग्रेस निकाल रही है मार्च

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



राजधानी में संविधान दिवस पर कांग्रेस कार्यक्रम आयोजित कर संविधान रक्षा मार्च निकाल रही है। हालांकि, जिला प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी थी। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा और अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस 145 साल पुरानी पार्टी है और कभी खत्म नहीं होगी।

राजधानी लखनऊ में गुरुवार को संविधान दिवस के अवसर पर कांग्रेस ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर संविधान रक्षा मार्च निकाला जा रहा है। हालांकि, जिला प्रशासन ने मार्च निकालने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बावजूद निकाले जा रहे मार्च को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कार्यक्रम की अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना कर रही हैं। बिना अनुमति मार्च निकालने पर पुलिस ने कांग्रेसियों को रोका। जबरन आगे बढ़ने की जिद पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का मुक्की हुई।

माहौल गरमाया हुआ है। इस दौरान उत्तर प्रदेश प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, यूपी कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। नेता बोले- संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की आवाज को गिरफ्तारियों से नहीं दबाया जा सकता है। इससे पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरगे ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस के 145 साल के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस कभी खत्म होने वाली पार्टी नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा, मिलकर लड़ेंगे तो जीतेंगे ही। खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संविधान और बाबा साहेब के सम्मान की लड़ाई जारी रहेगी।

सहारा शहर में लगी आग ने लिया विकराल रूप

लखनऊ। राजधानी के पॉश इलाके गोमती नगर स्थित सहारा शहर परिसर में अचानक भीषण आग भड़क उठी आग इतनी विकराल है कि इसकी ऊंची लपटें रात के आसमान को लाल कर रही हैं और चारों ओर काले धुएं का भारी गुबार फैल गया है। परिसर के भीतर से उठती चिंगारियों और दहकती आग का मंजर काफी दूर सड़क से भी साफ दिखाई दे रहा है घटना की जानकारी फैलते ही आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी और हड़कंप का माहौल बन गया अग्निकांड की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम अलर्ट हो गई शुरुआती तौर पर चार गाड़ियां भेजी गईं और आग की भयावहता को देखते हुए दमकल के पांच वाहन मौके पर पहुंच चुके हैं। घटनास्थल पर दमकल की गाड़ियों के सायरन गूंज रहे हैं और कर्मी तेजी से लपटों को घेरकर उन पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं परिसर में बड़ी मात्रा में सूखी घास और घने पेड़ होने के कारण आग को आगे फैलने से रोकना बड़ी चुनौती बना हुआ है मौके पर जुटी स्थानीय लोगों की भीड़ को भी एहतियातन सुरक्षित दूरी पर रोका जा रहा है, ताकि राहत कार्य में कोई बाधा न आए।

सड़क हादसे में दो लोग जिंदा जले, सीएम ने जताया दुख



समृद्धि न्यूज, सोनभद्र।

राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र स्थित वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर लोहरा पावर हाउस के पास गुरुवार दोपहर टायर फटने की वजह से ट्रक अनियंत्रित होकर बाइक सवार को चपेट में लेते हुए डिवाइडर पार कर वाराणसी की तरफ से आ रही ट्रक से भीड़ गई। हादसे के दौरान दोनों ट्रकों में आग लग गई। इस घटना में दो लोग जिंदा जलकर मर गए, जबकि दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड एम्बुलेंस व पुलिस अधिकारी पहुंच कर राहत कार्य में जुट गए।

मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा ने बताया की वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर दोपहर एक ट्रक राखड़ लादकर वाराणसी की ओर जा रहा था। बाइक सवार व्यक्ति की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। दोनों शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया है।

आज छह महीने के लिए अखिलेश भी जेल आ जाते, तो उन्हें सच मालूम होता

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

आज दिल चाहता है कि छह महीने के लिए अखिलेश भी जेल आ जाते, ताकि उन्हें सच मालूम होता कि वहां दिन कैसे गुजरते हैं और रातें कैसे कटती हैं। और क्या कहूं सपा नेता आजम खान ने गुरुवार को सपा के घोषणा पत्र के ऐलान से पहले कहीं। जेल से रिहा होने के बाद आजम पहली बार लखनऊ के पार्टी कार्यालय पहुंचे। सपा मुखिया के सामने मंच से अपना दर्द साझा किया। अखिलेश से कहा कि आज जो लोग उन्हें परेशान कर रहे हैं, उनका कद अखिलेश ने खुद बड़ा किया है। 1. बेटे को जेल में देखना सबसे बड़ी



सजा आजम ने जेल में बिताए दिनों का जिक्र करते हुए कहा- तन्हाई की जेल में रहना उतना मुश्किल नहीं था, जितना अपने बेटे को जेल में देखना। उन्होंने बताया कि जब तक उन्हें यह जानकारी नहीं मिली कि उनका बेटा जिंदा है और हरदोई जेल में है, तब तक के कुछ घंटे बेहद मुश्किल से गुजरे।

आजम ने कहा कि हर रात अल्लाह से दुआ करते थे कि अगर कोई गम की सुबह आने वाली है तो वह सुबह उन्हें न दिखे। वह मौत की दुआ करके सोते थे। उन्होंने कहा, बहुत सस्ती थी वो मौत... बहुत महंगी थी जिंदगी, जो जेल में हमने काटी।

सीजेपी के दीपके-रांका को लुकआउट नोटिस जारी

एजेंसी,नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) फाउंडर अभिजीत दीपके और सह-संयोजक आशुतोष रांका को गुरुवार को मुंबई पुलिस ने लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। इन नेताओं पर गांधी जयंती के दिन मुंबई के शिवाजी पार्क में बिना अनुमति रैली का केस भी दर्ज किया गया था। इससे पहले सौरव दास खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया। केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट को यह जानकारी दी। यानी सौरव विदेश यात्रा नहीं कर सकेंगे। सरकार के मुताबिक, उनके पासपोर्ट में पिता के नाम का कॉलम खाली है। इसके अलावा जन्मस्थान, पढ़ाई और पते से जुड़ी जानकारियों में भी अंतर मिला है। सरकार ने कहा कि इन गड़बड़ियों का असर उनकी नागरिकता पर भी पड़ सकता है। दास के वकील अखिल सिब्बल ने कोर्ट में कहा कि सौरव को लुकआउट नोटिस जारी होने या विदेश जाने से रोकने के बारे में पहले नहीं बताया गया था। उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर नोटिस दिया गया।

शिलान्यास | **जितिन प्रसाद ने 18.5 करोड़ की लागत से बने आईटी पार्क का किया उद्घाटन**

बोले, युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के खुलेंगे नए अवसर

समृद्धि न्यूज, बरेली।

जिले के औद्योगिक और तकनीकी विकास को गुरुवार को सीबीगंज में 18.5 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के आईटी पार्क का केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने उद्घाटन किया। देश के 75वें आईटी पार्क के शुरू होने से बरेली समेत आसपास के जिलों के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर खुलेंगे। साथ ही क्षेत्र में आईटी कंपनियों, सॉफ्टवेयर उद्योग और स्टार्टअप को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। दो एकड़ भूमि पर विकसित इस आईटी पार्क का शिलान्यास मार्च 2024 में किया गया था। यहां आईटी क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों और उद्यमियों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। इनमें डेटा सेंटर, इन्क्यूबेशन सेंटर, कार्यालय, कॉन्फ्रेंस हॉल, मीटिंग रूम और कैफेटेरिया शामिल हैं। इन सुविधाओं के जरिए सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डिजिटल तकनीक और आईटी सेवाओं से जुड़ी कंपनियां बरेली में अपने कार्यालय स्थापित कर सकेंगी।

आईटी पार्क शुरू होने से बरेली और आसपास के जिलों के तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिलने की संभावनाएं बढ़ेंगी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर, आईटी प्रोफेशनल्स और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे।



अभी तक बेहतर अवसरों की तलाश में युवाओं को नोएडा, दिल्ली, बंगलूरू और अन्य महानगरों का रुख करना पड़ता था। स्थानीय स्तर पर कंपनियां स्थापित होने से उनका पलायन कम करने में मदद मिल सकती है। इसके अलावा स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं को भी यहां कार्यस्थल और जरूरी तकनीकी सुविधाएं मिल सकेंगी। कम संसाधनों में नई कंपनियां अपना काम शुरू कर सकेंगी। इससे नवाचार, उद्यमिता और डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है। आईटी पार्क का उद्घाटन बरेली को पारंपरिक उद्योगों के साथ आधुनिक तकनीकी क्षेत्र में भी स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे निवेश की संभावनाएं बढ़ने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिल सकती है। इस मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, राज्यसभा सांसद श्रुति गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर उमेश गौतम, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और मीरगंज विधायक डीसी वर्मा मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

दो दिवसीय दौरे पर कल बलरामपुर आएंगे मुख्यमंत्री योगी

बलरामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 और 28 नवंबर को दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेंगे। इस दौरान वह तुलसीपुर स्थित देवीपाटन मंदिर में आयोजित ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं स्मृति कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री 27 नवंबर को दोपहर 1:30 बजे राजकीय हेलीकॉप्टर से मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल तुलसीपुर स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। यहां से कार द्वारा 1:35 बजे देवीपाटन मंदिर पहुंचेंगे। दोपहर 1:35 बजे से शाम पांच बजे तक उनका समय आरक्षित रहेगा। शाम पांच से छह बजे तक वह ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि एवं स्मृति कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसके बाद देवीपाटन मंदिर में ही रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 28 नवंबर को सुबह 8:30 बजे मुख्यमंत्री कार से देवीपाटन मंदिर से रवाना होंगे और 8:35 बजे मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे।

दुग्ध उत्पादक और पांच गौशालाएं सम्मानित

बलरामपुर। राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर पशुपालन विभाग की ओर से विकास भवन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बलरामपुर सदर विधायक पल्टूराम की उपस्थिति और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादक और गौवंशों की बेहतर देखभाल करने वाले गौशाला संचालकों व देखरेख करने वालों को सम्मानित किया गया। नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादन के लिए उमाशंकर यादव को सम्मानित किया गया। वहीं, गौवंशों के संरक्षण, देखभाल और बेहतर प्रबंधन के लिए जनपद की पांच सर्वश्रेष्ठ गौशालाओं अस्थायी गौआश्रय स्थल सिसई, विशुनपुर, बांसेडिला, शंकरपुर और रोवारी का चयन किया गया। इन गौशालाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संचालकों एवं देखरेखकर्ताओं संतराम निषाद, वारिस अली, भूखन, विजय बहादुर और रविशंकर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, पशुपालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और निराश्रित गौवंशों की बेहतर देखभाल पर जोर दिया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

पांच खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित, आठ मामलों में 79 हजार जुर्माना

बलरामपुर। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जनपद में बड़ी कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों में सुधार नहीं करने पर पांच खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। वहीं, अवमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री के आठ मामलों में कुल 79 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय गिरिजेश कुमार दूबे ने बताया कि पूर्व में चलाए गए अभियानों के दौरान पांच प्रतिष्ठानों में कमियां मिलने पर सुधार सूचना जारी कर 14 दिन का समय दिया गया था। निर्धारित अवधि में सुधार नहीं होने पर राम मिष्ठान भंडार चौक, बीकानेर स्वीट्स वीर विनय चौराहा, अमर स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट वीर विनय चौराहा, ओम स्वीट्स सिविल लाइन तथा केसरवानी अन्न भंडार भगवतीगंज के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा अवमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री के आठ मामलों में अर्थदंड लगाया गया। इसमें महाकाल इंटरप्राइजेज पर 15 हजार, भारत स्वीट्स पर तीन मामलों में कुल 26 हजार, सात्विक फूड प्रोडक्ट्स पर दो मामलों में 20 हजार, अमन किराना स्टोर पर आठ हजार तथा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष में पैक बंद पेयजल के लिए गए दो नमूनों की जांच में भी खामियां मिली हैं। स्वान ग्लोबल कंपनी धरमपुर भगवतीगंज का नमूना अवमानक पाया गया, जबकि आईके फूड एंड बेवरेजेज जरवा रोड तुलसीपुर का नमूना अवमानक के साथ असुरक्षित भी मिला है। विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से खिलवाड़ करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

दुल्हन की तरह सजी कार से नवजात बेटी को घर लाये स्वजन

बहराइच समृद्धि न्यूज़। बेटी के जन्म पर पिता ने अनोखी खुशी मनाते हुए नवजात बच्ची को अस्पताल से दुल्हन की तरह फूल और गुब्बारों से सजाई गई कार में बैठाकर पूरे धूमधाम से घर लेकर आये। क्षेत्र के ढोंगाही बटुरहा निवासी नानबाबू की पत्नी राबिया गर्भवती थी बुधवार को फखरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अर्धरात्रि के समय राबिया ने सुरक्षित प्रसव में बेटी को जन्म दिया। बेटी के जन्म पर नान बाबू का पूरा परिवार झूम उठा।अस्पताल में मिठाई बाटी गई बेटी को घर ले जाने के लिए वाहन को रंग बिरंगे बैलून और फूलों से सजाया गया। उसके बाद मां बेटी को घर लेकर गये नान बाबू ने बताया की हमारे घर की पहला बच्चा है सबसे खास बात की बेटी हुई है। सीएचसी अधीक्षक डा.बासुदेव वर्मा,डा. शशि यादव ने बताया ऐसी अनोखी खुशियां बेटियों के जन्म को लेकर समाज में आ रही सकारात्मक और खूबसूरत सोच को दिखाती हैं।

प्रोजेक्ट डॉल्फिन के तहत शारदा के बाद अब गेरुआ -कौरियाला नदी में डॉल्फिन सर्वे शुरू

बहराइच समृद्धि न्यूज़। भारत में नदीय डॉल्फिन के संरक्षण के लिए चल रहे प्रोजेक्ट डॉल्फिन के अंतर्गत भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII), देहरादून और उत्तर प्रदेश वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश की प्रमुख नदियों में गंगा डॉल्फिन की वैज्ञानिक निगरानी की जा रही है।देशव्यापी नदीय डॉल्फिन गणना एवं आकलन के द्वितीय चक्र के तहत शारदा नदी का सर्वेक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इसी क्रम में आज 26 नवंबर 2026 को WII की विशेषज्ञ टीम ने परियोजना वैज्ञानिक डॉ. विनीत सिंह के नेतृत्व में गिरवा एवं कौरियाला नदियों में एक दिवसीय वैज्ञानिक सर्वेक्षण प्रारंभ किया है। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य इन नदियों में गंगा नदी डॉल्फिन की संख्या, वितरण, उनके प्राकृतिक आवास, जल की गुणवत्ता और जैव विविधता का वैज्ञानिक आकलन करना है।टीम द्वारा सर्वेक्षण में आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें F-PODs जैसे निष्क्रिय ध्वनिक निगरानी उपकरण, A-tags, GPS, लेजर रेंजफाइंडर, दूरबीन, YSI ProDSS से जल गुणवत्ता परीक्षण, चार्ट प्लॉटर व डेप्थ साउंडर से नदी की गहराई व संरचना का अध्ययन किया जा रहा है। साथ ही eDNA सैंपलिंग और प्लवक जाल से भी जैव विविधता का आकलन किया जाएगा। इससे प्राप्त आंकड़े डॉल्फिन के महत्वपूर्ण आवासों की पहचान और भविष्य की संरक्षण रणनीतियों को तैयार करने में मददगार होंगे। यह संयुक्त प्रयास नदी पारिस्थितिकी तंत्र के दीर्घकालिक संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

पटेल तिराहा, निर्वाचन कार्यालय, सीडीओ आवास के पास अनाधिकृत ऑटो स्टैंड हटाने का निर्देश

बाराबंकी। रोड़ सेफ्टी नियमो के प्रति जागरुकता लाने एंव सड़क दुर्घटनाओ पर विराम लगाने की दिशा मे परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रवर्तन टीम ने राष्ट्रीय राजमार्गो सहित विभिन्न मार्गो पर अभियान चलाकर मानको का उल्लंघन करने वाले वाहनो के खिलाफ कार्यवाही की। इस दौरान बिना टैक्स, फिटनेस, परमिट, नो पार्किंग, ओवरलोड़, बीमा, तीन सवारी, काली फिल्म सहित नाबालिग द्वारा वाहन संचालित पर 33 वाहनो के चालान काटे तथा 10 वाहनो को सीज किया।

भाजपा जिला कार्यालय पर भव्य रूप से मनाया गया संविधान दिवस

विचार गोष्ठी कर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को अर्पित की गई भावभीनी श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर गुरुवार को संविधान दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब अमर रहें और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भारतीय संविधान की महत्ता और उसकी विशेषताओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा और जीवंत लिखित संविधान है, जो देश के प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार, सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीने का अवसर प्रदान करता है। श्री पांडेय ने कहा कि बाबा साहेब ने राष्ट्र निर्माण की जो मजबूत नींव रखी थी, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उन्हीं संवैधानिक मूल्यों और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र के साथ देश को आगे बढ़ा रही है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने संविधान निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा और उसमें बाबा साहेब के अतुलनीय योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जीवन भर वंचितों, शोषितों और पिछड़ों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और संविधान के माध्यम से उन्हें मुख्यधारा में लाने का मार्ग प्रशस्त किया। श्री वर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केवल संविधान के अधिकारों की ही बात न करें, बल्कि संविधान में निहित अपने मौलिक कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से पालन करें। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित विधानसभा प्रभारी रंजन शर्मा ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस हमें अपने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसा दल है जिसने बाबा साहेब के पंचतीर्थों का विकास कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए संकल्पित है। गोष्ठी के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एवं समस्त मंचासीन अतिथियों के नेतृत्व में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने का संकल्प लिया।

गांव-गांव में स्थापित होंगी बाबा साहब की प्रतिमाएं



बलरामपुर में संविधान दिवस पर कई ग्राम पंचायतों में शिलान्यास और भूमि पूजन

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर। संविधान दिवस पर शासन के निर्देश पर जनपद में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और आदर्शों को गांव-गांव तक पहुंचाने की पहल की गई। इसके तहत सभी विकासखंडों की तीन-तीन चिन्हित ग्राम पंचायतों में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापना के लिए शिलान्यास और भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। विकासखंड तुलसीपुर की ग्राम पंचायत देवनगर में विधायक कैलाश नाथ शुक्ला की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। गैण्डास बुजुर्ग विकासखंड की ग्राम पंचायत नंदौरी और गैण्डास बुजुर्ग के टोला धोभा में भी प्रतिमा स्थापना से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। हरैया सतघरवा के मटियरिया ग्राम पंचायत के नइके डीह मजरे में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित की गई, जबकि मटियरिया तिराहे पर भूमि पूजन हुआ। इसी क्रम में श्रीदत्तगंज विकासखंड की खरदौरी, गुमड़ी और कोलवी बिनोनी ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम हुए।

चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल छोटी छंदवल में धूमधाम से मनाया गया संविधान दिवस

संविधान की प्रस्तावना पर आयोजित हुई चार्ट, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता, 170 बच्चों ने किया प्रस्तावना का पाठ

समृद्धि न्यूज़



रामसनेहीघाट, बाराबंकी। बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छोटी छंदवल स्थित बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में गुरुवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना की व्याख्या विषय पर विद्यार्थियों के बीच चार्ट, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ के साथ हुआ। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावना के विभिन्न पहलुओं को आकर्षक चार्ट एवं अपने विचारों के माध्यम से प्रस्तुत किया। बच्चों ने संविधान में निहित मौलिक अधिकारों, मौलिक कर्तव्यों, समानता, स्वतंत्रता, न्याय तथा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में राधा एवं प्रिंस ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। सारिका एवं आदर्श द्वितीय तथा मनीष कुमार एवं जानवी यादव तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने बच्चों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला और देश की एकता, अखंडता एवं समानता का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक को संविधान में दिए गए अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों को संविधान के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा एक जिम्मेदार, जागरूक और अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षक मदन कुमार, सुनील कुमार, सरिता यादव, प्रिया मौर्य, पलक, इलावती, छाया, अर्चना, श्रद्धा गुप्ता, जियालाल एवं सरोज सहित विद्यालय के लगभग 170 बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

जिले में पुलिसकर्मियों ने ली संविधान के पालन की शपथ

एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने प्रस्तावना का कराया सामूहिक वाचन

समृद्धि न्यूज़





बहराइच समृद्धि न्यूज़। गुरुवार को संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराते हुए संविधान के मूल आदर्शों एवं मूल्यों के प्रति निष्ठा रखने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समता एवं बंधुत्व के मूल सिद्धांतों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इन आदर्शों के अनुरूप अपने पदीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं निष्पक्षतापूर्वक निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर भी संविधान दिवस के अवसर पर थाना प्रभारियों द्वारा नियुक्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराते हुए संविधान के प्रति निष्ठा एवं संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप अपने कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ दिलाई।कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक दिलीप द्विवेदी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आईएमए और यूपीएमएसआरए ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य चलाया जागरूकता अभियान

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़। यातायात सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से आईएमए (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) एवं यूपीएमएसआरए, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान चिकित्सकों और मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) साथियों ने सड़क पर चलने वाले लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर आईएमए के अध्यक्ष डॉ. पारितोष तिवारी, सचिव डॉ. दिव्येश बर्नवाल, डॉ. सारिका साहू, डॉ. सुगुना वर्मा, डॉ. अमिताभ मिश्रा, डॉ. बीना टंडन और संगीता मेहता समेत कई चिकित्सकों ने सहभागिता की।वहीं, यूपीएमएसआरए की ओर से अध्यक्ष राम जी पाठक, सचिव अभिषेक सिंह, संयुक्त सचिव अविनाश त्रिपाठी, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, अक्षय मिश्रा, विजय अवस्थी, शुभम त्रिवेदी, तैयब अली और अमरेश कुमार समेत संगठन के कई सदस्य मौजूद रहे। अभियान के दौरान बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चलाने वाले लोगों को रोककर फूल भेंट किए गए। साथ ही उन्हें हेलमेट के महत्व और यातायात नियमों के पालन के बारे में जानकारी दी गई।चिकित्सकों एवं एमआर ने लोगों से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने और सड़क पर सावधानी बरतने की अपील की।अभियान के माध्यम से लोगों को संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि स्वयं और दूसरों के जीवन की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

क्लोन एप से रात के अंधेरे में लग रही मजदूरों की हाजिरी

चार महीने से मजदूरी बकाया, फिर भी काम का दबाव मनरेगा में हाजिरी का खेल

समृद्धि न्यूज़



मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज़। सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता के दावों के बीच ग्राम रोजगार सेवक संघ ने वीबी-जी-राम-जी योजना के तहत हाजिरी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। संघ ने आरोप लगाया है कि जनपद के मिहींपुरवा, नवाबगंज, बलहा और शिवपुर विकासखंडों में क्लोन एप का इस्तेमाल कर रात 10 बजे से 12 बजे के बीच श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है। संघ के मुताबिक यह प्रक्रिया शासन की मंशा के विपरीत है। रोजगार सृजन सप्ताह के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए संगठन ने कहा कि श्रमिकों पर काम का अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जबकि चार महीने से मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। 25 नवंबर को उपयुक्त श्रम रोजगार अधिकारी को सौंपे गए पत्र में संघ ने रात में क्लोन एप से हाजिरी लगाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। साथ ही नियमानुसार दोपहर दो बजे तक श्रमिकों की हाजिरी भरवाने की मांग उठाई है।अब सवाल यह है कि यदि आरोप सही हैं तो रात के अंधेरे में हाजिरी का यह खेल किसके इशारे पर चल रहा है? जिम्मेदार अधिकारी इसकी जांच कर कार्रवाई कब करेंगे?

ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से दर्दनाक हादसा, पहिए के नीचे दबकर एक व्यक्ति की मौत

पयागपुर से मौरंग लादने के लिए जा रहे थे चिलवरिया, रास्ते में हुआ हादसा

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़। कोतवाली देहात क्षेत्र के रेहड़ी गांव के पास गुरुवार सुबह करीब 10 बजे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार एक व्यक्ति पहिए के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय ट्रैक्टर पर चालक समेत तीन लोग सवार थे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, पयागपुर क्षेत्र के लवेदी गांव निवासी संतोष (45) अपने बेटे और एक अन्य व्यक्ति के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर पयागपुर से मौरंग लादने के लिए चिलवरिया जा रहे थे। रास्ते में कोतवाली देहात क्षेत्र के रेहड़ी गांव के पास ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित हो गया। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका,जिसके चलते ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे पलट गई।इस दौरान ट्रैक्टर पर सवार संतोष पहिए के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगो ने उन्हें बाहर निकालने और बचाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। मृतक के बेटे ने बताया कि वह अपने पिता के साथ मौरंग लादने जा रहे थे। इस दौरान ट्रैक्टर चालक काफी तेज गति से वाहन चला रहा था। इसी वजह से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में उनके पिता की जान चली गई, जबकि वह और एक अन्य व्यक्ति सुरक्षित बच गए।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची स्थानीय लोगों की मदद से आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।देहात कोतवाल दद्दन सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दबकर एक व्यक्ति की मौत हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्यवाही जा रही है।

बसपा को लगा झटका: पूर्व प्रत्याशी हकीकत अली ने सैकड़ों समर्थकों के साथ थामा कांग्रेस का हाथ

2022 मे लड़ा था विधानसभा का चुनाव

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिले की नानपारा विधानसभा सीट पर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी रहे हकीकत अली ने बुधवार को कांग्रेस का हाथ थाम लिया। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उनके इस फैसले को नानपारा विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। लखनऊ में आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल, सांसद इमरान मासूम और पार्टी नेता हन्नान की मौजूदगी में हकीकत अली और उनके समर्थकों को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान पार्टी में शामिल हुए समर्थकों ने भी कांग्रेस के साथ मिलकर काम करने का संकल्प जताया।हकीकत अली का नानपारा क्षेत्र की राजनीति में पुराना प्रभाव माना जाता है। उनके बड़े भाई स्वर्गीय वारिस अली नानपारा विधानसभा सीट से बसपा विधायक रह चुके हैं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में हकीकत अली ने बसपा के टिकट पर चुनाव लड़कर अपनी राजनीतिक दावेदारी पेश की थी। अब कांग्रेस में शामिल होने के बाद उनकी राजनीतिक भूमिका को लेकर क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं। कांग्रेस की सदस्यता लेने के बाद हकीकत अली ने कहा कि मौजूदा समय में कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है, जो सभी समाजों को साथ लेकर चलने की बात करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व की ओर से उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे।राजनीतिक जानकारों की नजर अब नानपारा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की आगे की रणनीति पर टिकी है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच संभावित गठबंधन की चर्चाएं भी राजनीतिक माहौल को प्रभावित कर रही हैं। ऐसी स्थिति में नानपारा सीट गठबंधन में किस पार्टी के हिस्से आती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।

उत्तर प्रदेश के प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को मिला वैश्विक बाजार

- 10 मीट्रिक टन बिस्कुट की पहली निर्यात खेप मेडागास्कर पहुंची, प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरणद्वारा भारतीय कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश के स्थानीय स्तर पर निर्मित खाद्य उत्पादों को भी अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने, स्थानीय उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा निर्यातोन्मुखी इकाइयों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं नीतिगत पहलों के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर जनपद वाराणसी में निर्मित बिस्कुट की 10 मीट्रिक टन की पहली निर्यात खेप मेडागास्कर पहुंची है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश के प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात विस्तार की दिशा में एक नया अध्याय है। इस निर्यात के माध्यम से उत्तर प्रदेश में निर्मित बिस्कुट को पहली बार मेडागास्कर के अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच मिली है। इससे प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता एवं निर्यात संभावनाओं को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। अध्यक्ष राजस्व परिषद व अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश शासन श्रु बी एल मीणा ने बताया कि यह पहल प्रदेश के खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों के लिए नए निर्यात अवसर सृजित करने के साथ-साथ स्थानीय उद्योगों में निवेश, रोजगार सृजन तथा मूल्य संवर्धन को भी प्रोत्साहित करेगी।

संविधान लोकतंत्र की आत्मा व एकता का आधार

- बाबासाहेब के विचारों व संवैधानिक मूल्यों को जीवन में उतारने का आह्वान

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि हमारा संविधान देश के लोकतंत्र की आत्मा और भारत की एकता एवं अखंडता का मजबूत आधार है। भारतीय संविधान ने प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, अवसर और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है। संविधान की मूल भावना सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित है। हमें संविधान में निहित आदर्शों एवं मूल्यों को अपने जीवन और व्यवहार में आत्मसात करना चाहिए।
उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में लोक भवन, लखनऊ में संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ किया तथा संविधान दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस



अवसर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के अंतर्गत प्रदेश में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं एवं उनसे जुड़े स्थलों के सौंदर्यीकरण और संरक्षण कार्यों का शुभारंभ किया गया। साथ ही प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।
केशव प्रसाद मौर्य ने संविधान के शिल्पी भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर तथा संविधान सभा की सभी महान विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि बाबासाहेब ने ऐसा संविधान दिया, जिसने समाज के प्रत्येक वर्ग के व्यक्ति को अपनी प्रतिभा, परिश्रम और योग्यता के बल पर सर्वोच्च पद तक पहुंचने का अवसर प्रदान किया। आज देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी परिवार से आने वाली महिला हैं और गरीब परिवार में जन्मे चाय बेचने वाले के बेटे लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। यह भारतीय संविधान की समावेशी भावना और लोकतंत्र की ताकत का प्रमाण है। इसी संविधान की बदौलत विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले लोग देश और प्रदेश के महत्वपूर्ण संवैधानिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित कर राष्ट्रीय गौरव और सम्मान प्रदान किया गया है। यह बाबासाहेब के विचारों, उनके संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष महत्व देने की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुई। 26 नवम्बर, 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। यह दिन हमें संविधान निर्माताओं के योगदान और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराता है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बाबासाहेब के सम्मान, सामाजिक समरसता और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज प्रदेश में 4,000 से अधिक स्थानों पर बाबासाहेब की प्रतिमाओं एवं उनके नाम से जुड़े पार्कों का सौंदर्यीकरण, संरक्षण और सम्मान सुनिश्चित करने का कार्य किया जा रहा है। सरकार का संकल्प है कि महापुरुषों के योगदान और उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश को एक सूत्र में बांधने वाली व्यवस्था है। इसकी सफलता तभी सुनिश्चित होगी, जब देश का प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा से पालन करेगा। राष्ट्र की एकता, अखंडता, सुरक्षा और विकास के लिए संविधान के प्रति सम्मान तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं में विश्वास बनाए रखना आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद और नक्सलवाद के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई तथा विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद वहां राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक व्यवस्था को और मजबूती मिली है। आज देश का प्रत्येक नागरिक विकास की मुख्यधारा से जुड़ने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। गरीबों, दलितों, पिछड़ों, वंचितों और कमजोर वर्गों के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा करना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, मुख्य सचिव एस.पी. गोयल, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, प्रमुख सचिव संसदीय कार्य जे.पी. सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कैसरबाग बस स्टेशन पर गूंजा नारा-निगम बचाओ, अवैध वाहन हटाओ

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की आय बढ़ाने और डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग को लेकर यू.पी. रोडवेज इम्प्लाइज़ यूनियन लगातार आवाज उठा रही है।
इसी क्रम में 26 नवंबर 2026 को लखनऊ के कैसरबाग बस स्टेशन पर यूनियन की ओर से परिवहन विकास गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में यूनियन के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान डग्गामार वाहनों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर परिवहन निगम के हितों से जुड़े मुद्दे उठाए गए।
गोष्ठी में यूनियन के प्रान्तीय अध्यक्ष पं. राम जी त्रिपाठी, महामंत्री तेज बहादुर शर्मा और प्रदेश संयोजक जसवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर डग्गामार वाहनों के संचालन पर प्रभावी रोक लगाने की मांग उठाई। यूनियन का कहना है कि



डग्गामार वाहनों के कारण परिवहन निगम की आय प्रभावित होती है। ऐसे में इनके खिलाफ लगातार आवाज उठाना जरूरी है।
इस अवसर पर प्रान्तीय अध्यक्ष पं. राम जी त्रिपाठी ने परिवहन निगम की आय का उल्लेख करते हुए बताया कि पहले यूपीएसआरटीसी की आय 12 करोड़ रुपये थी, जो अब बढ़कर 36 करोड़ रुपये हो गई है।
उन्होंने कहा कि यूनियन का प्रयास है कि परिवहन निगम की आय में लगातार वृद्धि हो और यह आंकड़ा 50 करोड़ रुपये तक पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक परिवहन निगम की आय 50 करोड़ रुपये तक नहीं पहुंच जाती, तब तक डग्गामार वाहनों के खिलाफ प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। वहीं, यूनियन के प्रदेश संयोजक जसवंत सिंह ने कहा कि परिवहन निगम की आय में बढ़ोतरी को लेकर यूनियन की यह मुहिम बंद नहीं होगी।
संगठन डग्गामार वाहनों के खिलाफ लगातार आवाज उठाता रहेगा और परिवहन निगम की आय बढ़ाने के उद्देश्य से अपना अभियान जारी रखेगा। गोष्ठी में कर्मचारियों की बड़ी भागीदारी ने यूनियन की एकजुटता को प्रदर्शित किया। संगठन ने स्पष्ट किया कि परिवहन निगम के हितों की रक्षा और डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर उसका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

प्रदेश के 1.33 लाख विद्यालयों में गूंजा संविधान का संदेश

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व एवं बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह के मार्गदर्शन में राज्य सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक परंपराओं और नागरिक कर्तव्यों से जोड़ने पर विशेष बल दे रही है। इसी क्रम में गुरुवार, 26 नवम्बर 2026 को संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेश के परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों में भव्य एवं विशेष आयोजन किए गए। इसके साथ ही राजधानी लखनऊ स्थित बेसिक शिक्षा निदेशालय के परियोजना कार्यालय तथा माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में भी संविधान दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया, जहां अधिकारियों एवं कार्मिकों ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ कर संवैधानिक मूल्यों के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।
प्रदेश भर के 1.33 लाख परिषदीय विद्यालयों के 1.42 करोड़ विद्यार्थियों ने संविधान दिवस के कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालयों की प्रातःकालीन प्रार्थना सभाओं में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक स्वर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस अवसर पर बच्चों को बताया गया कि न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता भारतीय लोकतंत्र की मजबूत आधारशिला हैं तथा इन संवैधानिक आदर्शों का सम्मान करना और उन्हें अपने दैनिक व्यवहार में अपनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।
विद्यालयों में आयोजित विशेष परिचर्चाओं एवं शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को संविधान सभा की भूमिका, उसके सदस्यों के अमूल्य योगदान और संविधान निर्माण की गौरवशाली ऐतिहासिक यात्रा से परिचित कराया गया।
आयोजन को अत्यंत रोचक और सहभागितापूर्ण बनाने के लिए बच्चों ने पोस्टर, चित्रकला, बुकमार्क, बैज और कोलाज निर्माण जैसी रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए विद्यार्थियों ने संविधान के मूल सिद्धांतों, नागरिक अधिकारों और राष्ट्रीय मूल्यों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

सौंदर्य, ग्लैमर और इनोवेशन का भव्य उत्सव

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। लुलु हाइपरमार्केट ने 25 नवंबर को 'लुलु ब्यूटी फेस्ट 2026' की शुरुआत की घोषणा की। यह सुंदरता, पर्सनल केयर और वेलनेस का एक शानदार उत्सव है, जो कई जाने-माने ब्यूटी ब्रांड्स को एक ही छत के नीचे लाता है। यह इवेंट 25 नवंबर से 06 दिसंबर, 2026 तक चलेगा।
इस इवेंट का उद्घाटन लखनऊ की जानी-मानी स्किन स्पेशलिस्ट और कॉस्मेटिक सर्जन, डॉ. टीना सिंह ने किया। इस मौके पर कई खास मेहमान और लुलु हाइपरमार्केट के वरिष्ठ प्रतिनिधि भी मौजूद थे। उद्घाटन समारोह में पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया, अतिथियों को सम्मानित किया गया और स्टोर पर रिबन काटकर इवेंट की शुरुआत की गई।



इस इवेंट को Fiama और Engage द्वारा प्रस्तुत किया गया, जबकि The Derma Co. और Yardley London इसके पार्टनर रहे। अन्य प्रमुख सहयोगियों में Nivea, Royal Mirage, Enchanteur, Vivel, Dove, Vaseline,Lakme और Maybelline शामिल हैं।
'लुलु ब्यूटी फेस्ट' का उद्देश्य ग्राहकों के लिए एक ऐसा मंच तैयार करना है, जहाँ वे लेटेस्ट ब्यूटी ट्रेंड्स जान सकें, नए और इनोवेटिव प्रोडक्ट्स खोज सकें, और ब्यूटी व पर्सनल केयर से जुड़े कई तरह के प्रोडक्ट्स का अनुभव ले सकें। लुलु हाइपरमार्केट हर साल इस इवेंट का आयोजन करता है, जो हेल्थ और ब्यूटी ब्रांड्स के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम बन गया है।
इस फेस्टिवल को इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि यह केवल सामान्य खरीदारी से कहीं बढ़कर हो। यहाँ ग्राहक ब्रांड्स के साथ बातचीत कर सकते हैं, नए प्रोडक्ट्स खोज सकते हैं, दिलचस्प गतिविधियों में हिस्सा ले सकते हैं और पूरे इवेंट के दौरान एक खास अनुभव पा सकते हैं। इस मौके पर, यूपी, दिल्ली और तेलंगाना के रीजनल मैनेजर, श्री समीर वर्मा ने कहा, ₹हमारा विज़न हमेशा से रिटेल अनुभव को एक नई परिभाषा देना रहा है। 'लुलु ब्यूटी फेस्ट' इसी विज़न को दर्शाता है और ब्यूटी व पर्सनल केयर के लिए लुलु को ग्राहकों की पहली पसंद बनाने के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है। 'लुलु ब्यूटी फेस्ट 2026' के ज़रिए, लुलु हाइपरमार्केट अपने ग्राहकों को एक बेहतरीन रिटेल अनुभव देने के वादे को और मजबूत कर रहा है। यह इवेंट गुणवत्ता, विविधता और इनोवेशन को एक साथ लाता है, जिससे ग्राहकों को यादगार अनुभव मिलते हैं। लखनऊ के लुलु हाइपरमार्केट के जनरल मैनेजर, श्री सुनील शर्मा ने कहा, "हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें ग्राहकों की संतुष्टि सबसे अहम होती है। 'लुलु ब्यूटी फेस्ट' इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पीएम के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सभी राज्यों की सहभागिता आवश्यक :मंत्री ए.के. शर्मा

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गुरुवार को लखनऊ स्थित हिल्टन होटल में आगामी 10 से 12 जनवरी, 2027 तक आयोजित होने वाले 'वाइब्रेंट गुजरात-2027' के दृष्टिगत आयोजित रोड-शो एवं निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर गुजरात सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री रमनभाई सोलंकी की उपस्थिति में उन्होंने उद्योगपतियों, उद्यमियों एवं निवेशकों को संबोधित करते हुए गुजरात की विकास यात्रा तथा उत्तर प्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।
उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए देश के सभी राज्यों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। प्रत्येक राज्य की अपनी विशिष्ट क्षमताएं, संसाधन एवं संभावनाएं हैं। इनका समन्वित उपयोग करते हुए राज्यों के बीच आर्थिक, औद्योगिक एवं तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देकर विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात केवल गुजरात का आयोजन नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत की आर्थिक समृद्धि और विकास यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मंत्री शर्मा ने कहा कि गुजरात की उद्यमशीलता, औद्योगिक संस्कृति और उत्तर प्रदेश की व्यापक आर्थिक संभावनाओं का समन्वय देश के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। उत्तर प्रदेश के उद्यमियों, युवाओं, श्रमशक्ति और निवेश से विकसित भारत के संकल्प को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात में उत्तर प्रदेश केवल भागीदार नहीं, बल्कि विकास यात्रा का सारथी है। गुजरात की लीडरशिप और उत्तर प्रदेश की पार्टनरशिप विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

शाहजहांपुर को मिली 9 हजार करोड़ रुपये के निवेश की बड़ी सौगात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के विशेष प्रयासों से जनपद शाहजहांपुर को औद्योगिक विकास एवं निवेश के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। भारत सरकार ने शाहजहांपुर स्थित कृभको फर्टिलाइजर लिमिटेड की यूरिया उत्पादन क्षमता के विस्तार संबंधी प्रस्ताव को 25 नवंबर, 2026 को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 9 हजार करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। परियोजना के क्रियान्वयन से संयंत्र की यूरिया उत्पादन क्षमता 11 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 12.70 लाख मीट्रिक टन हो जाएगी। कृभको फर्टिलाइजर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक द्वारा यूरिया एवं संबंधित उर्वरकों की उत्पादन क्षमता के विस्तार के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया गया था।

मैरिको की 'निहार शांति मज़बूती की पाठशाला' को नई पहचान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान



समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। मैरिको लिमिटेड ने अपनी शिक्षा-केंद्रित पहल को नए स्वरूप में प्रस्तुत करते हुए बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। कार्यक्रम में उप निदेशक डॉ. अनुपमा शांडिल्य, उप निदेशक जफर खान, 140 से अधिक लाभार्थी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहे।
समारोह में निपुण भारत के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में योगदान देने वाले आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। मैरिको के चीफ लीगल ऑफिसर एवं ग्रुप काउंसल तथा सीएसआर कमेटी के सचिव अमित भसीन ने कहा कि पहल का उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता, गणितीय कौशल, आत्मविश्वास और जिज्ञासा विकसित करना है।
कंपनी के अनुसार, इस पहल के माध्यम से अब तक 1.26 लाख से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है और लगभग 12.69 लाख विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं।

उत्तर प्रदेश भोजपुरी अकादमी के सदस्य नामित

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश भोजपुरी अकादमी की साधारण सभा में सदस्यों का नामांकन कर दिया है। इसमें लखनऊ के प्रभुनाथ राय को उपाध्यक्ष नामित किया गया है। वहीं वाराणसी की श्रीमती सीता मिश्रा, प्रतापगढ़ के कृष्ण कुमार सिंह, महाराजगंज के अशोक जायसवाल तथा गोरखपुर के डॉ0 फूलचन्द्र गुप्ता को इसका सदस्य बनाया गया है। इन सभी सदस्यों का कार्यकाल नामांकन की तिथि से एक वर्ष तक होगा। प्रदेश में 'सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन' के संकल्प के साथ भोजपुरी भाषा को सीखने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए भोजपुरी अकादमी की स्थापना की गयी है। इस अकादमी के पदेन अध्यक्ष प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री होते हैं तथा इसका मुख्यालय गोरखपुर में है। इसकी साधारण सभा में गैर सरकारी सदस्यों से एक उपाध्यक्ष तथा 04 सदस्यों को प्रदेश सरकार नामित करती है।

दवाओं की खरीद-बिक्री कीमत न बताने पर निरस्त होगा फार्मेसी लाइसेंस

- एफएसडीए का विशेष अभियान, 64 जनपदों की 381 हॉस्पिटल फार्मेसियों को थमाया नोटिस

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। अस्पतालों में इलाज करा रहे मरीजों को दवाओं की खरीद में पारदर्शिता दिलाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान में प्रदेश के 64 जनपदों की 381 हॉस्पिटल फार्मेसियों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में आयुक्त, एफएसडीए के एक अक्टूबर 2026 के आदेश का अनुपालन नहीं मिला। जांच के दौरान फार्मेसियों की वेबसाइट का यूआरएल भी नहीं मिला, जबकि आदेश के तहत इसे काउंटर पर प्रमुखता से प्रदर्शित करना अनिवार्य है। इस पर औषधि निरीक्षकों ने संबंधित फार्मेसियों को सख्त निर्देश के साथ नोटिस जारी किया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि संबंधित हॉस्पिटल फार्मेसियों को औषधि निरीक्षक को दवाओं की खरीद और बिक्री की कीमत की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। ऐसा न करने पर संबंधित फार्मेसी का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिन फार्मेसियों ने एक अक्टूबर के आदेश का पालन नहीं किया था, उन्हें औषधि निरीक्षकों ने मौके पर ही सख्त नोटिस थमाया। इसमें साफ कहा गया है कि निरीक्षण में पाया गया कि आदेश का पालन नहीं हुआ है। इसलिए फार्मेसी संचालकों को सात दिन के भीतर वे सभी दस्तावेज और जानकारियां उपलब्ध करानी होंगी, जो आयुक्त के आदेश में बताए गए प्रारूप में मांगी गई हैं। निर्देश में चेतावनी भी दी गई है कि अगर तय समय में जानकारी नहीं दी गई तो ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की धारा 22(1)(डी) के तहत संबंधित फार्मेसी में दवाओं की बिक्री पर रोक लगा दी जाएगी। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक आदेश का पूरा पालन नहीं हो जाता।
यह विशेष अभियान चार दिसंबर 2026 तक चलेगा। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन रोशन जैकब ने सभी सहायक आयुक्त (औषधि) और औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जनपदों में संचालित सभी हॉस्पिटल फार्मेसियों का निरीक्षण करें। अभियान का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों में दवाओं की कीमतों को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करना और मरीजों को यह जानकारी उपलब्ध कराना है कि फार्मेसी दवाएं किस कीमत पर खरीद रही है और मरीजों को किस कीमत पर बेच रही है।
विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस पहल का मकसद दवाओं की कीमत तय करना या अस्पताल फार्मेसियों के मार्जिन पर कोई सीमा लगाना नहीं है। व्यवस्था पूरी तरह सेल्फ-डिस्क्लोजर यानी स्व-प्रकटीकरण पर आधारित है, ताकि मरीज और उनके परिजन दवाओं के वास्तविक खरीद मूल्य और बिक्री मूल्य को समझकर सोच-समझकर निर्णय ले सकें। विभाग का फोकस विशेष रूप से उन अस्पताल फार्मेसियों पर है, जहां भर्ती मरीजों के पास दवाएं खरीदने का व्यावहारिक विकल्प सीमित या उपलब्ध नहीं होता।
आयुक्त, एफएसडीए की ओर से एक अक्टूबर 2026 को जारी आदेश में ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर-2013 का उल्लेख करते हुए कहा गया था कि प्रत्येक रिटेलर और डीलर को निर्माता या आयातक की ओर से उपलब्ध कराई गई मूल्य सूची अपने कारोबार स्थल पर ऐसी प्रमुख जगह पर प्रदर्शित करनी होगी, जहां कोई भी इच्छुक व्यक्ति उसे आसानी से देख सके। इसके तहत सभी फार्मेसियों को अपनी सार्वजनिक वेबसाइट तैयार करनी थी, जिस पर फार्मेसी का नाम, लाइसेंस संख्या, लाइसेंसधारक का नाम और परिसर का पता प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया। साथ ही नियुक्त फार्मासिस्ट का नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या, फोटो और साप्ताहिक स्टॉक का विवरण भी सार्वजनिक करना होगा। वेबसाइट को नियमित रूप से अपडेट करना और उसका यूआरएल काउंटर पर प्रमुखता से प्रदर्शित करना भी अनिवार्य किया गया है। ग्राहकों की सुविधा के लिए वेबसाइट का लिंक ऐप अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश भी हैं। निरीक्षण के दौरान यही यूआरएल फार्मेसियों में नहीं मिला। दवाओं के प्राइस टू रिटेलर (पीटीआर) और प्राइस टू कंज्यूमर (पीटीसी) सार्वजनिक करने का विशेष प्रावधान अस्पताल परिसर में संचालित, या अस्पताल के इन-पेशेंट मरीजों के लिए संचालित उन फार्मेसियों पर लागू है, जहां मरीजों के पास दवाएं और मेडिकल डिवाइस खरीदने का व्यावहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं होता। एफएसडीए की पूर्व की प्रवर्तन कार्रवाइयों में सामने आया था कि कुछ दवाएं निर्माता, मार्केटर और स्टॉकिस्ट की ओर से अस्पताल फार्मेसियों को एमआरपी से काफी कम कीमत पर दी जा रही हैं, लेकिन इस छूट का लाभ मरीजों तक पहुंचने की स्थिति स्पष्ट नहीं थी।

सपा कार्यालय पर मनाया गया संविधान दिवस, बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि



समृद्धि न्यूज,शाहजहांपुर।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार गुरुवार को बिजलीपुरा स्थित सपा जिला कार्यालय पर संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सभी ने देश के संविधान को बचाने का संकल्प लिया। तनवीर खान ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था, जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। इसका श्रेय बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को जाता है। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी व अखिलेश यादव लगातार संघर्ष कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप पांडे, प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, विजय सिंह, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सय्यद रिजवान अहमद, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा, पिंटू यादव, लखन प्रताप सिंह, कमल किशोर कठेरिया, गोपाल अग्निहोत्री, जिला उपाध्यक्ष असलम खान, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, छात्र सभा जिलाध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया, युवजन सभा जिलाध्यक्ष आकाश यादव सहित बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वामी विवेकानंद पब्लिक लाइब्रेरी में मनाया गया संविधान दिवस

शाहजहांपुर। स्वामी विवेकानन्द पब्लिक लाइब्रेरी हनुमतधाम पर संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पुस्तकालय में उपलब्ध मूल संविधान के सुलेख (हिन्दी संस्करण) की प्रति लाइब्रेरी के सदस्यों एवम् समस्त स्टाफ के मध्य प्रदर्शित की गई।

कार्यक्रम में हनुमतधाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने संविधान दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारत के वर्तमान संविधान को अंगीकार किया गया था तथा 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। इसी कारण प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि पुस्तकालय में उपलब्ध संविधान के प्रत्येक पृष्ठ पर सुनहरा बॉर्डर है तथा मुख्य भागों के प्रारंभ पर भारत की संस्कृति एवं सभ्यता से संबंधित चित्र भी अंकित हैं। संविधान की इस प्रति के अंत में संविधान सभा के सदस्यों के मूल हस्ताक्षर भी मौजूद हैं। पुस्तकालयाध्यक्ष शिवानी अरोरा ने संविधान



दिवस पर अपने विचार रखे व संविधान के प्रति सदस्यों को जागरूक किया, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो और अपने संविधान के प्रति आदर भाव रखें।

इस अवसर पर लाइब्रेरी में चन्द्रशेखर खन्ना, विनोद अग्रवाल, शिवानी अरोरा, अनुज राजपूत, सुमन राठौर, सौरभ, नीतेश, आकाश, आकाश गिरी, अनुज सक्सेना, अदिति, गुलफाम, नेहा कुमारी, मोनाली टंडन आदि उपस्थित रहें।

एमए और जीएम पब्लिक स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस, निकाली जागरूकता रैली

सिंधौली, शाहजहांपुर। क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित एमए पब्लिक स्कूल में गुरुवार को संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, बल्कि हमारे अधिकारों, समानता और सुनहरे भविष्य की बुनियाद है। राष्ट्रीय संविधान दिवस पर हम उन नैतिक मूल्यों को नमन करते हैं, जिन्होंने भारत को दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्रों में स्थान दिलाया है।



वहीं, जीएम पब्लिक स्कूल में शिक्षक कृष्ण पाल के नेतृत्व में संविधान दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के बाद विद्यालय परिसर में बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान देश और देश के नागरिकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें नागरिकों के मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों को भी परिभाषित किया गया है।

संविधान हमें स्वतंत्रता, समानता, एकता और बंधुत्व की भावना के साथ आगे ब?ने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर इरम मंसूरी, सोनम मिश्रा, आसना चैहान, रुचि सिंह, अनामिका सिंह, निदा अंसारी, अंजलि पाल, उमा वर्मा, रीता चैहान, पल्लवी राठौर, ज्योति यादव, शोएब खान, बृजेश कुमार, करुणा शंकर पांडे, तारा कादरी और शिवम वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

पुरस्कार पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

खुटार, शाहजहांपुर। नगर के गोल्डन फ्लॉवर पब्लिक स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का गुरुवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। समारोह के दौरान विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार मिलने पर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। खेल समारोह का शुभारंभ थाना प्रभारी लोकेंद्र कुमार त्यागी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा मशाल जलाकर किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। समारोह के अंतिम दिन विद्यालय के संस्थापक निर्मल सिंह ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता और बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को प?ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अपनी प्रतिभा निखारनी चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक हरदेव सिंह सिद्धू, निदेशक डॉ. नवदीप सिंह सिद्धू, प्रधानाचार्य राजकुमार साहू, उप प्रधानाचार्या ममता राजपूत समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ पांच दिवसीय खेल समारोह का समापन किया गया।

पदाधिकारियों का चुनाव 15 दिसंबर को

बंडा, शाहजहांपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राष्ट्रीय आजाद पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी कमेटी के पदाधिकारियों का गठन कराने हेतु 15 दिसंबर को चुनाव कराया जाएगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर लाल सरोज ने बताया कि कस्बे के कुंवर पर रोड स्थित कार्यालय पर 15 दिसंबर को पदाधिकारियों के गठन हेतु मतदान कराया गया जाएगा। जिसमें पार्टी के आजीवन सदस्य ही भाग लेंगे। चुनाव में अन्य व्यक्तियों की वरीयता नहीं होगी 11 और 12 दिसंबर को नामांकन कराया जाएगा। 13 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उसी दिन नाम वापसी व चुनाव चिन्ह आवंटित कराए जाएंगे।

सिंचाई बन्धु बैठक आज

शाहजहांपुर। सिंचाई बन्धु बैठक आज शुक्रवार को दोपहर 12 बजे निरीक्षण भवन शारदा नहर खण्ड बाईबाग पुवायां रोड में होगी। अध्यक्षता उपाध्यक्ष सिंचाई बन्धु अमरजीत सिंह करेंगे। उक्त बैठक में नहरों ,नलकूपों से सिंचाई के सम्बन्ध में एजेण्डानुसार समीक्षा की जाएगी। जानकारी शारदा नहर खंड अधिशासी अभियंता सुनील कुमार भास्कर ने दी।

प्रशासनिक अधिकारी की माता का निधन, कलेक्ट्रेट में शोकसभा

शाहजहांपुर। प्रशासनिक अधिकारी योगेश अग्रवाल की माता का लंबी बीमारी के चलते बीते दिन निधन हो गया। निधन पर कलेक्ट्रेट में शोकसभा आयोजित की गई। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए इस दुःख की घ?ी में उन्हें धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की गई।

शिवनगर से शीशम के पे? की लक?ी गायब होने की शिकायत पर वन विभाग ने की जांच

सिंधौली, शाहजहांपुर। शिवनगर गांव में विगत महीने शीशम के पे? की लकड़ी गायब होने के मामले में ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिलाधिकारी से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के बाद वन विभाग के बीट दरोगा वीरेंद्र कुमार गंगवार ने गांव पहुंचकर मामले की जानकारी जुटाई और ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। इस दौरान शिवनगर निवासी चंद्रप्रकाश सहित अन्य ग्रामीणों ने अपने बयान दर्ज कराए। ग्रामीणों का आरोप है कि शीशम के पे? की दो मोटी बोट (लक?ी के ब? टुक?) गायब हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के बयान दर्ज कर मामले की जांच की। ग्रामीणों को अब वन विभाग की कार्रवाई का इंतजार है।

ड्रिंक एण्ड ड्राइव में 2 वाहनों के चालान



समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

शाहजहांपुर। जिले में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 16 से 30 नवम्बर तक आयोजित कराया जा रहा है। इसी क्रम में एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम द्वारा जनपद के विभिन्न टैक्सी,आटो रिक्शा, बस यूनियन पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में सुरक्षित यातायात संचालन को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त ड्रिंक एण्ड ड्राइव में 2 वाहनों के चालान,अन्य अभियोगों में 58 वाहनों के चालान किए गये। परिवहन विभाग द्वारा जनता से अपील की गई कि नियमानुसार ही वाहन का संचालन करें।

अलग-अलग सड़क हादसों में चार घायल, तीन जिला अस्पताल रेफर

समृद्धि न्यूज,तिलहर-शाहजहांपुर।

तीन अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर तीन को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को कटरा क्षेत्र के ग्राम शिवदासपुर निवासी 18 वर्षीय अफजल अपनी 16 वर्षीय बहन जीनत के साथ बाइक से शाहजहांपुर जा रहे थे। इस दौरान बाईपास ओवरब्रिज पर अचानक सामने कुत्ता आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिसमें दोनों घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना में मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय रजनीश बाइक से जैतीपुर से अपने घर लौट रहे थे।

रास्ते में अचानक सामने कुत्ता आ जाने से वह बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।तीसरी घटना में ग्राम बड़ेपुर निवासी 32 वर्षीय मीरा अपने पति के साथ मोपेड से शाहजहांपुर से घर लौट रही थीं। इसी दौरान पूर्वी तिराहे के पास एक पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी जिससे मीरा गंभीर रूप से घायल हो गई।

सभी घायलों को सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर जीनत रजनीश और मीरा को गंभीरावस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि अफजल को उपचार देकर छुट्टी दे दी गई।

प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क शिक्षा पाने का कानूनी हकः सचिव

समृद्धि न्यूज,शाहजहांपुर।

प्रभारी जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में सभी न्यायिक अधिकारियो, कर्मचारियों को जनपद न्यायालय प्रागंण में संविधान दिवस के अवसर पर बताया गया कि भारत में हर वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है।

इसी दिन वर्ष 1949 में संविधान सभा ने भारतीय संविधान को औपचारिक रूप से अंगीकृत किया था, जोटि बाद में 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। जनपद न्यायाधीश द्वारा साथ न्यायिक अधिकारियो, कर्मचारियों के साथ मिलकर संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। भारतीय संविधान में उल्लिखित मौलिक कर्तव्यों की शपथ भी दिलाई गयी।तत्पश्चात सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपेक्षा सिंह ने तक्षशिला पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों को शिक्षा का अधिकार के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय संविधान का एक मौलिक अधिकार है, जिसके तहत 6 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क और अनिवार्य प्रारंभिक शिक्षा पाने का कानूनी हक दिया गया है।

सचिव द्वारा बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया कि शिक्षा व्यक्ति के मानसिक, सामाजिक और आर्थिक विकास की सबसे मजबूत नींव है। जो हमें सही और गलत की पहचान करने, आत्मनिर्भर बनने और एक बेहतर समाज का निर्माण करने में समक्ष बनाती है। इसलिये शिक्षा ग्रहण करना बहुत जरूरी है।

सचिव ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अध्यापक के साथ मिलकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराया। संविधान के उद्देश्य के बारे में बताया कि नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों न्याय, स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व के प्रति जागरूकता ब?ाना है।

सरकारी, सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त निजी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक स्कूलों में उपरोक्त विषय के संबंध में संविधान संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को संविधान दिवस की प्रस्तावना का पाठन किया गया।

मां के साथ दोनों बेटों को डंडो से पीटा,रिपोर्ट दर्ज

बंडा, शाहजहांपुर। तीन लोगों ने मिलकर लाठी डंडों से मां बेटों को पीट कर घायल कर दिया। मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव तेंदुआ नगरिया के अशोक कुमार की पत्नी कविता देवी ने पुलिस को बताया कि मंगलवार 3 बजे गांव के बाबूराम की पत्नी मुन्नी देवी ने उनके पुत्र अक्षय कुमार को रोक लिया और गालियां देने लगी, विरोध करने पर मुन्नी देवी के साथ उनके पुत्र हिमांशु, दिवांशु और हिमांशु की पत्नी ने लाठी डंडों से अक्षय कुमार को पीटने लगे। बचाने पर दूसरे पुत्र अजय कुमार को भी पीटा। मारपीट में पी?त मां और उसके दोनों पुत्रों के काफी चोटें आई है। थाना प्रभारी ने बताया रिपोर्ट दर्ज हो गई है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

कटरा-बीसलपुर मार्ग पर सड़क हादसा, युवक की मौत, पत्नी गंभीर घायल



- घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने दिखाई तत्परता, खुद लेकर पहुंचे अस्पताल

समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।

थाना खुदागंज क्षेत्र के कटरा-बीसलपुर मार्ग पर ग्राम फत्तेपुर के पास मंगलवार शाम सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मानवीय संवेदनशीलता व तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में जुट गए।

जानकारी के अनुसार, ग्राम लखौहा थाना तिलहर निवासी रामकिशन (करीब 30 वर्ष) अपनी पत्नी लता के साथ बाइक से ससुराल ग्राम कंचनपुर, थाना खुदागंज जा रहे थे।

मंगलवार शाम करीब 6 15 बजे ग्राम फत्तेपुर के पास दोनों हादसे का शिकार हो गए। घटना की सूचना पीआरवी 6017 को मिली, जिसके बाद थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहां रामकिशन और उनकी पत्नी लता गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े थे।

संबंध विच्छेद

मैंने व मेरी पत्नी सुनीता ने अपने पुत्र लोकेश कुमार व उसकी पत्नी वन्दना को गलत व्यवहार के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरे व मेरे परिवार से कोई लेना देना नही होगा।

सुरेश कुमार पुत्र श्रीराम नि.ग्रा. कहमारा, पर. व तह. पुवायां, शाहजहांपुर।

सूचना

मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाणपत्र में गलती से साध्वी गुप्ता जन्मतिथि 28.01.2025 दर्ज हो गया है। जबकि सही नाम श्रीनिधि गुप्ता है। भविष्य में पुत्री को श्रीनिधि गुप्ता के नाम से जाना और पहचाना जाए।

मनुज वैश्य पुत्र अरुण कुमार वैश्य, नि.मो. कसभरा आढ़त, पुवायां, जिला- शाहजहांपुर।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरोजनी देवी आर्य बालिका इण्टर कॉलेज गुरसहायगंज, कन्नौज की प्रबन्ध समिति का नवीन निर्वाचन आगामी दिनांक 30 नवम्बर 2026 समय सायं 04:00 बजे सम्पन्न होगा।

(प्रमोद कुमार भार्गव)
प्रबन्धक

खीरी में उत्साह, उल्लास और उमंग से मना संविधान दिवस

- कलेक्ट्रेट में हुआ भव्य कार्यक्रम, बड़ी संख्या में कार्मिक हुए शामिल
- डीएम की अध्यक्षता में अधिकारी-कार्मिकों ने किया उद्देशिका का पाठन

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी ।



लखीमपुर खीरी ।

गुरुवार को खीरी में उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस पर डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में संविधान की आत्मा उद्देशिका का पाठन किया गया।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को संविधान हमारे देश में लागू हुआ, लेकिन संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर, 1949 को ही संविधान अंगीकृत कर लिया गया था। संविधान की महत्ता एवं कर्तव्य बोध समझाने के उद्देश्य से व्यापकता के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आइए, राष्ट्रहित और लोकहित के दृष्टिगत हम सभी अपने संविधान के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लें। इस कार्यक्रम में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) बृजेश कुमार त्रिपाठी, एडीएम न्यायिक ब्रजपाल सिंह, एसओसी संजय आनंद, डीएसओ सीमा त्रिपाठी, डीपीओ भारत प्रसाद, लव कुश भार्गव, प्रशासनिक अधिकारी सुरेश वर्मा, मो. सलीम, सुधीर सोनी सहित बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक शामिल हुए।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय एक में स्व-गणना जागरूकता प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



स्व-गणना के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं प्रक्रिया की जानकारी देने के उद्देश्य से पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक कैंट में जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में एडीएम वित्त अरविंद कुमार की उपस्थिति में राज्य मास्टर ट्रेनर अनूप कुमार वर्णवाल, जिला फील्ड ट्रेनर मुकेश कुमार, फील्ड ट्रेनर मृदुल श्रीवास्तव ने विद्यालय अधिकारियों,शिक्षकों को स्व-गणना की प्रक्रिया, इसके महत्व तथा ऑनलाइन माध्यम से स्वयं एवं अपने परिवार की जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य महेश गुप्ता, उपप्राचार्य जगवीर सिंह ,द्वितीय पाली उप-प्राचार्य राकेश कुमार उपस्थित रहे।एडीएम वित्त ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों, कर्मचारियों से स्व-गणना अभियान में सक्रिय सहभागिता करने तथा विद्यार्थियों के अभिभावकों एवं आम नागरिकों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। प्रशिक्षकों ने बताया कि स्व-गणना नागरिकों को जनगणना प्रक्रिया में सीधे भागीदारी का अवसर प्रदान करती है। इसके माध्यम से नागरिक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्वयं अपनी एवं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान स्व-गणना से संबंधित तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारियाँ साझा की गई तथा प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

श्याम भजनों पर रातभर झूमे श्रद्धालु, फूलों की होली ने बंधा समां

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

- देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां बनीं आकर्षण, दो गरीब कन्याओं का हुआ विवाह

खुटार, शाहजहांपुर। नगर के मां पंथवारी रोड पर बुधवार रात श्री श्याम परिवार खुटार की ओर से आयोजित संकीर्तन महोत्सव में भक्ति और उल्लास का अनूठा नजारा देखने को मिला। देर रात तक चले भजन-कीर्तन में श्रद्धालु बाबा श्याम की भक्ति में सराबोर होकर झूमते रहे। कार्यक्रम में मनमोहक झांकियों, फूलों की होली और दो गरीब कन्याओं के विवाह ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धालुओं ने बाबा की पावन ज्योति के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना के साथ किया। शक्ति म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने एक से ब?कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

वृंदावन से आए प्रेमानंद जी महाराज के शिष्य अमन मिश्री जी महाराज ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उनके भजनों पर पंडाल में मौजूद भक्त तालियां बजाते हुए नाचते-झूमते नजर आए। शाहजहांपुर से आए झांकी ग्रुप के कलाकारों ने देवी-देवताओं के विभिन्न स्वरूपों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। भगवान श्रीकृष्ण का गोपिकाओं के साथ नृत्य श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहा। किशोरी कनिष्का ने भी मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तिमय माहौल बनाया। इसके बाद आयोजित फूलों की होली में श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे पर फूल बरसाकर उत्सव का आनंद लिया। संकीर्तन महोत्सव के दौरान श्री श्याम परिवार की ओर से दो जरूरतमंद कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया। खुटार के मोहल्ला कोट (नौगवां) निवासी रामनिवास की पुत्री सुनैना का विवाह लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के झकरा पिपरिया कसान गांव निवासी रियुती के पुत्र संजय के साथ कराया गया। वहीं, खुटार थाना क्षेत्र के सरेली गांव निवासी संजीव कुमार श्रीवास्तव की पुत्री रचना देवी का विवाह लखीमपुर खीरी के मैलानी थाना क्षेत्र के महुरेना गांव निवासी प्रिंस के साथ संपन्न हुआ। इस सामाजिक पहल की श्रद्धालुओं ने सराहना की। गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से हवन-पूजन कराया गया। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव के समापन पर बाबा श्याम की पावन ज्योति को राजस्थान स्थित खाटू धाम के लिए रवाना किया गया। आयोजन के दौरान श्री श्याम परिवार के सेवादार व्यवस्थाओं में जुटे रहे। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी तैनात रहा।

72 घंटे की मोहलत के बाद

नगर निगम की अतिक्रमणकारियों को अंतिम चेतावनी

- रोजा मुख्य चैराहे से मालगोदाम तक स ?क निर्माण में बाधा बने कब्जे हटाने के निर्देश, कार्रवाई का खर्च भी अतिक्रमणकारियों से वसूलेगा नगर निगम



समृद्धि न्यूज, रोजा,शाहजहांपुर।

रोजा मुख्य चैराहे से मालगोदाम तक प्रस्तावित सड़क निर्माण में बाधा बने अतिक्रमण को लेकर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। 72 घंटे की मोहलत, मुनादी और नोटिस चस्पा कराने के बाद गुरुवार को नगर निगम की टीम ने दोबारा मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानदारों और भवन स्वामियों को अंतिम चेतावनी देते हुए स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। नगर निगम की ओर से पहले ही संबंधित लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया गया था। मोहलत पूरी होने के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि संबंधित लोगों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाया तो नगर निगम अभियान चलाकर अवैध कब्जे हटवाएगा। कार्रवाई में आने वाला खर्च और हर्जाना भी संबंधित अतिक्रमणकारियों से वसूल किया जाएगा। नगर निगम की सक्रियता से रोजा अड्डे से मालगोदाम तक स?क चै?ीकरण और निर्माण कार्य की राह में बाधा बने अतिक्रमण को लेकर हलचल तेज हो गई है। अधिकारियों के अनुसार, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जल्द शुरू की जाएगी। अब नगर निगम की चेतावनी के बाद संबंधित लोग स्वयं अतिक्रमण हटाते हैं या प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ती है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।

आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर नारी वंदन अधिनियम से विकसित भारत संकल्प विषय पर एक विचार गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुरचना त्रिवेदी द्वारा की गई। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर भावेश कुमार मिश्र के संयोजकत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विचार गोष्ठी में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भारतीय लोकतंत्र और विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। इस प्रतियोगिता में ईशा मिश्रा (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, जोया फात्मा (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने द्वितीय स्थान तथा महक अवस्थी (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त मीनाक्षी मिश्रा, मुस्कान एवं अंजलि ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रो. सुरचना त्रिवेदी ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक मील का पत्थर है, जो महिलाओं को नीति-निर्माण के केंद्र में लाकर उन्हें वास्तविक सशक्तीकरण प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जब देश की आधी आबादी नेतृत्व की भूमिका में आएगी, तभी श्विकसित भारतश् का सपना साकार होगा।

प्राचार्य ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रति जागरूक रहते हुए अपने मौलिक कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें और समाज में सकारात्मक बदलाव की वाहक बनें। अंत में कार्यक्रम के संयोजक भावेश कुमार मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रही।

रामलीला में लक्ष्मण बने संतराम की मौत, परिवार ने चिकित्सक पर लगाया

- रामलीला में लक्ष्मण का किरदार निभाने वाले संतराम के निधन से गांव में शोक, पत्नी और छह बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल

रोजा,शाहजहांपुर। रामलीला के मंच पर लक्ष्मण का किरदार निभाकर लोगों का मनोरंजन करने वाले 50 वर्षीय संतराम यादव की जिंदगी अचानक थम गई। बीमारी से जूझ रहे संतराम की गुरुवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई।

परिजनों ने गांव के चिकित्सक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। आरोप के बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। थाना रोजा क्षेत्र के सरही गांव निवासी संतराम यादव पिछले माह से बीमार चल रहे थे। बुधवार रात अचानक उनकी तबीयत बिग?ने पर परिजन गांव के ही चिकित्सक के पास उपचार कराने ले गए। परिजनों के मुताबिक, उपचार के दौरान चिकित्सक ने इंजेक्शन लगाया, जिसके बाद संतराम की हालत और बिग? गई। गुरुवार सुबह उन्होंने दम तो? दिया। संतराम की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सक पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। मामले की जानकारी मिलने पर रोजा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस को मामले में कोई लिखित तहरीर नहीं मिली है। संतराम यादव रामलीला में लक्ष्मण की भूमिका निभाते थे। मंच पर लक्ष्मण बनकर लोगों के बीच अपनी पहचान बनाने वाले संतराम के अचानक चले जाने से गांव में शोक का माहौल है। उनके परिवार पर दुखों का पहा? टूट प?ा है। पत्नी सोनकली, चार बेटों और दो बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के लोगों की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि परिजनों के आरोप के बाद मौत का कारण स्पष्ट करने के लिए शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। रिपोर्ट आने और तहरीर मिलने पर मामले में नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

नियमित अभ्यास करके बन सकते हैं उत्कृष्ट खिलाड़ीः सलोना कुशवाहा

समृद्धि न्यूज, निगोही, शाहजहांपुर।



विकास क्षेत्र निगोही में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए विधायक ने कहा कि खेलकूद में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए नियमित अभ्यास करते रहना अत्यंत आवश्यक है।सभी खिला?ी मेहनत करते हुए जिला स्तर पर निगोही ब्लॉक को चैंपियन ट्रॉफी दिलाएं।

उच्च प्राथमिक विद्यालय ढकिया तिवारी के खेल मैदान में आयोजित की गई खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक की आठों न्याय पंचायत के प्राथमिक स्तर एवं जूनियर स्तर के बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर 50 मी.बालिका वर्ग की दौ? की शुरुआत कराई जिसमें प्रिया प्रथम, खुशी द्वितीय एवं कीर्ति तृतीय स्थान पर रहीं।प्राथमिक स्तर 100 मी. बालक वर्ग में सुधांशु तथा बालिका वर्ग में प्रिया ने स्वर्ण पदक जीता।200 मी. बालक वर्ग में अनीस तथा बालिका वर्ग में खुशी ने स्वर्ण पदक जीता।कबड्डी बालक वर्ग में न्याय पंचायत निगोही विजेता एवं अजमतपुर उपविजेता रहा तथा कबड्डी बालिका वर्ग में निगोही के बच्चे विजेता तथा अजमतपुर के बच्चे उपविजेता रहे।

जूनियर स्तर में 100 मी.बालिका वर्ग में पूजा प्रथम, निशा द्वितीय एवं काजल तृतीय स्थान पर रहीं एवं बालक वर्ग में दिव्यांश प्रथम, दिव्यांश द्वितीय एवं अनिकेत तृतीय स्थान पर रहे।200 मी. बालक वर्ग में अनुज एवं बालिका वर्ग में सीमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।800 मी . बालक वर्ग में अनुज एवं 600 मी.बालिका वर्ग वैष्णवी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।कबड्डी बालक वर्ग में न्याय पंचायत सन्डा खास विजेता एवं अजमतपुर उपविजेता रहा तथा कबड्डी बालिका वर्ग में अजीजपुर के बच्चे विजेता तथा संडा खास के बच्चे उपविजेता रहे।खो-खो बालक वर्ग में न्याय पंचायत सन्डा खास विजेता एवं अजमतपुर उपविजेता तथा बालिका वर्ग में सन्डा खास विजेता एवं अजीजपुर की टीम उपविजेता रही। खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज राम ने ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को मेडल एवं ट्रॉफी प्रदान की तथा जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह ने कहा कि जल्द ही जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होना है एवं उसके पश्चात मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन जनपद बदायूँ में होना है जिसके लिए सभी विजेता खिला?ी तैयारी में लग जाएं एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम का सफल संचालन ब्लॉक व्यायाम विनोद कुमार के द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में अवधेश कुमार, तौकीर अहमद, विनोद कुमार, अमित गुप्ता, अनिल कुमार, आलोक कुमार एवं आशीष बाजपेई शामिल रहे। प्रतियोगिताओं को संपन्न कराने में पुत्तू लाल श्रीवास्तव, सुरेश पाल कुशवाहा, संजय भारती, राजेंद्र प्रसाद, अर्चना राजपूत, अनमोल वर्मा, हिमांचल शर्मा, अंकित वर्मा, रवि वर्मा, सुरेश चंद्र वर्मा, विजेंद्र पाल, रंजना पाल, जीशान सिद्दीकी, पारस वर्मा, सत्यपाल आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

जलभराव की समस्या का समाधान करा दो...स्कूल जाने का रास्ता तो सुधरवा दो

- बिरिया कलां में जलभराव को लेकर ग्रामीण परेशान, कीच ? से निकलने को मजबूर लोग



समृद्धि न्यूज, मदनापुर, शाहजहांपुर।

मदनापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिरिया कलां का मामला है। जहां जलभराव और बदहाल रास्ते की समस्याओं से ग्रामीण परेशान हैं। गांव के प्राथमिक विद्यालय से आंगनबा?ी केंद्र तक करीब 100 मीटर रास्ते पर वर्षों से जलभराव की समस्या बनी हुई है। रास्ते में कीच? और गंदा पानी भरा होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना प? रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस रास्ते से बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और रिश्तेदारों को गुजरना पड़ता है। कई बार कीच? में फिसलकर लोग चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों द्वारा आरोप है कि गांव में तैनात सफाई कर्मचारी नियमित रूप से सफाई करने नहीं आता।

उसकी जगह गांव का सुरेश नामक चैकीदार महीने में एक-दो बार आकर केवल खानापूर्ति कर देता है। ग्रामीणों के मुताबिक नालियों में जलभराव के कारण गंदगी फैल रही है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। वहीं, रास्ते की हालत भी पूरी तरह जर्जर और गड्ढायुक्त हो चुकी है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने 26 नवंबर 2026 को खंड विकास अधिकारी के नाम शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने, नालियों की सफाई और रास्ते की मरम्मत कराने की मांग उठाई है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीणों की इस वर्षों पुरानी समस्या पर कब तक संज्ञान लेते हैं।

फाइलेरिया उन्मूलन के प्रति जागरूकता के लिए एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली

शाहजहांपुर। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 25 यूपी एनसीसी बटालियन, शाहजहांपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अवनीत सिंह कपूर के निर्देशन में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की 3/25 यूपी एनसीसी कम्पनी द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से आमजन को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक किया गया तथा इसके बचाव, रोकथाम और उन्मूलन के लिए सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया। जिला अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनरल फिजिशियन डॉ. सुप्रिया मिश्रा ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए फाइलेरिया रोग के कारणों, लक्षणों, बचाव के उपायों तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे उन्मूलन अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कैडेट्स से स्वयं जागरूक रहने के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी इस बीमारी के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस जागरूकता रैली में विश्वविद्यालय के 34 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ आलोक कुमार सिंह ने कैडेट्स को शपथ दिलाकर समाज को फाइलेरिया मुक्त बनाने हेतु सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

तीन साल चार माह के सराहनीय कार्यकाल के बाद

ईओ हृदय नारायण उपाध्याय को भावभीनी विदाई

समृद्धि न्यूज,परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।



नगर पालिका परिषद परशुरामपुरी के अधिशासी अधिकारी हृदय नारायण उपाध्याय का जनपद देवरिया की नगर पालिका बरहज में स्थानांतरण होने के उपलक्ष्य में पालिका सभागार में एक गरिमामय और भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। लगभग तीन वर्ष चार माह तक नगर के प्रशासनिक और विकासात्मक कार्यों को गति देने वाले ईओ को पालिकाध्यक्ष, सभासदों और कर्मचारियों ने नम आंखों व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी।

समारोह के दौरान पालिकाध्यक्ष शकील अहमद खान, सभासदों तथा पालिका के समस्त कर्मचारियों ने हृदय नारायण उपाध्याय का पुष्पमालाओं से भव्य माल्यार्पण किया। उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर और भव्य स्मृति चिह्न भेंट कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस अवसर पर अपने संबोधन में पालिकाध्यक्ष शकील अहमद खान ने ईओ के कार्यकाल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बीते तीन साल चार माह के अपने सेवाकाल में हृदय नारायण उपाध्याय ने बिना किसी दबाव या भेदभाव के नगर पालिका के विकास कार्यों और जनहित के मुद्दों में पूर्ण निष्ठा व सहयोग प्रदान किया।

उन्होंने कहा, ईओ साहब का कार्यकाल सदैव सराहनीय रहेगा। जिस जिम्मेदारी, पारदर्शिता और सहयोग की भावना के साथ उन्होंने नगर की सेवा की है, वह वास्तव में काबिल-ए-तारीफ है। उनके जाने से नगर पालिका को एक अनुभवी और सहयोगी अधिकारी की कमी खलेगी, लेकिन हम उनके नए कार्यक्षेत्र बरहज में सफल और दीर्घकालिक कार्यकाल की कामना करते हैं। विदाई समारोह में उपस्थित सभासदों और कर्मचारियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ईओ के मार्गदर्शन में कार्यालयी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में बड़ी सहूलियत मिली।

गौरव राघव, कौशल दीक्षित, आकाश गुप्ता, रजनीश सिंह, ठेकेदार अजय मिश्रा गोलू, लिपिक अवधेश सिंह, नितिन शर्मा, साहिल अहमद, सुशील गुप्ता, सत्यम तिवारी, सत्यम सिंह, मोइन खान, फिजा, फैज, जीशान और मुकेश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में सभासद एवं नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने उनके सुखद व सफल भविष्य की मंगलकामना की।

स्वयंसेवी संस्था पैलानी सर्वसमाज सेवा समिति सम्मानित

मिर्जापुर,शाहजहांपुर। पशुपालन विभाग की ओर से राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मिर्जापुर ब्लॉक की स्वयंसेवी संस्था पैलानी सर्वसमाज सेवा समिति के संचालक रिजवान अहमद सहित जिले के पांच गौआश्रय स्थलों के संचालकों को पुरस्कृत कर अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर विकास भवन सभागार में जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में नोडल अधिकारी उपनिदेशक पशुपालन विभाग लखनऊ की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के पशुपालकों, किसानों और गौशाला/डेरी संचालकों ने प्रतिभाग किया।

संविधान दिवस पर एसपी ने पुलिसकर्मियों को दिलाई शपथ

समृद्धि न्यूज, शाहेजहांपुर।



संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को एसपी सौरभ दीक्षित ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और संविधान निर्माण में उनके योगदान का स्मरण किया।

इस अवसर पर एसपी ने एएसपी, सीओ सदर सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल आदर्शों के प्रति निष्ठा बनाए रखने की शपथ दिलाई। सभी ने संविधान की गरिमा बनाए रखने, उसके आदर्शों का पालन करने तथा देश की एकता, अखंडता व संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया। एसपी ने कहा कि संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं बंधुता का अधिकार प्रदान करता है। ये आदर्श लोकतंत्र की आधारशिला हैं। पुलिसकर्मी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ करें और आमजन के अधिकारों व सम्मान की रक्षा करें।

उन्होंने कहा कि पुलिस का दायित्व केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना और समाज में न्याय व कानून के प्रति विश्वास मजबूत करना भी है। सभी पुलिसकर्मी बिना भेदभाव के प्रत्येक नागरिक को न्याय व सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहें।

खीरी में उत्साह, उल्लास और उमंग से मना संविधान दिवस

- कलेक्ट्रेट में हुआ भव्य कार्यक्रम, बड़ी संख्या में कार्मिक हुए शामिल
- डीएम की अध्यक्षता में अधिकारी-कार्मिकों ने किया उद्देशिका का पाठन



समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी ।

लखीमपुर खीरी । गुरुवार को खीरी में उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस पर डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में संविधान की आत्मा उद्देशिका का पाठन किया गया।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को संविधान हमारे देश में लागू हुआ, लेकिन संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर, 1949 को ही संविधान अंगीकृत कर लिया गया था। संविधान की महत्ता एवं कर्तव्य बोध समझाने के उद्देश्य से व्यापकता के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आइए, राष्ट्रहित और लोकहित के दृष्टिगत हम सभी अपने संविधान के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लें। इस कार्यक्रम में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) बृजेश कुमार त्रिपाठी, एडीएम न्यायिक ब्रजपाल सिंह, एसओसी संजय आनंद, डीएसओ सीमा त्रिपाठी, डीपीओ भारत प्रसाद, लव कुश भार्गव, प्रशासनिक अधिकारी सुरेश वर्मा, मो. सलीम, सुधीर सोनी सहित बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक शामिल हुए।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता लखनऊ वृत्त, लो.नि.वि लखनऊ

पत्रांक- 7421/523(2)सी-ल.वृ./2026-27 दिनांक- 21.11.2026

ई-निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय,उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता लखनऊ वृत्त,लोक निर्माण विभाग लखनऊ द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मे मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी 'ए' 'बी' एवं 'सी' (जैसा लागू हो) ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अंकलित धनराशि (रू.लाख में)	धरोहर धनराशि (रू.लाख में)	श्रेणी	निविदा शुल्क प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी जी.एस.टी. (रू.लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लखनऊ	जनपद लखनऊ में ग्राम जानकीनगर सम्पर्क मार्ग के शेष भाग के नवनिर्माण का कार्य।	118.00	7.90	'ए एवं बी'	नि. मूल्य=300 स्टे. चार्जेज=2000 जी.एस.टी.=414 कुल=2714/-	06 माह	निर्माण खण्ड-2, लो.नि.वि. लखनऊ	अधीक्षण अभियन्ता, लखनऊ वृत, लो.नि.वि. लखनऊ	मुख्य अभियन्ता (म.क्षे.), लो.नि.वि. लखनऊ

1. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें सभी करो को जोड़ते हुए तथा जी.एस.टी. को छोड़कर लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनांक 28.11.2026 की पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 05.12.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड कह जा सकती है, एवं दिनांक 05.12.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 05.12.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या-1/2018/3070/78-2-2018/42 आई.टी./2017 (22) दिनांक -03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेण्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
लखनऊ वृत,लो.नि.वि.
लखनऊ

(जे.पी. सिंह)
अधीक्षण अभिन्ता,
लखनऊ वृत,लो.नि.वि.
लखनऊ

मुट्ठी में दुनिया और छूटता हाथ!

कविता धर्माधिकारी

आज इंसान के हाथ में पूरी दुनिया है। एक छोटे से मोबाइल में हजारों किताबें हैं, लाखों जानकारियां हैं, मनोरंजन के अनगिनत साधन हैं और सात समंदर पार बैठे व्यक्ति से बात करने की सुविधा है, लेकिन एक अजीब विडंबना देखिए, दुनिया से जुड़ता जा रहा इंसान अपने ही घर में बैठे लोगों से दूर होता जा रहा है। कभी घरों में शाम होते ही रौनक हुआ करती थी। कोई दिनभर की कहानी सुनाता था, कोई अपनी परेशानी बताता था, तो कोई बिना किसी खास वजह के हंसी-मजाक कर लिया करता था। घर के आंगन में बैठकर चाय पीना भी एक उत्सव हुआ करता था। आज वही आंगन सूना है। बैठक में लोग मौजूद हैं, लेकिन सबकी दुनिया अलग-अलग मोबाइल स्क्रीन में कैद है। क्या सचमुच हमने तरक्की कर ली है या तरक्की की दौड़ में जीने का सलीका ही भूल गए हैं? आज मां अपने बेटे को आवाज लगाती है, बेटा मोबाइल में व्यस्त है। पिता अपनी बात कहना चाहते हैं, बेटी ऑनलाइन दुनिया में मशगूल है। पति-पत्नी एक ही कमरे में बैठे हैं, मगर बातचीत किसी तीसरे माध्यम से हो रही है। घर में चार लोग हैं, चार मोबाइल हैं और चारों की दुनिया अलग-अलग है। कभी बच्चे दादा-दादी से कहानियां सुनकर बड़े होते थे। आज कहानियां मोबाइल सुनाता है और दादा-दादी बच्चों का इंतजार करते रह जाते हैं। तकनीक ने हमें बहुत कुछ दिया है। इसमें कोई दो राय नहीं, शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार और संचार के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति ने जीवन आसान बनाया है, लेकिन सवाल तकनीक के विरोध का नहीं, बल्कि उसके गुलाम बन जाने का है। मोबाइल हमारा सेवक था, हमने उसे अपना मालिक बना लिया। आज सोशल मीडिया पर हजारों मित्र हैं, लेकिन मुसीबत के समय कंधा देने वाला एक मित्र ढूंढना मुश्किल हो जाता है। जन्मदिन पर सैकड़ों शुभकामनाएं आती हैं, मगर बीमारी में हाल पूछने वाले गिने-चुने लोग ही होते हैं। रिश्तों की सबसे बड़ी जरूरत समय है और आज इंसान के पास समय ही नहीं है। मां-बाप बच्चों को अच्छे स्कूल, अच्छे कपड़े और बेहतर भविष्य देने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन क्या बच्चों को सिर्फ सुविधाएं चाहिए? उन्हें माता-पिता का समय भी चाहिए। उन्हें कोई ऐसा चाहिए जो उनकी बात बिना टोके सुने, उनकी असफलता पर डांटने के बजाय उनका हौसला बढ़ाए। इसी तरह बुजुर्गों को महंगे उपहारों से ज्यादा दो पल का अपनापन चाहिए। याद रखिए, बुजुर्गों को अकेलापन उम्र नहीं, अपनों की व्यस्तता देती है। आज की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम ऑनलाइन दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बेचैन रहते हैं, लेकिन घर में किसी अपने की पुकार सुनने में देर कर देते हैं। किसी अनजान व्यक्ति की पोस्ट पर टिप्पणी करने के लिए हमारे पास समय है, मगर पिता की पुरानी कहानी सुनने के लिए समय नहीं। किसी की तस्वीर पर दिल वाला निशान लगाने में हमें एक सेकंड लगता है, मगर अपने जीवनसाथी की उदासी समझने में कई दिन लग जाते हैं। हमें लाइक की संख्या याद रहती है, लेकिन अपनों की आंखों में छिपी उदासी दिखाई नहीं देती। इसका अर्थ यह बिल्कुल नहीं कि मोबाइल छोड़ दिया जाए या तकनीक से दूरी बना ली जाए। तकनीक आज की जरूरत है और आने वाले समय की ताकत भी। जरूरत केवल इतनी है कि हम तकनीक को अपने जीवन का उद्देश्य न बना लें। बच्चों को मोबाइल देने से पहले उन्हें परिवार के साथ बैठना सिखाएं। बुजुर्गों को आधुनिकता से दूर करने के बजाय उन्हें नई तकनीक से जोड़ें। परिवार में प्रतिदिन कुछ समय ऐसा हो, जब कोई मोबाइल न हो, कोई स्क्रीन न हो, केवल बातचीत हो। सप्ताह में एक दिन परिवार के साथ बैठकर भोजन करें। बच्चों से पूछें कि उनके मन में क्या चल रहा है। माता-पिता से उनके पुराने दिनों की बात सुनें। जीवनसाथी से बिना किसी काम के बात करें। छोटी-छोटी कोशिशें ही बड़े रिश्तों को बचाती हैं। हमें यह भी समझना होगा कि आने वाली पीढ़ी हमें देखकर ही सीखेगी। यदि माता-पिता हर समय मोबाइल में व्यस्त रहेंगे तो बच्चों से मोबाइल छोड़ने की अपेक्षा कैसे करेंगे? यदि घर में बातचीत की जगह स्क्रीन ले लेगा तो बच्चों में संवेदनाएं कैसे विकसित होंगी? आज आवश्यकता डिजिटल साक्षरता के साथ भावनात्मक साक्षरता की भी है। बच्चों को यह सिखाना जरूरी है कि इंटरनेट पर सही और गलत क्या है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है कि उन्हें यह सिखाया जाए कि इंसान के दुख को कैसे समझना है, किसी की मदद कैसे करनी है और रिश्तों की कीमत कैसे पहचाननी है। याद रखिए, एक दिन ऐसा भी आएगा जब मोबाइल की बैटरी खत्म होगी, इंटरनेट बंद होगा, सोशल मीडिया पर हलचल थम जाएगी। उस समय हमारे पास कौन होगा? हजारों ऑनलाइन मित्र या वही अपने, जिन्हें हमने कभी समय दिया था? मशीनें हमारी आवाज सुन सकती हैं, लेकिन हर बार हमारा दर्द नहीं समझ सकतीं। स्क्रीन हमें मनोरंजन दे सकते हैं, लेकिन हर बार अपनापन नहीं दे सकते। दुनिया को मुट्ठी में रखना बड़ी उपलब्धि हो सकती है, लेकिन अपनों का हाथ थामे रखना उससे भी बड़ी कामयाबी है। आइए, एक संकल्प लें कि हम मोबाइल की स्क्रीन पर जिंदगी तलाशना बंद करेंगे और अपने आसपास के चेहरों पर खुशियां ढूंढेंगे। हमारी जिंदगी की सबसे खूबसूरत यादें किसी मोबाइल की गैलरी में नहीं, बल्कि अपनों के साथ बिताए गए उन पलों में होंगी, जिन्हें हमने कभी कैमरे में कैद नहीं किया। याद रखिए, नेटवर्क कमजोर होने से जिंदगी नहीं रुकती, लेकिन रिश्तों का नेटवर्क टूट जाए तो इंसान भीतर से अकेला हो जाता है।



'वंदे मातरम' पर तौबा करने वाले मजहबी ठेकेदारों से सवाल- मातृभूमि से ऊपर मजहब कैसे?



डॉ. मयंक चतुर्वेदी



श्रीनगर में वक्फ बोर्ड के एक सरकारी समारोह में 'वंदे मातरम' बजा। उपस्थित इमामों और उलेमाओं में से कुछ सम्मान प्रकट करने के लिए खड़े हुए। इसके बाद जब इस घटना के वीडियो सामने आए तो कुछ मजहबी प्रमुखों ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी और तौबा करने के साथ कलमा पढ़कर अपने ईमान की पुष्टि करने की बात कही। यह घटनाक्रम अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। आखिर हुआ क्या था? उन्होंने किसी की धार्मिक उपासना की थी या अपने देश के राष्ट्रीय गीत के सम्मान में खड़े हुए थे? क्या अपनी जन्मभूमि के प्रति सम्मान प्रकट करना भी अब ईमान के लिए खतरा बन गया है?

जरा उन लोगों से पूछिए, जिन्होंने इन मजहबी (धर्मगुरुओं) को अपने इस आचरण के लिए माफी मांगने पर विवश किया, क्या भारत उनकी मातृभूमि नहीं है? क्या वे इस देश की मिट्टी में जन्मे नहीं हैं? क्या इसी देश का अन्न खाकर उनका शरीर नहीं बना? क्या इसी देश की हवा में सांस लेकर उनका जीवन आगे नहीं बढ़ा? और सबसे बड़ा प्रश्न तो यह उपजता है कि क्या मृत्यु के बाद उनका शरीर भी इसी धरती में नहीं मिल जाएगा? फिर इतना जानने-समझने के बाद भी इस मातृभूमि के सम्मान में खड़े होने पर इतना संकट क्यों? क्या किसी राष्ट्रीय गीत के सम्मान में खड़े होने का अर्थ यह है कि व्यक्ति ने अपनी धार्मिक मान्यता बदल ली?

वास्तव में यह उस मानसिकता पर सवाल है जो कथित इस्लाम की संकीर्ण व्याख्या के सहारे राष्ट्रीय सम्मान और मजहबी आस्था को आमने-सामने खड़ा करने का प्रयास करती है।'वंदे मातरम्' को लेकर आपत्ति करने वालों को सबसे पहले इसके भाव और संदर्भ को समझना चाहिए। बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की इस कालजयी रचना के शुरुआती दो छंदों में मातृभूमि की प्राकृतिक सुंदरता, उसके जल, फल, हरियाली और शीतल हवाओं का वर्णन है। जिस देवी स्वरूप का वर्णन है, वह भी उनके हाथ, पैर ज्ञान, विज्ञान हम सभी से निर्मित लोक है। वस्तुतः यह उस धरती के प्रति कृतज्ञता और सम्मान का भाव है, जिसने मनुष्य को जीवन दिया है। निश्चित रूप से धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान होना चाहिए, पर उसके नाम पर मातृभूमि के प्रति सम्मान जताने वालों को अपराधबोध से भरना कहां तक उचित है? नहीं। किसी व्यक्ति का राष्ट्रीय गीत के सम्मान में खड़ा होना और उसके लिए बाद में उसे तौबा करने पर विवश किया जाना दो अलग-अलग विषय हैं। वतन से मोहब्बत इस्लाम के विरुद्ध कैसे है? इस्लाम की चर्चा करने वाले मजहबी उलेमाओं को यह भी याद रखना चाहिए कि मातृभूमि से प्रेम की भावना इस्लामी परंपरा से अपरिचित नहीं है। हुब्बुल वतन अर्थात वतन से प्रेम की अवधारणा मुस्लिम समाज में लंबे समय से प्रचलित है। हुब्बुल वतन मिनल ईमान पैगंबर मोहम्मद की प्रमाणित हदीस भले ही न हो, किंतु इसे एक प्रसिद्ध सूक्ति माना जाता है। पैगंबर मोहम्मद के मक्का से मदीना हिजरत करने के प्रसंग में अपनी जन्मभूमि मक्का के प्रति उनके लगाव का उल्लेख मिलता है। फिर भारत में जन्म लेने वाले मुसलमानों को अपनी जन्मभूमि से प्रेम करने और उसके सम्मान में खड़े होने में कैसी परेशानी होनी चाहिए? क्या भारत उनके लिए अपना देश नहीं है? क्या इस देश की सुरक्षा, समृद्धि और प्रतिष्ठा में उनका कोई दायित्व नहीं है? क्या उनकी संतानों का भविष्य इसी देश से नहीं जुड़ा है? इस्लाम के नाम पर मातृभूमि के सम्मान को संदेह के घेरे में खड़ा करने वालों को भारत के स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास भी पढ़ना चाहिए। अशफाक उल्ला खान जैसे क्रांतिकारियों ने भारत की स्वाधीनता के लिए फांसी का फंदा चूमा। उनके लिए देश की स्वतंत्रता किसी मजहबी पहचान से अधिक मातृभूमि के स्वाभिमान का प्रश्न थी। अनेक मुस्लिम स्वतंत्रता सेनानियों ने राष्ट्रीय एकता और स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित किया। क्या आज उनकी विरासत को भूलकर इस्लामिक मजहबी संकीर्णता को बढ़ावा देना उचित है? इस श्रीनगर की घटना का सबसे विचारणीय पक्ष यही है कि कुछ मजहबी उलैमा, मौलवी पहले राष्ट्रीय गीत के सम्मान में खड़े हुए और उसके बाद सार्वजनिक रूप से माफी मांगने तथा तौबा करने लगे। मौलाना फारूक सहित कुछ उलेमाओं ने तो वीडियो संदेश में अपनी कार्रवाई पर प्रायश्चित की बात कही और कलमा पढ़ने का उल्लेख किया। दूसरी ओर, मुत्तहिदा मजलिस-ए-उलेमा ने वक्फ बोर्ड के कार्यक्रम में गीत बजाए जाने पर आपत्ति जताई और इसे तौहीद के सिद्धांत से जोड़कर देखा। क्या इन मजहबी मौलवीयों को यह नहीं समझना चाहिए कि उनकी कही गई बात का समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। यदि वे अपनी इस्लामिक व्याख्या के माध्यम से लोगों में यह धारणा पैदा करेंगे कि राष्ट्रीय गीत के सम्मान में खड़ा होना भी गुनाह है, तो इससे धार्मिक समुदाय और राष्ट्रीय समाज के बीच अनावश्यक दूरी बढ़ेगी।

यह सच है कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 25 के अंतर्गत अंतःकरण की स्वतंत्रता और धर्म के पालन का अधिकार देता है। किसी को भी उसकी धार्मिक मान्यताओं के विरुद्ध कोई गीत गाने के लिए विवश नहीं किया जाना चाहिए।

मगर धार्मिक स्वतंत्रता का अर्थ यह भी नहीं है कि राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान को लेकर समाज में वैमनस्य पैदा किया जाए। देश के प्रति सम्मान, संविधान के प्रति निष्ठा और राष्ट्रीय एकता की भावना नागरिक जीवन के महत्वपूर्ण आधार हैं। किसी गीत को गाने और राष्ट्रगीत के सम्मान में खड़े होने के बीच अंतर है।

यह भारत है। यहां मंदिरों में आरती होती है, मस्जिदों में अजान गूंजती है, गुरुद्वारों में गुरुवाणी का पाठ होता है और ईसाई घरों में प्रार्थनाएं होती हैं। अलग-अलग धर्म, मत, पंथ, संप्रदायों और परंपराओं के बावजूद सभी की मातृभूमि एक है। यहां रहने वाले प्रत्येक नागरिक का सुख-दुख, सुरक्षा और भविष्य इस देश से जुड़ा है। फिर ऐसी धार्मिक व्याख्याओं को प्रोत्साहन क्यों दिया जाए, जो लोगों को अपनी राष्ट्रीय पहचान के प्रति असहज बनाती हैं?

ऐसे में भारत के मुसलमानों को यह समझना होगा कि मृत्यु के बाद न कोई मौलवी होगा, न ही कोई राजनीतिक पदाधिकारी। अंततः शरीर इसी मिट्टी में मिलना है। फिर इसी मिट्टी के सम्मान में खड़े होने से परहेज कैसा? अतः यह समझें कि धर्म व्यक्ति की आस्था है, मातृभूमि उसके अस्तित्व की आधारभूमि। धर्म का सम्मान कीजिए, अपनी इबादत और उपासना कीजिए, किंतु मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता को मजहबी विवाद का विषय मत बनाइए। जो धरती जन्म देती है, पालन-पोषण करती है और जीवन के बाद अपने भीतर समेट लेती है, उसके प्रति सम्मान जताना किसी धर्म (मजहब) का अपमान बिल्कुल भी नहीं जो सकता है। वास्तव में तो वंदे मातरम का भाव एक लोकतांत्रिक समाज में प्रत्येक नागरिक को कृतज्ञता के भावों से भर देने का उद्घोष है।

भारत-नेपाल संबंधः भरोसे की नई उम्मीद, चुनौतियां बरकरार

डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत और नेपाल के संबंध केवल दो पड़ोसी देशों के बीच कूटनीतिक रिश्ते नहीं हैं बल्कि सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था, सामाजिक निकटता और साझा सभ्यतागत चेतना से जुड़े हैं। हिमालय की ऊंची चोटियों से लेकर गंगा के मैदानों तक फैले इन संबंधों की अपनी विशिष्ट पहचान है। दोनों देशों के नागरिकों के बीच रोटी-बेटी के रिश्ते, खुली सीमा, धार्मिक यात्राएं और आर्थिक निर्भरता इस साझेदारी को अन्य पड़ोसी संबंधों से अलग बनाती हैं। इसके बावजूद पिछले कुछ वर्षों में सीमा विवाद, संधियों की समीक्षा, राजनीतिक अविश्वास और चीन की बढ़ती सक्रियता ने भारत-नेपाल संबंधों में कई जटिलताएं पैदा की हैं। ऐसे समय में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह की 22-23 नवंबर की पहली राजकीय भारत यात्रा को द्विपक्षीय संबंधों में नई शुरुआत के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बालेन्द्र शाह के बीच हुई बातचीत तथा %विकसित भारत और समुन्नत नेपाल% के संयुक्त दृष्टिकोण ने यह संकेत दिया है कि दोनों देश पुराने मतभेदों को पीछे छोड़कर भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप साझेदारी विकसित करना चाहते हैं। इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है कि भारत और नेपाल के संबंधों को केवल ऐतिहासिक भावनाओं के आधार पर नहीं बल्कि आर्थिक सहयोग, समान सम्मान, पारस्परिक विश्वास और व्यावहारिक परिणामों के आधार पर आगे बढ़ाना होगा। इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि 15 हजार करोड़ रुपये के विकास सहयोग पैकेज की घोषणा है। इसमें 3500 करोड़ रुपये अनुदान सहायता के रूप में नेपाल में बाढ़ के बाद पुनर्निर्माण और नई आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए दिए जाएंगे, जबकि 11,500 करोड़ रुपये ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए ऋण सुविधा के रूप में उपलब्ध कराए जाएंगे। अगस्त 2026 में आई विनाशकारी बाढ़ ने नेपाल के कई क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई थी। सड़कें, पुल, घर और आजीविका के साधन बुरी तरह प्रभावित हुए। ऐसे में भारत की आर्थिक सहायता केवल वित्तीय सहयोग नहीं बल्कि संकट के समय पड़ोसी के साथ खड़े होने का संदेश भी है। हालांकि इस सहायता की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि धनराशि समय पर उपलब्ध हो और परियोजनाएं पारदर्शिता के साथ पूरी हों।

दोनों देशों ने संबंधों को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण सहमति भी व्यक्त की है। वर्ष 1950 की शांति और मैत्री संधि सहित पुराने द्विपक्षीय समझौतों की पारस्परिक सहमति से समीक्षा कर अद्यतन कानूनी ढांचा तैयार करने की बात इस यात्रा का महत्वपूर्ण राजनीतिक पक्ष है। नेपाल में लंबे समय से यह मांग उठती रही है कि स्वतंत्रता के बाद बदल चुकी परिस्थितियों के अनुसार भारत के साथ संबंधों की कानूनी और राजनीतिक व्यवस्था का पुनर्मूल्यांकन किया जाए। नेपाल की संप्रभुता, समानता और स्वतंत्र विदेश नीति की आकांक्षाओं को समझना भारत के लिए भी आवश्यक है। किसी भी संधि का उद्देश्य दोनों देशों के हितों की रक्षा करना होना चाहिए, न कि किसी एक पक्ष में असंतोष पैदा करना। इस दिशा में आपसी सहमति से आगे बढ़ना संबंधों को नई मजबूती दे सकता है।

कनेक्टिविटी के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अयोध्या और जनकपुर के बीच सरयू-कमला एक्सप्रेस रेल सेवा की शुरुआत धार्मिक और सांस्कृतिक संबंधों को नई गति देगी। जनकपुर माता सीता की जन्मभूमि के रूप में प्रतिष्ठित है, जबकि अयोध्या भगवान श्रीराम की नगरी है। दोनों स्थानों के बीच सीधा रेल संपर्क धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ व्यापार और जनसंपर्क को भी बढ़ावा देगा। इसके अतिरिक्त भारत के धारचूला और नेपाल के दार्चुला के बीच मोटर योग्य पुल का उद्घाटन सीमावर्ती क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाएगा। नेपाल के पारगमन व्यापार के लिए कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह और पारादीप बंदरगाह तक अतिरिक्त पहुंच उपलब्ध कराने का निर्णय भी महत्वपूर्ण है। इससे नेपाल की समुद्री व्यापार के लिए भारतीय मार्गों पर निर्भरता को अधिक विकल्पों के साथ व्यवस्थित किया जा सकेगा। ऊर्जा सहयोग इस यात्रा का एक अन्य महत्वपूर्ण आयाम है। नेपाल जलविद्युत उत्पादन की अपार संभावनाओं वाला देश है, जबकि भारत को स्वच्छ ऊर्जा की बढ़ती आवश्यकता है। 669 मेगावाट की लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना की आधारशिला इस साझेदारी को नई दिशा दे सकती है। मोतिहारी-अमलेखगंज पेट्रोलियम पाइपलाइन के दूसरे चरण को भी जनता को समर्पित किया गया। इसके अतिरिक्त झापा में पेट्रोलियम टर्मिनल और सिलीगुड़ी-झापा पाइपलाइन की दिशा में आगे बढ़ने पर सहमति बनी। यदि इन परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा किया जाता है तो नेपाल की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी और भारत को भी क्षेत्रीय ऊर्जा सहयोग का लाभ मिलेगा।

शिक्षा, प्रौद्योगिकी और संस्थागत सहयोग को लेकर भी सकारात्मक पहल हुई है। नेपाल में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का अपतटीय परिसर स्थापित करने की सहमति तथा विभिन्न क्षेत्रों में आठ समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच ज्ञान और कौशल आधारित साझेदारी को आगे बढ़ाएगा। कृषि, स्वास्थ्य, अनुसंधान, प्रशासनिक प्रशिक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सहयोग से संबंधों का दायरा केवल सरकारों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि आम नागरिकों के जीवन तक पहुंचेगा। इन उपलब्धियों के बीच यह स्वीकार करना भी जरूरी है कि भारत-नेपाल संबंधों की सबसे पुरानी और संवेदनशील समस्याओं का समाधान अभी बाकी है। कालापानी, लिपुलेख और लिम्पियाधुरा को लेकर सीमा विवाद दोनों देशों के बीच अविश्वास का बड़ा कारण बना हुआ है। वर्ष 2020 में नेपाल द्वारा नया राजनीतिक नक्शा जारी किए जाने के बाद यह विवाद गहरा गया था। इन क्षेत्रों पर दोनों देशों के अलग-अलग दावे हैं। किसी भी आर्थिक समझौते या विकास परियोजना से इस ऐतिहासिक विवाद का स्वतः समाधान नहीं हो सकता। दोनों देशों को कूटनीतिक संयम के साथ तथ्यात्मक और ऐतिहासिक आधार पर बातचीत करनी होगी। नेपाल की एक अन्य चिंता भारत के साथ व्यापार असंतुलन है। नेपाल का आयात भारत से होने वाले निर्यात की तुलना में काफी अधिक है। समुद्र तक सीधी पहुंच नहीं होने के कारण नेपाल का विदेशी व्यापार भारतीय पारगमन मार्गों पर निर्भर करता है। इसलिए भारत को नेपाल के उत्पादों के लिए अपने बाजार में अधिक अवसर उपलब्ध कराने चाहिए। सीमावर्ती क्षेत्रों में निर्यातोन्मुख विशेष आर्थिक क्षेत्र विकसित करना इस दिशा में उपयोगी कदम हो सकता है। चीन का बढ़ता प्रभाव भी इस रिश्ते की एक बड़ी चुनौती है। नेपाल अपनी भौगोलिक स्थिति और आर्थिक आवश्यकताओं के कारण भारत तथा चीन दोनों के साथ संबंध बनाए रखना चाहता है। चीन द्वारा निर्मित पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस बढ़ती आर्थिक सक्रियता का उदाहरण है। भारत को नेपाल की स्वतंत्र विदेश नीति का सम्मान करते हुए यह समझना होगा कि पड़ोसी देशों के साथ संबंध भरोसे और सहयोग से मजबूत होते हैं। नेपाल को भी अपनी रणनीतिक आवश्यकताओं के बीच भारत के साथ ऐतिहासिक निकटता और पारस्परिक हितों को संतुलित रखना होगा। हवाई संपर्क का प्रश्न भी अभी पूरी तरह सुलझा नहीं है। नेपाल लंबे समय से अपने भैरहवा और पोखरा हवाई अड्डों के लिए अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय हवाई मार्गों की मांग करता रहा है। यात्रा के दौरान काठमांडू-भैरहवा-लखनऊ के मौजूदा हवाई मार्ग को दोतरफा बनाने पर सहमति बनी है लेकिन अन्य प्रस्तावों पर तकनीकी बातचीत जारी रहेगी। सुरक्षा संबंधी भारतीय चिंताओं और नेपाल की आर्थिक आवश्यकताओं के बीच व्यवहारिक संतुलन बनाना जरूरी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों देशों के बीच घोषणाओं और वास्तविक उपलब्धियों का अंतर समाप्त होना चाहिए। अतीत में अनेक परियोजनाओं की घोषणा हुई लेकिन भूमि अधिग्रहण, प्रशासनिक प्रक्रियाओं, वित्तीय बाधाओं और राजनीतिक मतभेदों के कारण वे समय पर पूरी नहीं हो सकीं। इस यात्रा में गठित उच्चस्तरीय निगरानी व्यवस्था को प्रभावी बनाकर प्रत्येक छह महीने में परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जानी चाहिए। सीमा विवाद पर विदेश सचिव स्तर की वार्ता आगे बढ़नी चाहिए और प्रबुद्ध व्यक्तियों के समूह की अप्रकाशित रिपोर्ट पर भी गंभीरता से विचार होना चाहिए। भारत के लिए नेपाल केवल एक छोटा पड़ोसी देश नहीं बल्कि दक्षिण एशिया की स्थिरता और हिमालयी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण साझेदार है। वहीं, नेपाल को भी यह समझना होगा कि भारत के साथ स्थिर और विश्वसनीय संबंध उसकी आर्थिक प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पड़ोसी बदल नहीं सकते, लेकिन उनके साथ संबंधों की गुणवत्ता अवश्य बदली जा सकती है।

क्या राहुल-अखिलेश कर पाएंगे चक दे! इंडिया

सर्वमित्रा सुरजन

फिल्म चक दे! इंडिया में प्रीति सभरवाल (सागरिका घाटगे) और कोमल चौटाला (चित्राशी रावत) टीम इंडिया की मुख्य फॉरवर्ड खिलाड़ी होती हैं और दोनों के बीच सबसे ज्यादा गोल करने की होड़ रहती है। प्रीति का क्रिकेटर मंगेतर महिला हॉकी का मखौल उड़ाता है तो प्रीति खुद को साबित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा गोल करना चाहती है, वहीं हरियाणा के एक छोटे से गांव से आने वाली कोमल को लगता है कि अगर वह ज्यादा गोल नहीं करेंगी, तो बड़े शहरों की खिलाड़ियों के बीच उनकी अनदेखी हो जाएगी। लिहाजा दोनों मैदान पर एक-दूसरे को गेंद (पास) देना बंद कर देती हैं, जिससे कई आसान गोल करने के मौके चूक जाते हैं। हालांकि एक निर्णायक मैच में कोमल को लगता है कि प्रीति की चुनौती उससे बड़ी है, तो वह आखिरी पलों में उसकी तरफ गेंद बढ़ा देती है, ताकि गोल हो, टीम को जीत मिले और प्रीति अपने मंगेतर को हॉकी की अहमियत साबित कर सके। इस बीस साल पुरानी फिल्म का यह दृश्य अभी उत्तरप्रदेश चुनाव की हलचल देखकर याद आ गया। फिल्म की तरह यहां भी टीम इंडिया के सामने आर या पार वाली स्थिति है। सामने भाजपा जैसा मजबूत प्रतिद्वंद्वी है, जिसके पास न केवल लगातार दो बार की सत्ता है, बल्कि इस समय तो पूरा का पूरा सिस्टम ही पार्टी की तिजोरी में कैद है। आज देश के मंदिरों के अलावा सबसे ज्यादा संपत्ति शायद भाजपा के घोषित-अघोषित खातों में ही है। पिछले 10-15 सालों में बाकी पार्टियों को मिलने वाली चंदे की रकम कम होती गई, लेकिन भाजपा के चंदे में कई गुना बढ़ोतरी हो गई। इन पैसों से पार्टी के केवल आलीशान दफ्तर नहीं बन रहे हैं, मीडिया को खरीदने से लेकर नैतिक-अनैतिक सारी रणनीतियों को सफल करने के लिए भी इसी पैसे को झोंका जाता है। मोदी सरकार ने चुनाव आयोग को अपनी मुट्ठी में कर लिया है, एसआईआर के बाद ही बिहार और बंगाल दोनों में भाजपा ने सरकार बना ली है। टीएमसी, एनसीपी, शिवसेना, जेडीयू जितनी भी मजबूत प्रतिद्वंद्वी क्षेत्रीय पार्टियां थीं, या तो भाजपा ने उन्हें तोड़ दिया या फिर अपने साथ मिला लिया। यह सब धन के बल पर ही हुआ है। चुनाव के वक्त भाजपा अपनी मर्जी का नैरेटिव कैसे तैयार करवाती है, यह भी साल दर साल देखा जा रहा है। ऐसा नहीं है कि समाजवादी पार्टी या कांग्रेस को यह सब नजर नहीं आ रहा होगा। बल्कि लोकसभा चुनाव से पहले जब इंडिया गठबंधन बना था, तो इसी वजह से ही बना था कि तमाम विपक्षी दलों को भाजपा का खेल साफ-साफ समझ आ रहा था। उस समय जो एकता कायम हुई थी, उसका फायदा भी मिला था। लेकिन अब प्रीति सभरवाल और कोमल चौटाला की तरह सपा और कांग्रेस फिर एक दूसरे को गेंद न देकर अकेले गोल करना चाह रहे हैं। बीते दो दिनों में कांग्रेस और सपा के बीच सीट बंटवारे को लेकर बैठकें हुईं, जिसमें अखिलेश यादव और राहुल गांधी नहीं थे, बल्कि उनकी तरफ से अन्य प्रतिनिधियों ने चर्चा की। इसमें सपा ने कांग्रेस को 403 में महज 26 सीटें देने का प्रस्ताव रखा, जबकि कांग्रेस कम से कम सौ सीटें चाहती है। उप्र जैसे बड़े राज्य में ज्यादा सीटों पर लड़ना और सरकार बनाने की महत्वाकांक्षा हर तरह से जायज है। लेकिन केवल सपना पालने से कुछ नहीं होता, उसके लिए त्रुटिरहित रणनीति बनानी पड़ती है और भावनाओं में बहे बिना सख्ती से उसका पालन भी करना होता है। यह काम दोनों दलों के शीर्ष नेता ही कर सकते हैं, क्योंकि दूसरी और तीसरी पंक्ति के नेताओं में एक अतिरिक्त महत्वाकांक्षा पहली पंक्ति में आने की भी रहती है, जिसकी वजह से वे पार्टी या गठबंधन का दूरगामी नुकसान करवाते हैं। सपा में रामगोपाल यादव और कांग्रेस में राजेंद्र पाल गौतम या इमरान मसूद जैसे नेता फिलहाल यह काम कर रहे हैं। इनकी तरफ से अनावश्यक बयानबाजी काफी नहीं थी, जो अब अखिलेश यादव की सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट भी आ गई। जिसमें वे सीट नहीं जीत को महत्वपूर्ण बता रहे हैं, सीट बंटवारा नहीं सीट समायोजन पर जोर दे रहे हैं। लेकिन सवाल ये है कि आखिर आप जो भी सोच रहे हैं या रणनीति बना रहे हैं, उसे सार्वजनिक करने की कौन सी मजबूरी थी। इधर सीट बंटवारे पर पेंच फंसा ही हुआ है और इस बीच सपा ने मंगलवार देर रात पांच सीटों के लिए अपनी पहली सूची जारी कर दी। क्या सपा थोड़ा और इंतजार नहीं कर सकती थी या फिर यह कांग्रेस पर दबाव बनाने का कोई तरीका है। अभी जो 26 सीटें कांग्रेस को प्रस्तावित की गई हैं, उनमें दो ऐसी सीटें हैं, जहां कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। चार सीटें ऐसी हैं, जहां कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही थी। बाकी 20 सीटों पर सपा का आकलन है कि कांग्रेस के लिए चुनावी संभावना हो सकती है। सपा और कांग्रेस दोनों दल अभी यही तय नहीं कर पा रहे हैं कि सीट बंटवारा किस आधार पर हो। 2024 के लोकसभा चुनाव में दोनों का गठबंधन था, और 80 में से 17 सीटों पर कांग्रेस ने चुनाव लड़ा था, छह पर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस इसे अपना मजबूत प्रदर्शन मानकर चाहती है कि कम से कम हर लोकसभा क्षेत्र में एक विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने का अवसर मिलना चाहिए। इसी आधार पर कांग्रेस करीब सौ सीटों की मांग कर रही है। लेकिन सपा 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के कमजोर प्रदर्शन को याद दिला रही है कि उस समय कांग्रेस ने 399 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, और केवल दो सीटें जीती थीं। तब पार्टी के 387 उम्मीदवार अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए थे। जबकि तब सपा ने 111 सीटें जीती थीं। इससे पहले 2017 का चुनाव दोनों दलों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। उस चुनाव में सपा को 54 और कांग्रेस को सात सीटों पर जीत मिली थी। लेकिन 2017 और 2022 दोनों बार जीत भाजपा की ही हुई थी। यही वह बड़ा सबक है जो अब सपा और कांग्रेस को याद रखना होगा कि चाहें अकेले लड़ें या साथ लड़ें, जीत तभी मिलेगी, जब अपने मुकाबले खड़ी पार्टी की असली ताकत को पहचानना होगा। और भाजपा की असली ताकत उसकी तिजोरी से होते हुए बूथ संभालने में लगे कार्यकर्ताओं और पन्ना प्रमुखों तक है। भाजपा के अदने से कार्यकर्ता को भी पता है कि उनकी पार्टी जीतने के लिए चुनाव लड़ती है और एक बार सत्ता में आ गए तो फायदा सबको मिलता है। सपा और कांग्रेस के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में यह आत्मविश्वास नहीं आ पाता, क्योंकि वे देखते हैं कि उनके बड़े नेता ही अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं हैं, उनके पास करने के लिए बातें तो बहुत हैं, लोकतंत्र और संविधान बचाने की दुहाई भी है, लेकिन उन बातों को जमीन पर कारगर करने का मंत्र नहीं है। भाजपा कितनी चतुराई से चुनावी राज्यों में काम करती है, इसका उदाहरण पंजाब में देखा जा सकता है, जहां भाजपा और अकाली दल छह साल बाद फिर साथ आ ग

खबरें एक नजर में

आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत झांसी के 40 स्थलों पर शिलान्यास एवं भूमि पूजन



झांसी। डॉ. बी.आर. आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के अंतर्गत जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों में 40 स्थलों पर मुख्यमंत्री द्वारा शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।इस अवसर पर झांसी नगर के कचहरी चौराहा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर विधान परिषद सदस्य रामतीर्थ सिंघल ने माल्यार्पण कर भूमि पूजन किया। साथ ही संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, जिला समाज कल्याण अधिकारी ललिता यादव, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सहित संबंधित अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया संविधान दिवस,



महोबा, ।संविधान दिवस के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रभाष कुमार की उपस्थिति में संविधान दिवस गरिमापूर्ण एवं श्रद्धापूर्ण ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भारतीय संविधान के महत्व, संवैधानिक मूल्यों, लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर प्रकाश डाला गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान में निहित आदर्शों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के मूल्यों को आत्मसात करने तथा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की गरिमा बनाए रखने तथा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।इस प्रकार कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान दिवस का आयोजन गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

डीएम ने हरी झंडी दिखाकर पराली प्रबंधन जागरूकता प्रचार वाहन को किया रवाना



महोबा। जनपद में पराली जलाने की प्रथा को रोकने तथा फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से संचालित पराली प्रबंधन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज जिलाधिकारी प्रभाष कुमार ने जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि फसल अवशेषों एवं पराली को खेतों में जलाना पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य तथा मिट्टी की उर्वरता के लिए अत्यंत हानिकारक है। किसानों को चाहिए कि वे पराली जलाने के बजाय आधुनिक कृषि यंत्रों एवं वैज्ञानिक विधियों के माध्यम से फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। अभियान के माध्यम से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों को पराली जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों तथा फसल अवशेषों के सदुपयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। किसानों को बताया जाएगा कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव एवं केंचुए नष्ट होते हैं तथा मिट्टी के जैविक कार्बन और पोषक तत्वों को नुकसान पहुंचता है। इससे भूमि की उर्वरता एवं जल धारण क्षमता भी प्रभावित होती है। किसानों को फसल अवशेषों से जैविक खाद तैयार करने के लाभों की जानकारी देते हुए बताया जा रहा है कि पराली को खेत में मिलाने अथवा कम्पोस्ट खाद बनाने से मिट्टी में जैविक पदार्थ एवं पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ती है। इससे मिट्टी की संरचना में सुधार होता है तथा भूमि की दीर्घकालीन उर्वरता एवं उत्पादकता बनी रहती है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, मल्चर, स्ट्रॉ रीपर सहित अन्य कृषि यंत्रों के माध्यम से फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की कि वे पराली एवं फसल अवशेषों को खेतों में कदापि न जलाएं, बल्कि उनका उपयोग जैविक खाद बनाने एवं खेतों की उर्वरता बढ़ाने में करें। पराली प्रबंधन में जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ मिट्टी और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा दें।इस अवसर पर भूमि संरक्षण इकाई एवं कृषि विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कट्टा दिखाकर छात्रा को बाइक से अगवा करने का प्रयास

महोबा। बीए की नवालिक छात्रा ने गांव के युवक पर छेड़खानी, कट्टा दिखाकर अगवा करने की कोशिश और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए छात्रा परिवार और पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद के साथ एसपी कार्यालय पहुंची। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली छात्रा ने अंशुल सिंह नाम के युवक की शिकायत करते हुए बताया कि करीब एक महीने से छह अलग-अलग मोबाइल नंबरों से वह फोन कर रहा है। फोन पर अश्लील बातें करते हुए वह जबरन शादी करने का दबाव भी बना रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी देता है। छात्रा ने बताया कि 21 नवंबर को वह छोटी बहन के साथ कॉलेज जा रही थी। बहन उसे सड़क पर छोड़कर चली गई। आरोप है कि इसी दौरान अंशुल ने उसे अकेला देखकर पकड़ लिया और छेड़खानी की। उसने कट्टा दिखाकर छात्रा को जबरन बाइक पर बैठाने की कोशिश की। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। छात्रा ने घर पहुंचकर मां को घटना की जानकारी दी। आरोप है कि इसके बाद युवक ने उसके माता-पिता को भी धमकाया। छात्रा के पिता के मुताबिक, उन्होंने 21 नवंबर को कोतवाली में शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद 24 नवंबर को स्क्को भी प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। पूर्व मंत्री दद्दू प्रसाद ने गुरुवार सुबह 10 बजे पुलिस से मुकदमा दर्ज करने, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने और अवैध असलहा बरामद करने की मांग की। वहीं, छात्रा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आरोपी को सजा दिलाने की गुहार लगाई।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए 28 और 29 नवंबर को विशेष अभियान

मतदाता जागरूकता मेले में डीएम ने छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।



विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2027 के तहत गुरुवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में मतदाता जागरूकता मेले का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने बताया कि 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा सकते हैं। नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 और विवरण में संशोधन के लिए फॉर्म-8 का प्रयोग किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि 28 और 29 नवंबर को सभी बूथों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित होंगे। पात्र नागरिक बीएलओ के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। मेले में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पोस्टर, चार्ट, चित्रकला और रंगोली के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। निबंध और क्विज प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार, एसडीएम अभिषेक कुमार, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर सोनम यादव सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

संविधान के आदर्शों पर चलने का अधिकारियों व कर्मचारियों ने लिया संकल्प

- कलेक्ट्रेट में संविधान दिवस पर उद्देशिका का सामूहिक पाठ, एडीएम ने दिलाई शपथ

समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।

संविधान दिवस पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठ किया और उसके प्रति निष्ठा की शपथ ली।=अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रिजवाना शाहिद ने कहा कि संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों को प्रशासनिक कार्यशैली में अपनाना जरूरी है। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश निगम ने कहा कि संविधान ने नागरिकों को अधिकार देने के साथ कर्तव्यों की जिम्मेदारी भी सौंपी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के साथ कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

इस मौके पर एडीएम राकेश कुमार, विजय सिंह, डिप्टी कलेक्टर पैगाम हैदर, सोनम यादव, जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

शिक्षकों की कमी से जूझ रहा सुमेरपुर आईटीआई

- 12 ट्रेडों में 415 विद्यार्थी, 50 कर्मचारियों की जरूरत; जगह के अभाव में शुरू नहीं हुई एआई की पढ़ाई

समृद्धि न्यूज, सुमेरपुर।

कस्बे के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में शिक्षकों और संसाधनों की कमी से प्रशिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

संस्थान में 12 ट्रेडों में 415 विद्यार्थी पंजीकृत हैं, जबकि प्रशिक्षण के लिए केवल 25 कर्मचारी तैनात हैं। संस्थान को करीब 50 कर्मचारियों की जरूरत है। प्रत्येक ट्रेड में दो शिक्षकों की आवश्यकता है, लेकिन फिलहाल एक-एक शिक्षक के सहारे प्रशिक्षण चल रहा है। कई ट्रेडों में एक ही शिक्षक थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ड्रेस मेकिंग ट्रेड में इस सत्र में एक भी प्रवेश नहीं हुआ है।

प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि एक अप्रैल 2026 से अब तक 234 विद्यार्थियों को रोजगार और 96 को अप्रेंटिसशिप दिलाई गई है।

संस्थान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की कक्षाएं शुरू करने की योजना है, लेकिन भवन और अलग लैब की कमी से शुरुआत नहीं हो पा रही है।

एक स्वर में गूंजी संविधान की प्रस्तावना, विद्यार्थियों ने लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।

संविधान दिवस पर एक स्वर, एक संविधान अभियान के तहत गुरुवार को जनपद के सभी विद्यालयों में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को संविधान के अधिकारों, कर्तव्यों और मूल आदर्शों के प्रति जागरूक करना रहा। इसी क्रम में सरदार पटेल इंटर कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वंदना अग्रवाल, सिविल जज अरुण यादव, अंकित पाल और कीर्ति मिश्रा मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से प्रस्तावना का पाठ किया। सचिव वंदना अग्रवाल ने कहा कि संविधान केवल अधिकारों का दस्तावेज नहीं, बल्कि नागरिकों के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का मार्गदर्शक भी है। विद्यार्थियों को न्याय, समानता, सहिष्णुता और बंधुत्व की भावना अपनाकर जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए।

कार्यक्रम जनपद न्यायाधीश राम प्यारे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस मौके पर प्रधानाचार्या स्नेहलता सचान सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

संविधान दिवस पर पुलिसकर्मियों ने ली निष्ठा की शपथ



हमीरपुर। संविधान दिवस पर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने संविधान के प्रति निष्ठा बनाए रखने, राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा करने तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का संकल्प लिया।

आंबेडकर प्रतिमा स्थलों के सौंदर्यीकरण का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

- संविधान दिवस पर हमीरपुर में विधायक और डीएम ने बाबा साहब को किया नमन

समृद्धि न्यूज, हमीरपुर।



संविधान दिवस पर लखनऊ के लोक भवन में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का गुरुवार को हमीरपुर के अंबेडकर पार्क में सजीव प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. बीआर आंबेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत सौंदर्यीकरण कार्यों का शुभारंभ किया।

इस दौरान सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति और जिलाधिकारी अशोक कुमार ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का संबोधन भी सुना। विधायक ने कहा कि संविधान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। यह प्रत्येक नागरिक को समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार देता है। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। सभी को इसकी मूल भावना का पालन करते हुए देश की एकता और सामाजिक समरसता मजबूत करनी चाहिए। इस मौके पर सीडीओ अरुण कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, भाजपा जिला महामंत्री लक्ष्मीनारायण शाहू और जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गुटखा फैक्ट्री पर छापा, ताला लगाकर भागा संचालक

समृद्धि न्यूज, सुमेरपुर।



कस्बे में बिना वैध लाइसेंस तंबाकूयुक्त गुटखा बनाने की शिकायत पर गुरुवार को खाद्य विभाग की टीम ने दो फैक्ट्रियों में छापेमारी की। कार्रवाई की भनक लगते ही एक फैक्ट्री का संचालक ताला लगाकर फरार हो गया। टीम ने नोटिस चस्पा कर फैक्ट्री सीज कर दी, जबकि दूसरी फैक्ट्री का गेट नहीं खुलने से जांच नहीं हो सकी।

सहायक खाद्य आयुक्त डॉ. गौरीशंकर ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर टीम ने जगत गुप्ता और दिनेश कुमार गुप्ता की फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की। जगत गुप्ता की फैक्ट्री पहुंचने पर महिलाओं ने पुरुष सदस्य की गैरमौजूदगी का हवाला देकर गेट खोलने से इनकार कर दिया। इसके बाद टीम नई बस्ती स्थित झंडा मैदान के पास दिनेश कुमार गुप्ता की फैक्ट्री पहुंची। वहां संचालक पहले ही ताला लगाकर जा चुका था। फोन करने पर भी उसने कॉल रिसीव नहीं की। अधिकारियों के मुताबिक, उसके पास गुटखा निर्माण का वैध लाइसेंस नहीं है। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज श्रीवास्तव और खाद्य सुरक्षा अधिकारी मृत्युंजय कुमार शामिल रहे।

श्रवण कुमार आश्रम को पर्यटन स्थल घोषित कराने की मांग को लेकर आयोजित बैठक में उमड़ा जनसमर्थन

- क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों ने दिया आश्वासन

समृद्धि न्यूज, देवरी (झाँसी)।



श्रवण कुमार आश्रम को पर्यटन स्थल घोषित कराने की मांग को लेकर आयोजित बैठक में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

कार्यक्रम में चित्रकूट धाम से संत शिरोमणि पागल दास बाबा महाराज, गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, राज्यमंत्री हरगोविंद कुशवाहा, एमएलसी आरपी निरंजन, बुंदेलखंड विकास बोर्ड के सदस्य डॉ. जगदीश चौहान सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

बैठक में क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। एमएलसी आरपी निरंजन ने बरमा और थारो के बीच रपटा निर्माण के लिए अपनी निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। वहीं धनोरा-देवरी संपर्क मार्ग का 30 नवंबर तक भूमि पूजन कराए जाने की बात कही गई।इससे पहले 21 नवंबर को जिले के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह के साथ हुई बैठक में क्षेत्रीय विकास की मांग उठाते हुए जनप्रतिनिधियों के समक्ष चुनाव बहिष्कार की चेतावनी भी दी गई थी। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने मामले का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में मजगां, जिगनी, चंदवारी, कहटा, सीकरी, गोकुल, धनोरा, थारो, धामनोद, खरवांच, ककरवई, सिया, बरुआसागर, नगर, वीरपुर सहित विभिन्न गांवों के प्रधान एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।आयोजक ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी संतों, अतिथियों, प्रधानों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास तभी संभव है, जब सभी लोग एकजुट होकर प्रयास करेंगे।

प्रभारी निरीक्षक सहित तीन उपनिरीक्षकों को दी विदाई



समृद्धि न्यूज, गुरसराय(झाँसी)।

थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार द्विवेदी सहित तीन उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। अखिलेश कुमार द्विवेदी का स्थानांतरण ललितपुर, उपनिरीक्षक अजीत कुमार का जालौन तथा उपनिरीक्षक मयंक मिश्रा का नवाबाद थाना झांसी में हुआ है।समारोह की अध्यक्षता योगेन्द्र शर्मा ने की तथा संचालन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुकदेव व्यास ने किया। इस दौरान अखिलेश कुमार द्विवेदी ने कहा कि गुरसराय में कार्यकाल के दौरान थाना स्टाफ, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं पत्रकारों का भरपूर सहयोग मिला, जिसे हमेशा याद रखेंगे। वहीं मयंक मिश्रा ने क्षेत्रवासियों से मिले स्नेह और सहयोग को अपनी अमूल्य पूंजी बताया।अंत में उपस्थित लोगों ने अधिकारियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर सतीश चौरसिया, रामनारायण पस्तोर, आत्माराम फौजी, पत्रकार अखिलेश तिवारी, सोम मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, आयुष त्रिपाठी, हरिश्चन्द नायक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

संविधान लोकतंत्र की आत्मा और राष्ट्रीय एकता का आधारः अनुराग शर्मा

समृद्धि न्यूज, झांसी।



रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में संविधान गौरव दिवस उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झांसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान देश की एकता, समानता, स्वतंत्रता, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है। यह कठिन परिस्थितियों में भी लोकतंत्र की रक्षा करता है।

सांसद ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता से बाहर होते ही कांग्रेस का संविधान प्रेम जागता है। उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहब की विरासत को सम्मान देने के लिए ठोस कार्य किए गए हैं।उन्होंने संविधान की उद्देशिका का वाचन कर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई। विद्यार्थियों से अधिकारों के साथ मौलिक कर्तव्यों का पालन करने, जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में कार्य करने और कृषि अनुसंधान के माध्यम से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में योगदान देने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. अशोक कुमार सिंह ने की। उन्होंने संविधान को देश की विविधता को एक सूत्र में बांधने वाला सर्वोच्च दस्तावेज बताया। इस दौरान विद्यार्थियों सत्य एवं प्रभव ने संविधान एक संवाद की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, वैज्ञानिक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया संविधान दिवस, बाबा साहब को किया नमन



गरौठा। संविधान दिवस पर गुरुवार को ग्राम सिर्वौ में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी प्रतिनिधि आरपी निरंजन तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शत्रुघ्न सिंह परिहार रहे। कार्यक्रम का आयोजन गरीबदास अहिरवार ने किया।डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने संविधान के महत्व और बाबा साहब के योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं आरपी निरंजन ने बुंदेलखंड की संस्कृति और महिला शक्ति की सराहना करते हुए गांव के विकास के लिए प्रतिवर्ष टीनशेड लगवाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया।

इस दौरान ग्राम की संगीत मंडली ने बाबा साहब के जीवन एवं विचारों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अतिथियों का सम्मान भी किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जनक कुशवाहा ने की तथा संचालन महेंद्र कुशवाहा ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान भगवती चरण कौशिक, अनुज द्विवेदी, वरुणकांत त्रिपाठी, सावीर खान, संजय पटेल, बद्री पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

गुरुकुल महाविद्यालय पुरासी, हलोर - रायबरेली

सम्बद्ध लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ

आवश्यकता है

स्नातक	बी.एस.सी.	भौतिक विज्ञान
परास्नातक	एम.ए.	हिन्दी
प्राचार्य		

उपरोक्त विषयों के प्रवक्ताओं एवं प्राचार्य पद हेतु योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेज हमारे लिखित पते पर डाक द्वारा प्रेषित कर सकते है। योग्यता विश्वविद्यालय के मानकानुसार तथा कार्यानुभव को वरीयता दी जायेगी।

पताः गुरूकुल महाविद्यालय पुरासी, हलोर, रायबरेली उ.प्र.- 229103
सम्पर्क सूत्रः 7651832382, 9415922520
ईमेलः gklmahavidyalaya@gmail.com
प्रबन्धक/सचिवः श्री आर.डी. मिश्र (अधिवक्ता उच्च न्यायालय)

संक्षिप्त खबरें

29 नवम्बर रविवार को भी खुले रहेंगे सभी उप निबन्धक कार्यालय

कुशीनगर । आमजन की सुविधा एवं राजस्व हित को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालय आगामी 29 नवम्बर दिन रविवार को भी खुले रहेंगे। इस दिन सभी उप निबन्धक कार्यालयों में सामान्य कार्य दिवस की भांति विलेखों के पंजीकरण का कार्य संपादित किया जाएगा। उक्त जानकारी सहायक महानिरीक्षक निबन्धन बी०एस० वर्मा ने देते हुए बताया कि महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 में राजस्व प्राप्ति में वृद्धि के उद्देश्य से विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 29 नवम्बर रविवार को भी उप निबन्धक कार्यालयों को सामान्य कार्य दिवस की भांति संचालित करने का निर्णय लिया गया है, ताकि आमजन को अपने विलेखों के पंजी करण के लिए अतिरिक्त अवसर उपलब्ध हो सके तथा राजस्व प्राप्ति में भी वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने बताया कि जनपद के उप निबन्धक कार्यालय पडरौना सदर, हाटा, कसया, तमकुहीराज, कप्तानगंज एवं खड्डा उक्त तिथि को खुले रहेंगे तथा सभी कार्यालयों में सामान्य कार्य दिवस की भांति पंजीकरण कार्य किया जाएगा। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित उप निबन्धकों को अपने-अपने क्षेत्र के दस्तावेज लेखक संघ, बार एसोसिएशन एवं अन्य सम्बन्धित पक्षों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक महानिरीक्षक निबन्धन ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील किया है कि वे 29 नवम्बर रविवार को भी उप निबन्धक कार्यालयों के खुले रहने की सुविधा का लाभ उठाते हुए अपने आवश्यक विलेखों का पंजीकरण करा सकते हैं।

किसान भाई तत्काल गेहूं बीज की ऑन लाइन बुकिंग कराकर अनुदान का लाभ उठाएः- जिला कृषि अधिकारी

कुशीनगर । वर्तमान रबी सीजन के अन्तर्गत जनपद में गेहूं के प्रमाणित एवं आधारीय बीज वितरण के लिए निर्धारित 13,655 कुंतल के लक्ष्य के सापेक्ष 13,363 कुंतल बीज प्राप्त हुआ है। इसमें से अब तक लगभग 9,000 कुंतल गेहूं बीज का वितरण किसानों को किया जा चुका है तथा शेष लगभग 4,600 कुंतल बीज जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर उपलब्ध है। उक्त जानकारी जिला कृषि अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए बताया है कि राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर गेहूं की 10 वर्ष से कम अवधि की अधिसूचित नवीन प्रजातियां यथा डी०बी०डब्लू०-187, डी०बी०डब्लू०-303, एच०डी०- 3406, डी०बी०डब्लू०-327, डी०बी०डब्लू० -222, डी०बी०डब्लू०-771, डी०बी०डब्लू०-332, पी०बी० डब्लू० -826, डब्लूएच०-1270, डी०बी०डब्लू०- 370, डी०बी०डब्लू०-371, एच०डी०-3237 एवं एच०डी०-3364 के बीज उपलब्ध हैं। गेहूं के प्रमाणित बीज का विक्रय मूल्य 4,738 रुपये प्रति कुंतल तथा आधारीय बीज का विक्रय मूल्य 4,991 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। उक्त मूल्य पर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान देय है। वर्तमान में पूर्व में ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले किसानों को प्राथमिकता के आधार पर बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने जनपद के किसान भाइयों से अपील किया है कि जिन किसानों ने अभी तक गेहूं बीज की बुकिंग नहीं कराई है, वे तत्काल कृषि विभाग के विभागीय पोर्टल https://agridarshan.up.gov.in पर लॉगिन कर गेहूं बीज की ऑनलाइन बुकिंग करा लें, ताकि बुकिंग के उपरान्त ऑनलाइन लॉटरी/ऑटो कन्फर्मेशन की प्रक्रिया के माध्यम से बीज प्राप्त किया जा सके। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि जिन किसान भाइयों द्वारा गेहूं बीज की ऑनलाइन बुकिंग कराई जा चुकी है, लेकिन अभी तक बुकिंग के सापेक्ष बीज प्राप्त नहीं किया गया है, वे तत्काल सम्बन्धित राजकीय कृषि बीज भण्डार पर उपस्थित होकर अपना अंगूठा लगाकर बीज प्राप्त कर लें। अन्यथा की स्थिति में उनके द्वारा बुक किए गए बीज को अन्य इच्छुक किसानों को वितरित कर दिया जाएगा। किसान भाई समय से बुकिंग एवं बीज प्राप्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर शासन द्वारा अनुमन्य अनुदान का लाभ उठाएं।

सैनिक बन्धु की बैठक में पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों की समस्याओं पर हुई सुनवाई

कुशीनगर । जिला मुख्यालय स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में आज 26 नवम्बर को सैनिक बन्धु की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी न्यायिक विवेकशील ने की। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ग्रुप कैप्टन अरविन्द कुमार भी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारम्भ में उप जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इसके उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में कुल 25 पूर्व सैनिक एवं वीर नारियां उपस्थित रहीं। इस दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों से सम्बन्धित समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। बैठक में कुल चार प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के आवंटन तथा धनराशि की धोखाधड़ी से सम्बन्धित मामले शामिल थे। उप जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रकरणों को संज्ञान में लेते हुए उनके प्रभावी निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कनिष्ठ सहायक प्रभाकर नाथ तिवारी द्वारा किया गया। बैठक में एनसीसी बटालियन पडरौना के सूबेदार हरपिन्दर सिंह के अतिरिक्त पूर्व सैनिक कैप्टन लाल बहादुर त्रिपाठी, कैप्टन शमसुद्दीन अंसारी, कैप्टन दयाशंकर पाण्डेय, हवलदार शारदा प्रसाद सहित अन्य पूर्व सैनिक एवं वीर नारियां सहित राजेश कुमार गुप्त, श्रीमती धर्मशीला, जालंधर प्रसाद एवं कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

जमीन की पैमाइश नहीं होने से नाराज किसान चिता पर लेटा

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। बारा थाना क्षेत्र के परवेजाबाद में जमीन का सीमांकन न होने से नाराज किसान ने गुरुवार को विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। भारतीय किसान यूनियन प्रयाग के जिला उपाध्यक्ष रामभवन उर्फ दिनेश सिंह ने धरना स्थल पर लकड़ियां इकट्ठा कर चिता बनाई और उस पर लेट गए। उन्होंने तहसील प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि न्याय नहीं मिला तो आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। किसान का आरोप है कि वह एक महीने से अधिक समय से अपनी जमीन की पैमाइश और सीमांकन की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं, लेकिन अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसी से परेशान होकर उन्होंने यह विरोध प्रदर्शन किया। रामभवन के मुताबिक, संबंधित जमीन करीब 50 बीघा है। इसमें कुल 9 खातेदार हैं। जमीन का सही तरीके से सीमांकन नहीं होने के कारण विवाद की स्थिति बनी हुई है। उनका कहना है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों से कई बार पैमाइश कराने की मांग की गई, लेकिन अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। किसान ने बताया कि इससे पहले तहसीलदार अनिल पाठक और संबंधित हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया था। हालांकि, इसके बाद भी सीमांकन नहीं कराया गया। किसान का आरोप है कि अधिकारी मौके पर पहुंचकर आश्वासन तो देते हैं, लेकिन जमीन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। गुरुवार को रामभवन ने धरना स्थल पर चिता तैयार कर उस पर लेटकर प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। उन्होंने कहा कि जब तक जमीन का सीमांकन कराकर न्याय नहीं दिलाया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही आत्मदाह की चेतावनी भी दी।

बाहुबली करवरिया की बेटी तिवारी परिवार की बनेंगी बहू

पूर्व विधायक विनय शंकर के बेटे से सगाई हुई, चुनाव बाद होगी शादी

समृद्धि न्यूज़



समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। बाहुबली उदयभान करवरिया की बेटी गोरखपुर के जानेमाने 'तिवारी हाता' की बहू बनेंगी। पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के बेटे कंदर्प शंकर तिवारी और साक्षी की बुधवार को सगाई हुई। समारोह देहरादून में हुआ। इसमें परिवार के करीबी लोग ही शामिल हुए। इस वजह से तस्वीरें गुरुवार को सामने आईं। 'तिवारी हाता' गोरखपुर में पूर्व विधायक के पिता बाहुबली हरिशंकर तिवारी के घर को कहा जाता है। कंदर्प और साक्षी एक-दूसरे का हाथ थामकर स्टेज पर आए। कंदर्प सफारी सूट और साक्षी साड़ी पहने नजर आईं। दोनों ने एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। सगाई से पहले साक्षी की गोदभराई की रस्म हुई। कंदर्प परिवार की महिलाओं ने साक्षी को चुनरी ओढ़ाई। टीका लगाया। गिफ्ट दिए। कार्यक्रम के दौरान विनय शंकर तिवारी और उदयभान करवरिया साथ नजर आए। कंदर्प चिल्लूपार के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के बेटे हैं। कंस्ट्रक्शन का कारोबार करते हैं। साक्षी उदयभान की छोटी बेटी हैं। दोनों की शादी 2027 के विधानसभा चुनाव के बाद होगी। तिवारी हाता और करवरिया परिवार के बीच रिश्ता जुड़ने की चर्चा पहले से थी। हालांकि, दोनों परिवारों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई थी। बीच में रिश्ता तय नहीं हो पाने की बातें भी सामने आईं, लेकिन दोनों परिवारों के बीच बातचीत जारी रही। बुधवार को देहरादून में हुए पारिवारिक कार्यक्रम में कंदर्प और साक्षी ने एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई। कार्यक्रम को निजी रखा गया था।

दिन हो या रात जाम के झाम से कराह रहा महराजगंज



समृद्धि न्यूज़

महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़। महराजगंज का जाम हुआ आम रेंगने को मजबूर वाहन, नगर का जाम हुआ आम एक किलोमीटर की यात्रा लोगों को 2 घंटे में तय करनी पड़ती है लेकिन जाम से निजात मिलती हुई नहीं दिखाई पड़ती। एक तरफ जहां व्यापारियों का व्यापार प्रभावित होता है तो दूसरी तरफ अगर कोई मरीज है तो एंबुलेंस निकालने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है क्योंकि भीषण जाम से वाहन रेंगने को मजबूर हो जाते हैं। चन्दापुर चौराहे से शुरू होता जाम सुखई पुरवा तक लगा रहता है बैंक ऑफ़ बड़ौदा से लेकर तहसील तक तो आप निकालने की सोच ही नहीं सकते बृहस्पतिवार को साप्ताहिक बाजार भी नहीं थी उसके बावजूद भी भीषण जाम से लोग परेशान थे एक तरफ महराजगंज थाने की पुलिस लगातार जाम को छुड़वाने में लगी हुई थी तो दूसरी तरफ लगातार जाम की स्थिति से पुलिस के भी पसीने छूटते हुए नजर आए।मुख्य तिराहे से लेकर बछरावां मार्ग सरस्वती विद्यालय तक भीषण जाम बना रहता है सोचने वाली बात यह है कि जब कोई त्यौहार नहीं है साप्ताहिक बाजार नहीं उसके बावजूद भी महराजगंज का ये जाम आम होता चला जा रहा है इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है बगल में ही एसडीएम बैठते हैं नगर पंचायत है फिर भी जाम से लोगों को निजात मिलती हुई नहीं दिखाई पड़ रही।

संवाद से सेवा की ओर, पंकज चौधरी ने की जनसुनवाई

जनसमस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश, उड़ीसा से आई महिला कार्यकर्ताओं से एसएसआर व क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्च,

समृद्धि न्यूज़



समृद्धि न्यूज़ महराजगंज। जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान की पहल के क्रम में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने गुरुवार को महराजगंज स्थित अपने आवास पर जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने व्यक्तिगत, सामाजिक, क्षेत्रीय और विकास से जुड़ी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। पंकज चौधरी ने सभी की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने समस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता, तत्परता और जवाबदेही पर जोर देते हुए कहा कि जनसमस्याओं का समाधान समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से होना चाहिए। आमजन को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रभावी पहल जरूरी है। शिकायतों को महज औपचारिकता न मानकर उनके वास्तविक समाधान की दिशा में कार्य किया जाना चाहिए।जनसुनवाई के दौरान उड़ीसा से आई महिला कार्यकर्ताओं ने भी पंकज चौधरी से मुलाकात की। उनके साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसएसआर) अभियान तथा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। महिला कार्यकर्ताओं ने अभियान से संबंधित अनुभव साझा किए और जनसरोकार से जुड़े विषयों पर सुझाव रखे। पंकज चौधरी ने उनके विचारों को गंभीरता से सुना तथा क्षेत्र की परिस्थितियों और अभियान से जुड़े पहलुओं पर संवाद किया।इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भी चर्चा हुई। पंकज चौधरी ने कहा कि चुनाव केवल राजनीतिक गतिविधि नहीं, बल्कि जनता के बीच निरंतर संवाद स्थापित कर उनकी अपेक्षाओं और समस्याओं को समझने का अवसर भी है।

संविधान की प्रस्तावना पढ़कर पुलिसकर्मियों ने लिया कर्तव्यनिष्ठा का संकल्प

समृद्धि न्यूज़



समृद्धि न्यूज़ महराजगंज। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को पुलिस कार्यालय महराजगंज में पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़कर शपथ दिलाई। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांतों के प्रति निष्ठा रखते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी, निष्पक्षता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ करने का संकल्प लिया।

शपथ कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करने तथा पुलिस सेवा में न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की भावना को व्यवहार में उतारने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को कानून के प्रति सम्मान रखते हुए पारदर्शिता, निष्पक्षता और जनसेवा की भावना से कार्य करना चाहिए। साथ ही नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संविधान की गरिमा बनाए रखने, लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करने तथा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि संविधान दिवस प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1949 में संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था, जबकि यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और न्याय, स्वतंत्रता, समानता तथा बंधुत्व जैसे लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना है।

छुट्टी पर घर आए सिपाही की मौत, पत्नी के खिलाफ मुकदमा

समृद्धि न्यूज़



समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। मऊआइमा थाना क्षेत्र के बड़ौदा गांव निवासी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी अशोक कुमार के बेटे रत्नेश कुमार की मंगलवार रात मौत हो गई। रत्नेश 2018 बैच के सिपाही थे और वर्तमान में गाजीपुर पुलिस लाइन में तैनात थे। वह करीब 20 दिन की छुट्टी लेकर अपनी पत्नी महिमा के साथ गांव आए थे। परिजनों के मुताबिक, मंगलवार शाम रत्नेश और उनकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ। परिवार का आरोप है कि विवाद के दौरान पत्नी ने रत्नेश से कथित तौर पर कहा कि "आज तुम रहोगे या मैं रहूंगी।" इसके बाद रत्नेश कमरे में चले गए। कुछ देर बाद उनकी हालत देखकर परिवार को घटना की जानकारी हुई। रत्नेश के पिता अशोक कुमार ने आरोप लगाया कि उनकी बहू महिमा बेटे को मानसिक रूप से परेशान करती थी और वेतन को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। उनका दावा है कि महिमा वेतन की रकम अपने खाते में ट्रांसफर करा लेती थी और माता-पिता को खर्च के लिए पैसे देने से रोकती थी। अशोक कुमार की तहरीर पर मऊआइमा थाने में महिमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुधवार को गाजीपुर में पुलिस सम्मान के साथ रत्नेश का अंतिम संस्कार किया गया।

संविधान को गरीब, वंचित और पिछड़ों को अधिकार दिलाने का हथियार बनायाः पंकज चौधरी

समृद्धि न्यूज़



समृद्धि न्यूज़ महराजगंज। स्थानीय जिला पंचायत परिसर स्थित स्वर्गीय प्रदीप चौधरी स्मृति सभागार में गुरुवार को भाजपा की ओर से संविधान गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने की तथा संचालन जिला महामंत्री प्रभाकर द्विवेदी ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा।पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा की विचारधारा संविधान प्रथम और राष्ट्र प्रथम की है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को सम्मान देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया। भाजपा ने संविधान को गरीब, दलित, वंचित, पिछड़े और महिलाओं को अधिकार दिलाने का सबसे बड़ा माध्यम बनाया है। उन्होंने कांग्रेस पर 1975 में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र और संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया। वहीं सपा सरकार के कार्यकाल को कानून-व्यवस्था, दंगों और भर्ती में भाई-भतीजावाद के मुद्दे पर घेरा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार में युवाओं को मेरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं तथा पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे कदम सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम में पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया, जिला प्रभारी नरेंद्र मणि त्रिपाठी सहित पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने संविधान की मूल भावना, समानता, स्वतंत्रता और न्याय के महत्व पर विचार रखे।

राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर उत्कृष्ट पशुपालकों और गोशाला संचालकों का सम्मान

समृद्धि न्यूज़



समृद्धि न्यूज़ महराजगंज। राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर गुरुवार को जनपद महराजगंज में पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशुपालकों और गोशाला संचालकों को सम्मानित किया गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में बेहतर दुग्ध उत्पादन, गोवंश संरक्षण और गोशाला संचालन में योगदान देने वालों को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान चिह्न देकर प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम में शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी डॉ. ऋषिकेश दर्शन, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सिद्धार्थनगर तथा उप दुग्धशाला विकास अधिकारी, महराजगंज उपस्थित रहे। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम लक्ष्मीपुर खास निवासी पशुपालक बाबूलाल गुप्ता को गाय की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।गोशाला संचालन में उत्कृष्ट योगदान के लिए बृहद गो संरक्षण केंद्र मधुकरपुर महदेवा के संचालक राम निवास गौतम (जीवनशक्ति प्रगति जी फाउंडेशन), बृहद गोआश्रय स्थल अहमदपुर उर्फ हड़हवा के संचालक चंद्रप्रकाश गुप्ता, कान्हा उपवन के संचालक यशवंत राव, गोआश्रय स्थल चकदह के संचालक बंदेश्वर सिंह तथा गोसदन मधवलिया की संचालक संस्था नेचर क्लाइमेट फाउंडेशन को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में अन्य पशुपालकों को भी पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं नोडल अधिकारी ने शासन की नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना तथा मुख्यमंत्री गौ-संवर्धन योजना की जानकारी दी।

जमीन की पैमाइश नहीं होने से नाराज किसान चिता पर लेटा

कहा-अफसर सुन नहीं रहे, मरने के अलावा कोई और विकल्प नहीं

समृद्धि न्यूज़



समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। बारा थाना क्षेत्र के परवेजाबाद में जमीन का सीमांकन न होने से नाराज किसान ने गुरुवार को विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। भारतीय किसान यूनियन प्रयाग के जिला उपाध्यक्ष रामभवन उर्फ दिनेश सिंह ने धरना स्थल पर लकड़ियां इकट्ठा कर चिता बनाई और उस पर लेट गए। उन्होंने तहसील प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि न्याय नहीं मिला तो आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। किसान का आरोप है कि वह एक महीने से अधिक समय से अपनी जमीन की पैमाइश और सीमांकन की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं, लेकिन अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। इसी से परेशान होकर उन्होंने यह विरोध प्रदर्शन किया। रामभवन के मुताबिक, संबंधित जमीन करीब 50 बीघा है। इसमें कुल 9 खातेदार हैं। जमीन का सही तरीके से सीमांकन नहीं होने के कारण विवाद की स्थिति बनी हुई है। उनका कहना है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों से कई बार पैमाइश कराने की मांग की गई, लेकिन अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। किसान ने बताया कि इससे पहले तहसीलदार अनिल पाठक और संबंधित हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया था। हालांकि, इसके बाद भी सीमांकन नहीं कराया गया। किसान का आरोप है कि अधिकारी मौके पर पहुंचकर आश्वासन तो देते हैं, लेकिन जमीन पर कोई कार्रवाई नहीं होती। गुरुवार को रामभवन ने धरना स्थल पर चिता तैयार कर उस पर लेटकर प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। उन्होंने कहा कि जब तक जमीन का सीमांकन कराकर न्याय नहीं दिलाया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही आत्मदाह की चेतावनी भी दी।

संक्षिप्त खबरें

छात्रों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ, सही जवाब देने वालों को मिले उपहार



कन्नौज। यातायात माह नवंबर के तहत गुरुवार को केके इंटर कॉलेज में यातायात जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें टीएसआई आफाक खान ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश और क्षेत्राधिकारी यातायात शिल्पा वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात रविशंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में छात्रों को जेब्रा क्रॉसिंग से सड़क पार करने, साइकिल मोड़ने के संकेत देने और दोपहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने के बारे में बताया गया। टीएसआई ने शराब पीकर वाहन चलाने और ओवरस्पीडिंग के दुष्परिणाम भी समझाए। छात्रों ने सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं। सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कॉलेज के शिक्षक मौजूद रहे।

संविधान के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



कन्नौज। सदर तहसील परिसर में गुरुवार को संविधान दिवस उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समानता, स्वतंत्रता, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने का आह्वान किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने संविधान के आदर्शों और मूल्यों का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यादवेंद्र किशोर यादव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष चंद्र दोहरे और विशिष्ट अतिथि के रूप में विनीत दुबे एवं काशीराम कुशवाहा मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। इसके मूल सिद्धांतों का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इस मौके पर आलोक प्रजापति, रुचि तिवारी, यश कटियार, अरविंद वर्मा, आकाश कटियार, कलीम खान, रामशरण, महेंद्र सिंह, निशा यादव और विकास यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

दिल्ली से गाजीपुर जा रही स्लीपर बस कंटेनर से भिड़ी, पांच घायल



कन्नौज। लखनऊ आगरा एक्सप्रेस पर हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की सुबह एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में दिल्ली से गाजीपुर जा रही एक स्लीपर बस आगे चल रहे कंटेनर से जा भिड़ी। हादसे में पांच बाद यात्रियों के घायल होने की खबर है। बताते चलें कि,एक्सप्रेस वे पर आय दिन होने वाले सड़क हादसों को लेकर अभी भी कोई जागरूकता भरी खास पहल जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मियों द्वारा नहीं की जा सकी है। स्थित यह हो चुकी है कि, लगभग हर रोज कई लोग अपनी जिंदगियां खो रहे हैं जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हो रहे हैं।

गुरुवार को भी एक्सप्रेस वे पर जिले की तिर्वा कोतवाली के अंतर्गत माइल स्टोन 185 के निकट दिल्ली से गाजीपुर जा रही एक स्लीपर बस आगे चल रहे कंटेनर में जा घुसी। हादसे के बाद बस सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। सूचना पर यूपीडा टीम और स्थानीय पुलिस सीओ कुलवीर सिंह, चौकी प्रभारी के अलावा एंबुलेंस मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य शुरू करते हुए दुर्घटना में घायल पांच यात्रियों में 7 वर्षीय हुसैन पुत्र फिरोज,28 वर्षीय फिरोज अंसारी पुत्र मुस्तफा निवासी समयपुर बादली, दिल्ली, तीन वर्षीय शिवनाथ पुत्र देव पाल निवासी गाजीपुर,34 वर्षीय गोविंद पुत्र शिवधर,18 वर्षीय अखिलेश पुत्र भीम पांडे निवासी महुरा प्रकाश, धीना, चंदौली को उपचार हेतु एंबुलेंस की मदद से तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। यहां घायलों को उपचार मिलने के बाद राहत मिलने पर सभी अपने परिजनों के साथ गंतव्य को रवाना हो गए।

अराजकतत्वों ने किया डा.अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास

कन्नौज। माहौल बिगाड़ने के प्रयास में अराजक तत्वों ने करीब डेढ़ माह पूर्व समाज कल्याण मंत्री द्वारा स्थापित कराई गई डा. अंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया। अराजक तत्व जहां प्रतिमा की एक आंख का चश्मा तोड़ने में सफल रहे वहीं निकट एक लकड़ी की दुकान में आग भी लगा दी। जानकारी पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। बताते चलें कि, गुरुवार को संविधान दिवस जिले भर में मनाया जा रहा है। संविधान दिवस से पूर्व बुधवार की रात कुछ अराजक तत्वों ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। ठठिया थाना क्षेत्र के गांव सिमुआपुर में स्थापित डा. साहब की प्रतिमा को अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करते हुए उनकी एक आंख का चश्मा तोड़ दिया। इतना ही नहीं,निकट स्थित एक लकड़ी की दुकान को भी आग के हवाले कर दिया। बताते चलें कि, यूपी सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने करीब डेढ़ माह पूर्व गांव में डा. साहब की प्रतिमा को स्थापित कराया था। घटना की खबर गुरुवार की सुबह जब ग्रामीणों को हुई तो उनका आक्रोश भड़क गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण हंगामा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग कर रहे थे। सूचना पर सीओ कुलवीर सिंह, ठठिया थाना प्रभारी संजीव कुमार सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर कर शांत करते हुए मामले की जांच पड़ताल कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी कर कार्यवाही करने का आश्वाशन भी ग्रामीणों को दिया। फिलहाल मामला शांत है, वहीं डा.अंबेडकर की प्रतिमा को छति पहुंचाने वाले अराजक तत्वों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश साफ नजर आ रहा था। मामले में पुलिस की जांच पड़ताल जारी है।

संविधान दिवस पर जेपी एजुकेशन एकेडमी में गूंजा संविधान की प्रस्तावना का संकल्प

- 1242 लोगों ने एक साथ किया प्रस्तावना का सामूहिक वाचन, विद्यार्थियों को दिलाया लोकतांत्रिक मूल्यों और मौलिक कर्तव्यों का बोध

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। संविधान दिवस के पावन अवसर पर इंद्रा नगर स्थित जेपी एजुकेशन एकेडमी में राष्ट्र के प्रति संवैधानिक प्रतिबद्धता और लोकतांत्रिक मूल्यों के सम्मान का अनूठा दृश्य देखने को मिला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार विद्यालय में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में लगभग 1242 लोगों ने एक साथ भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस दौरान विद्यालय का पूरा परिसर संविधान के आदर्शों, राष्ट्रीय एकता, अखंडता, समानता और बंधुत्व के संदेश से गूंज उठा। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य उपस्थित लोगों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। सामूहिक रूप से सभी ने भारत को संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष एवं लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने तथा सभी नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रदान करने के संवैधानिक संकल्प को दोहराया। इसके साथ ही प्रतिष्ठा और अवसर की समता तथा व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता की भावना को आत्मसात करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान केवल देश को संचालित करने वाला कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है। संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को संविधान के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है, क्योंकि आज के विद्यार्थी ही कल देश के जिम्मेदार नागरिक, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और राष्ट्र निर्माता बनेंगे। उन्होंने आगे कहा कि संविधान में दिए गए अधिकारों की जानकारी होना जितना आवश्यक है, उतना ही जरूरी अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन करना भी है। प्रत्येक नागरिक को जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान के आदर्शों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखकर अपने व्यवहार और दैनिक जीवन में उतारने का आह्वान किया।

गुरसहायगंज कोतवाली में भावुक विदाई, औरैया तबादले पर सीपी तिवारी को साथियों ने नम आंखों से दी विदाई



समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। कुछ विदाइयां ऐसी होती हैं, जो आंखों को नम कर जाती हैं, ऐसा ही नजारा मंगलवार को कोतवाली गुरसहायगंज में देखने को मिला, जहां कोतवाली प्रभारी द्वितीय सीपी तिवारी के औरैया जनपद में स्थानांतरण होने पर भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान साथी पुलिसकर्मियों की आंखें नम नजर आईं, सभी ने उनके साथ बिताए समय को याद किया और उनके सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और मिलनसार व्यवहार की सराहना की। कोतवाली प्रभारी ध्यानेंद्र प्रताप सिंह ने भी उन्हें भावपूर्ण विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, उन्होंने कहा कि तबादले नौकरी का हिस्सा हैं, लेकिन कुछ रिश्ते और कुछ यादें कभी तबादला नहीं होतीं। विदाई के अवसर पर सीपी तिवारी ने भावुक होते हुए कहा कि गुरसहायगंज में उन्हें जो प्यार, सम्मान और सहयोग मिला, उसे वे कभी भूल नहीं पाएंगे, यहां के साथियों ने हर कठिन समय में उनका साथ दिया, यह कार्यकाल उनके जीवन की सबसे यादगार यादों में रहेगा। उन्होंने कहा कि गुरसहायगंज की जनता और पुलिस परिवार ने उन्हें हमेशा अपना समझा, नई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे, लेकिन गुरसहायगंज की यादें हमेशा दिल में रहेंगी। इस अवसर पर कोतवाली के सभी पुलिसकर्मी और कर्मचारी उपस्थित रहे, सभी ने नई मंजिल और नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

देवर से पति बने व्यक्ति पर दो बेटियों से दुष्कर्म का आरोप



कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने पति पर दो नाबालिग बेटियों के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि पति लंबे समय से दोनों बच्चियों के साथ गलत हरकत कर रहा था। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी करता था। पीड़िता के मुताबिक, पहले बड़ी बेटी को अपनी हवस का शिकार बनाया और इसके बाद छोटी बेटी के साथ भी दुष्कर्म किया। महिला ने बताया कि पहले पति की मौत के बाद उसने अपने देवर से शादी कर ली थी। बाद में वही व्यक्ति उसकी बेटियों के साथ गलत काम करने लगा। मां की शिकायत के बाद मामला सामने आया है। पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी को मिला रामलीला का आमंत्रण

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज कन्नौज। विधानसभा 196 छिबरामऊ क्षेत्र के आदर्श रामलीला समिति लालपुर चियासर के कर्ताधर्ता मास्टर साहब शिवराम सिंह शाक्य और आदित्य त्रिपाठी आदि ने पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी को रामलीला का आमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार करके रामलीला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस दौरान सदरपुर द्वारिकापुर के बड़ी संख्या में नौजवान साथियों ने आकर भेंट की और 27 में पीडीए सरकार लाने का संकल्प लिया, नौजवानों ने कहा कि अब बदलाव का समय आ गया है और पीडीए ही सबका साथ लेकर प्रदेश को आगे ले जाएगा। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि लालपुर चियासर की रामलीला हमारी सांस्कृतिक विरासत है, इस मंच से प्रेम, भाईचारा और मर्यादा का संदेश जाता है, रामलीला समिति के सभी साथियों को सफल आयोजन के लिए दिल से बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि सदरपुर द्वारिकापुर के नौजवानों ने जो संकल्प लिया है, वह प्रदेश के भविष्य की आवाज है, नौजवान ही बदलाव लाएंगे, 27 में पीडीए सरकार बनेगी और हर वर्ग, हर समाज को सम्मान, रोजगार और बराबरी का हक मिलेगा, हम सब मिलकर इस संकल्प को पूरा करेंगे।

गुरसहायगंज में मुख्य चौराहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की भूमि पर मिनी पैरामेडिकल अस्पताल बनाने की मांग

समृद्धि न्यूज



गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर विकास समिति गुरसहायगंज ने मुख्य चौराहा पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की भूमि पर मिनी पैरामेडिकल अस्पताल स्थापित किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र भेजा है, समिति ने कहा है कि गुरसहायगंज जनपद कन्नौज का एक प्रमुख व्यापारिक और घनी आबादी वाला केंद्र है, इसके आसपास के दर्जनों ग्रामीण क्षेत्र की लाखों की आबादी भी अपनी दैनिक और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं के लिए इसी पर निर्भर है। पत्र में कहा गया है कि गुरसहायगंज के मुख्य चौराहा पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, मुख्य चौराहा और राष्ट्रीय राजमार्ग जीटी रोड के समीप होने के कारण यहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, वर्तमान में स्थानीय स्तर पर पर्याप्त चिकित्सा और जांच सुविधाओं के अभाव में किसी भी आपातकालीन स्थिति, दुर्घटना और सामान्य जांच जैसे एक्सरे, पैथोलॉजी, ईसीजी, ड्रेसिंग या प्राथमिक उपचार के लिए मरीज को करीब 25 से 30 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल कन्नौज या मेडिकल कॉलेज तिर्वा अथवा फर्रुखाबाद या कानपुर की ओर भागना पड़ता है, समय पर प्राथमिक उपचार न मिलने के कारण कई बार गंभीर मरीजों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। पत्र में यह भी कहा गया है कि इस अस्पताल के बनने से नगर और आसपास के ग्रामीणों को 24 घंटे प्राथमिक चिकित्सा, पैथोलॉजी जांच, एक्सरे, फिजियोथेरेपी और आपातकालीन नर्सिंग सेवाएं स्थानीय स्तर पर सुलभ हो सकेंगी, समिति ने मांग की है कि जनहित की इस अत्यंत आवश्यक मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया जाए। इस पत्र की प्रतिलिपि सूचनार्थ और आवश्यक कार्रवाई के लिए उपमुख्यमंत्री और चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक, विधायक विधानसभा क्षेत्र छिबरामऊ, जिलाधिकारी जनपद कन्नौज और मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद कन्नौज को भी भेजी गई है। नगर विकास समिति के अध्यक्ष हरिओम गुप्ता ने कहा कि जनहित में और नगर व क्षेत्र की विशाल आबादी की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि मुख्य चौराहा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की खाली पड़ी भूमि पर एक मिनी पैरामेडिकल अस्पताल स्थापित करने की कृपा करें, इस केंद्र के खुलने से दुर्घटना में घायल लोगों को तुरंत प्राथमिक उपचार मिलेगा, 24 घंटे जांच और इलाज की सुविधा मिलेगी, आम लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, नगर और क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक हेल्पर की मौत

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। नवीन मंडी के पास बुधवार देर रात करीब 11 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से ट्रक हेल्पर की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजस्थान के भरतपुर जिले के गढ़ी मेवात निवासी भुज्जी उर्फ बादशाह (27) पुत्र अली शेर ट्रक पर हेल्पर था। ट्रक चालक तालीम चेन्नई से रुद्रपुर स्थित लीलैंड कंपनी के ऑटो पार्ट्स लेकर जा रहा था। नवीन मंडी के पास जाम के चलते उसने ट्रक सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसी दौरान भुज्जी खाना खाने के लिए सड़क पार कर होटल जा रहा था। तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। भुज्जी अविवाहित था। उसके पिता की पहले ही बीमारी से मौत हो चुकी है। परिवार में मां नसरी और चार भाई हैं। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी।

संविधान के आदर्शों और मूल्यों को जीवन में अपनाने का लिया संकल्प

- सपा कार्यालय में संविधान दिवस पर प्रस्तावना का किया पाठ
- मौलिक अधिकारों और नागरिक कर्तव्यों पर हुई चर्चा

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान जिलाध्यक्ष कलीम खान ने की, जबकि संचालन आनंद बाबू यादव ने किया। इस दौरान पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ कर उसके आदर्शों, मूल्यों और नागरिकों के कर्तव्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संविधान के महत्व, नागरिकों के मौलिक अधिकारों और देश के प्रति प्रत्येक नागरिक के दायित्वों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत नींव है। यह सभी नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। संविधान की मूल भावना समाज में भाईचारा, एकता और समानता बनाए रखने का संदेश देती है। वक्ताओं ने कहा कि संविधान के आदर्शों का पालन केवल आयोजनों तक सीमित न रहकर दैनिक जीवन में भी होना चाहिए। इस मौके पर पूर्व विधायक कल्यान सिंह दोहरे, पूर्व राष्ट्रीय सचिव रामशंकर लोधी, पीपी सिंह, हसीब हसन, यश कुमार दोहरे, रजनीकांत यादव, इंद्रेश यादव, राकेश कठेरिया, राकेश कटियार, विनोद यादव, शरद यादव, बबल राठौर, राजू यादव, नेम सिंह यादव, कमलेश कटियार, विवेक पाल, रामचंद्र कश्यप, सुधीर कश्यप, राजकुमार गुप्ता, सद्दाम मिर्जा, गुलशाद अहमद और सद्दाम साबरी सहित बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं पार्टी कार्यकर्ता : पंकज

कन्नौज। बीजेपी के पूर्व और वर्तमान पदाधिकारी आपसी तालमेल और एकजुटता के साथ जनमानस को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी देकर उनका लाभ भी दिलाएं। उपरोक्त उद्गार अपने कन्नौज जिले के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान नोएडा विधायक और बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने कहे। गुरुवार को कन्नौज दौरे पर पहुंचे बीजेपी विधायक पंकज सिंह का लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के फगुआ कट पर पहुंचने पर मौके पर पहुंचे पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया और जिंदाबाद के नारे भी लगाए। स्वागत कार्यकम के बाद पंकज तिर्वा ब्लॉक सभागार पहुंचे। उन्होंने यहां पार्टी के पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की बैठक की। संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

नवागंतुक का स्वागत और पूर्व खंड शिक्षाधिकारी को शिक्षकों ने गाजे बाजे और स्वागत के साथ दी बिदाई

- मामला उमर्दा (तिर्वा) बीआरसी पर खंड शिक्षाधिकारी के बिदाई कार्यकम का

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। तिर्वा उमर्दा बीआरसीमुख्यालय पर शिक्षकों ने खंड शिक्षाधिकारी का गैर जनपद स्थानांतरण होने पर स्वागत करते हुए बिदाई दी। बताते चलें कि,शासन के आदेश के बाद विगत दिन जिले के उमर्दा (तिर्वा) बीआरसी पर तैनात रहे खंड शिक्षाधिकारी विपिन सिंह का स्थानांतरण गैर जनपद इटावा कर दिया गया था। गुरुवार को खंड शिक्षाधिकारी को पड़ोसी जनपद में पहुंचकर सम्बंधित बीआरसी में अपना कार्यभार ग्रहण करना था। अपने कार्यकम के तहत खंड शिक्षाधिकारी की रवानगी पर तिर्वा बीआरसी पर बड़े संख्या में महिला पुरुष शिक्षक पहुंचे। यहां शिक्षकों ने खंड शिक्षाधिकारी की रवानगी से पूर्व उनका जोरदार स्वागत किया। बैंड बाजे की धुनों पर खंड शिक्षाधिकारी को फूल मालाओं से लादा गया और इसके बाद शिक्षकों ने उन्हें भाव पूर्ण बिदाई दी। शिक्षकों ने उनके अग्रिम कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं। कार्यकम के दौरान नवागंतुक खंड शिक्षाधिकारी संजय सिंह का भी तिर्वा बीआरसी पर कार्यभार ग्रहण करने की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों ने उनका भी स्वागत किया। इस दौरान शिक्षक प्रमोद यादव, सुधीर कुमार सिंह, धीरेंद्र राजपूत, संतराम राजपूत, योगेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विजय लक्ष्मी, राधा देवी, रेनू, जोती, अनिल कुमार ए आरपी तालग्राम, अनुराग शुक्ला, सहित बीआरसी के अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

गंदी राजनीति में सुधार के लिए अधिवक्ता संघों की पहल जरूरी : विश्वात्मा

- तहसील अधिवक्ता संघ के सभागार में पुनर्जागरण व्याख्यान देकर सामाजिक, राजनीतिक और संवैधानिक सुधारों पर रखे विचार

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। देशव्यापी पुनर्जागरण यात्रा पर निकले लेखक, चिंतक एवं वक्ता विश्वात्मा ने कहा कि देश की गंदी राजनीति में सुधार और व्यवस्था परिवर्तन के लिए 15 सूत्रीय पुनर्जागरण सुधार कार्यक्रम लागू करना जरूरी है। इसके लिए अधिवक्ता संघों सहित सभी जागरूक लोगों को आगे आना चाहिए। वह तहसील अधिवक्ता संघ के लाइब्रेरी सभागार में आयोजित सभा में पुनर्जागरण व्याख्यान दे रहे थे। विश्व परिवर्तन मिशन के संस्थापक विश्वात्मा ने रोजगार को मौलिक अधिकार बनाने की वकालत करते हुए कहा कि सरकार रोजगार देने में असमर्थ हो तो नागरिकों को मशीनों और प्राकृतिक संसाधनों से होने वाली आय में हिस्सा मिलना चाहिए। उन्होंने इसके लिए प्रत्येक नागरिक को 11,900 रुपये मासिक लाभांश देने का प्रस्ताव रखा और बताया कि संसद की गोयल समिति वर्ष 2011 में इस संबंध में सिफारिश कर चुकी है। उन्होंने संसद और विधानसभाओं में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के प्रतिनिधित्व के लिए बीपीएल परिवारों को 25 प्रतिशत तथा एपीएल परिवारों को 72 प्रतिशत आरक्षण देने हेतु संविधान संशोधन की बात कही। साथ ही एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने, परिवार संस्था एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संबंधित कानूनों में बदलाव की आवश्यकता बताई। उन्होंने वैश्विक स्तर पर श्रमिकों के निर्बाध आवागमन, युद्धों पर कानूनी रोक और शांति व्यवस्था के लिए वैश्विक भागीदारी एवं शांति मंत्रालय बनाने का सुझाव भी दिया। कार्यक्रम का आयोजन तहसील अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट अरविंद सिंह राठौर एवं अन्य पदाधिकारियों ने किया।





मंडलायुक्त ने राजस्व विभाग के कई पटलों का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते मण्डलायुक्त मौजूद डीएम

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- पटल सहायकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश
- शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर दिया विशेष जोर

मंडलायुक्त कानपुर मंडल कानपुर एस. राजलिंगम ने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने राजस्व विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों का गहनतापूर्वक अवलोकन कर वहां संचालित कार्यों अभिलेखों के रखरखाव तथा शासकीय कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट स्थित ई-गवर्नेंस सेल, आयुध अनुभाग, संग्रह अनुभाग, संयुक्त कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय एवं राजस्व अभिलेखागार सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित पटलों पर उपलब्ध अभिलेखों, पत्रावलियों, पंजिकाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए उनके रखरखाव एवं कार्यों के निष्पादन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। मंडलायुक्त ने विभिन्न पटलों पर तैनात पटल सहायकों से उनके द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी पटल सहायक अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ करें। कार्यालयों में अभिलेखों एवं पत्रावलियों का रखरखाव सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए तथा लंबित प्रकरणों का नियमित अनुश्रवण करते हुए उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासकीय कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने, अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली को अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया। साथ ही ई-गवर्नेंस से संबंधित कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समयबद्ध रूप से संपादित करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने निर्वाचन संबंधी अभिलेखों एवं राजस्व अभिलेखागार के रखरखाव का भी अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि महत्वपूर्ण अभिलेखों का सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, जिससे आवश्यकता पड़ने पर अभिलेख तत्काल उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने की विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 की समीक्षा



बैठक लेते मण्डलायुक्त मौजूद डीएम आदि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मंडलायुक्त कानपुर मंडल एवं रोल प्रेक्षक विधानसभा निर्वाचक नामावली एस0 राजलिंगम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मंडलायुक्त ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त एस0 राजलिंगम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है। यह अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसका मुख्य उद्देश्य निर्वाचक नामावली को शुद्ध, अद्यतन एवं समावेशी बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने का अवसर प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के साथ-साथ ऐसे सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं, जिनका नाम अभी तक निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है। इसके लिए बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से घर-घर संपर्क कर पात्र व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही प्राप्त होने वाले फार्मों की समयबद्ध जांच एवं डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त ने बताया कि जनपद की चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में लगभग 23 लाख 74 हजार मतदाता चिन्हित हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यापक मतदाता आधार को ध्यान में रखते हुए पुनरीक्षण कार्य को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सम्मिलित होना लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। जिला प्रशासन का यह दायित्व है कि कोई भी पात्र मतदाता आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित न रहे। इसके लिए निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरूक करें। बैठक में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मंडलायुक्त ने अपेक्षा की कि वे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में जिला प्रशासन को अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि राजनैतिक दल अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से बूथ स्तर पर पात्र मतदाताओं की पहचान कराने छूटे हुए मतदाताओं के नाम सम्मिलित कराने तथा मतदाता सूची को अधिक से अधिक शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें। प्रशासन एवं राजनैतिक दलों के आपसी समन्वय से पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाया जा सकता है। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने मंडलायुक्त को जनपद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं अब तक की प्रगति की जानकारी दी तथा आश्वस्त किया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, उप जिलाधिकारी अमृतपुर श्वेता साहू, उप जिलाधिकारी कायमगंज अभिषेक वर्मा मौजूद रहे।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यों में लाएं तेजी, सर्वे कर करें मिलानः मंडलायुक्त

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



मतदान बूथ का निरीक्षण करते मण्डलायुक्त

मंडलायुक्त कानपुर मंडल एस0 राजलिंगम ने संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रगति का जायजा लेने के उद्देश्य से कमालगंज स्थित संविलयन विद्यालय में बनाए गए मतदान बूथों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने बूथों पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा मौके पर उपस्थित बूथ लेबिल अधिकारियों से फार्म-6 के प्रारूपों के वितरण, नागरिकों से भरे हुए फार्म-6 की प्राप्ति एवं प्राप्त फार्मों के डिजिटाइजेशन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि इन सभी कार्यों में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र नागरिकों के आवेदन प्राप्त कर उनका समयबद्ध डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि बीएलओ अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में डोर-टू-डोर सर्वे को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न करें। घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क स्थापित करते हुए मतदाता सूची में दर्ज नामों का वास्तविक मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मिलान किया जाए। उन्होंने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। साथ ही प्राप्त आवेदनों की नियमित निगरानी करते हुए उनकी ऑनलाइन फीडिंग एवं डिजिटाइजेशन की प्रगति सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी अजय पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मारपीट व धमकी के मामले में एफआईआर दर्ज करने निर्देश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विशेष न्यायाधीश एस0सी0/एस0टी0 एक्ट/ अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय संख्या-2 ने नेकपुर कला निवासी आवेदक के प्रार्थनापत्र धारा 173(4) बीएनएसएस पर सुनवाई करते हुए कोतवाली फतेहगढ़ के प्रभारी निरीक्षक को तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना करने का आदेश दिया है। प्रार्थनापत्र के अनुसार 29 अक्टूबर को आवेदक की लगभग 14 वर्षीय भतीजी के साथ कथित छेड़छाड़ की शिकायत करने जाने पर मारपीट व जातिसूचक शब्दों के प्रयोग को लेकर पत्नी की तहरीर पर 30 अक्टूबर को कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। आवेदक का आरोप है कि इसी रंजिश में 30 अक्टूबर की दोपहर करीब दो बजे नामजद व अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और असलहों के साथ घर पर धावा बोलकर परिवार के सदस्यों व महिलाओं के साथ मारपीट की और गंभीर चोटें पहुंचाई, लेकिन स्थानीय पुलिस ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस ने अपनी जांच आख्या में 30 अक्टूबर की कथित घटना को निराधार बताया था। अवलोकन के बाद न्यायालय ने प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध का कथानक मानते हुए 25 नवंबर को एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का निर्देश जारी किया।

वृद्ध महिला की हत्या व कुंडल लूट के आरोप में युवक गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- लूटे गए जेवर बरामद
- महिला के विरोध करने पर कर दी हत्या, कुंडल लेकर हुआ फरार

एसओजीसर्विलांस और थाना नवाबगंज पुलिसकी संयुक्त टीम ने वृद्ध महिला की हत्या कर कान के कुंडल लूटने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटे गए कुंडल भी बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 16 नवंबर को ग्राम भगौरा में एक वृद्ध महिला की हत्या कर सोने के कुंडल लूट लिए गए थे, जिस संबंध में थाना नवाबगंज में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। जांच के आधार पर पुलिस ने ग्राम भगौरा निवासी दिनेश कुमार पुत्र फूल सिंह शाक्य को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नोएडा में नौकरी करता है, दिवाली पर घर आया था और एविएटर गेम में पैसे हारने के बाद नोएडा लौटने के लिए उसके पास रुपये नहीं थे।

इसी के चलते उसने वृद्ध महिला के कुंडल छीनने की योजना बनाई थी। महिला के विरोध करने पर उसने अंगोछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और कुंडल लेकर भाग गया। बरामदगी के आधार पर मामले में बीएनएस की धारा 309(4)/317(2) की बढ़ोत्तरी करते हुए आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



घटना का खुलासा करती एसपी व एएसपी

मंडलायुक्त ने की सीएम डैशबोर्ड व विकास योजनाओं की समीक्षा

- दो अधिकारियों पर कार्रवाई के दिये निर्देश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



बैठक लेते मण्डलायुक्त मौजूद डीएम आदि

कानपुर मंडल के मंडलायुक्त एस0 राजलिंगम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की विकासपरक व जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा रैंकिंग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक से अनुपस्थित रहने पर मंडलायुक्त ने जिला क्रीड़ा अधिकारी और औषधि निरीक्षक के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी शिकायतकर्ता से अनिवार्य रूप से संपर्क कर उसकी संतुष्टि के आधार पर समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित करें। वहीं, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत बैंक से होम लोन लेने वाले और 5 किलोवाट से अधिक बिजली कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को चिह्नित कर योजना से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री आवास, जननी सुरक्षा, फैमिली आईडी, ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, आयुष्मान कार्ड और धान खरीद सहित प्रमुख योजनाओं की प्रगति प्रस्तुत की। मंडलायुक्त ने पोर्टल के आंकड़ों और विभागीय अभिलेखों में समानता रखने तथा कम रैंकिंग वाली योजनाओं में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजीव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनन्द उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

संविधान दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरूकता रैली



रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। यूनिट 4 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल विजेंद्र शारदा के निर्देशन में सब यूनिट शकुंतलम देवी बालिका इंटर कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स ने संविधान दिवस धूमधाम से मनाया। कैडेट्स के बीच पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें राधिका पाठक ने प्रथम और आन्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद कैडेट्स ने जागरूकता रैली निकाली और हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के नारे लगाते हुए लोगों को संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूक किया। प्रबंधिका मोनिका अग्रवाल ने विजेता व प्रतिभागी कैडेट्स को सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव, एनसीसी सह अधिकारी लेफ्टिनेंट शिल्की मिश्रा और विकास श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

कंपिल, समृद्धि न्यूज। संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। पिता ने ससुरालीजनों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। स्वजन शव लेकर घर चले आए। पुलिस ने शव पीएम हेतु भेज दिया। क्षेत्र के गांव जिनौल निवासी सुदर्शन बाल्मीकि ने अपनी पुत्री आरती का विवाह जनपद बदायूं के थाना उसावां के गांव जसमा निवासी धर्मवीर के साथ किया था। बुधवार दोपहर आरती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे पिता ने बेटी की हत्या का आरोप लगाया। पिता बेटी का शव लेकर घर चले आए। उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। हालांकि पुलिस महिला की मौत बीमारी से बता रही है। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया प्रथम दृष्टया महिला की मौत बीमारी से हुई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

जमानत पर छूटे युवक पर किया जानलेवा हमला

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र के गांव पितौरा में प्रेम प्रसंग की पुरानी रंजिश के चलते जमानत पर जेल से छूटकर आए युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घायल अवस्था में युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार गांव पितौरा निवासी हैप्पी उर्फपुकार दिवाकर को घायल हालत में उसकी भांजी शिवानी सीएचसी लेकर पहुंची। उपचार के दौरान घायल हैप्पी ने बताया कि उसका गांव की ही एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था और दोनों शादी करने के उद्देश्य से घर से चले गए थे। इस मामले में किशोरी के परिजनों की ओर से दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं व पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा था। हैप्पी के मुताबिक, वह हाल ही में जमानत पर छूटकर बाहर आया था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते गांव के ही शनी पुत्र जयचन्द्र और चन्दन पुत्र सर्वेश जाटव ने जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर घायल कर दिया।

थाना परिसर में मनाया गया संविधान दिवस

- पुलिसकर्मियों ने ली संविधान के पालन की शपथ

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



शपथ लेते पुलिस कर्मी

थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार की अध्यक्षता में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने थाने के समस्त पुलिसकर्मियों को संविधान के आदर्शों पर चलने की शपथ दिलाई और बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने कहा कि बाबा साहब के संविधान की ही देन है कि समाज में सभी को समान भाव व सम्मान मिल रहा है, लोग सामान्य जीवन जी पा रहे हैं और रोजगार व अन्य क्षेत्रों में बराबर का अवसर मिल रहा है, बिना किसी ऊंच-नीच के भेदभाव के। इस दौरान कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, दरोगा सत्यनारायण सिंह, दरोगा जगराम सिंह, हेड कांस्टेबल विजय कुमार, आलोक यादव, आदर्श अवस्थी, चालक सूरज प्रकाश सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर एसपी ने कराया उद्देशिका का सामूहिक वाचन



पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाती एसपी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। संविधान दिवस पर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने क्वार्टर गार्द पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया। इस दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए अपने कर्तव्यों का निष्पक्षता से निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संविधान की उद्देशिका में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला गया। पुलिस अधीक्षक ने कर्मियों को दैनिक कार्यों में इन मूल्यों को अपनाने तथा आम नागरिकों के साथ सम्मान व संवेदनशीलता से पेश आने के लिए प्रेरित किया।

प्रा. विद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

शिक्षकों ने ली संविधान के अनुरूप चलने की प्रतिज्ञा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते शिक्षक

नगर पंचायत क्षेत्र के कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के निर्माता डॉ0 भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान सभी शिक्षकों ने एक मत होकर संविधान के अनुरूप चलने की प्रतिज्ञा ली और छात्र-छात्राओं को भी संविधान के महत्व के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, प्रशांत कटियार, प्रज्ञानंद शाक्य, वसीम अख्तर, उर्मिला तथा एसएमसी अध्यक्ष सुधीर दीक्षित समेत समस्त विद्यालय स्टाफव बच्चे मौजूद रहे।

मसूरी में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कंपिल, समृद्धि न्यूज।

परिवार के एक बेटे की असमय मौत का दर्द अभी पूरी तरह भुलाया भी नहीं जा सका था कि दूसरे बेटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने पुराने जख्म फिर हरे कर दिए। घर से काम पर लौटे युवक की अचानक मौत की खबर पहुंची तो परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। एक के बाद एक दो बेटों की मौत से परिवार में मातम पसरा है। नगर के मोहल्ला बारहपत्थर निवासी अजय वर्मा (27) पुत्र स्वर्गीय श्री कृष्ण वर्मा उत्तराखंड के मसूरी स्थित एक होटल में काम करते थे। गुरुवार दोपहर मसूरी से परिजनों को फोन पर सूचना मिली कि अजय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। अजय दीवाली से कुछ दिन पहले घर आए थे। यहां त्योहार मनाने के साथ करीब दस दिन एक दुकान पर काम भी किया, लेकिन उनका मन नहीं लगा। एक करीबी मित्र ने उन्हें कंपिल में ही अपने साथ काम करने का प्रस्ताव दिया, लेकिन अजय ने रुकने से साफ इनकार कर दिया। मानो नियति उन्हें बुला रही थी, वह लगातार मसूरी लौटने की जिद पर अड़े रहे। आखिरकार परिजनों और परिचितों से विदा लेकर वह वापस काम पर चले गए और वहां पहुंचने के महज चार-पांच दिन बाद ही उनकी मौत की मनहूस खबर आ गई। अविवाहित अजय छह भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। घर में वृद्ध मां और कंपिल में होटल चलाने वाला एक भाई व भतीजा रहता है, जबकि परिवार के अन्य सदस्य बाहर रहकर आजीविका चलाते हैं। करीब दस वर्ष पूर्व अजय के दूसरे नंबर के भाई की भी दिल्ली में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। अब अजय की मौत ने परिवार को एक बार फिर उसी गहरी पीड़ा से गुजरने पर मजबूर कर दिया है। अजय की मौत की वजह को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। स्थानीय स्तर पर कुछ लोग हार्ट अटैक से मौत की बात कह रहे हैं, जबकि कुछ का कहना है कि वह खाई में गिर गए थे।



मृतक का फाइल फोटो

हालांकि, वास्तविक कारण की पुष्टि नहीं हो सकी है। परिजन शव को घर लाने की तैयारी में जुटे हैं। मिलनसार और हंसमुख स्वभाव के अजय के निधन से मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं वृद्ध मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

जीजीआई में स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब द्वारा पीएम श्री महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज फतेहगढ़ में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विज्ञान क्लब की जिला समन्वयक दीपिका राजपूत एवं नीतू मसीह प्रधानाचार्य रखा बालिका इण्टर कॉलेज ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया। विषय विशेषज्ञ के रूप में चिकित्सक डॉ0 ब्रजेश कुमार मिश्र एवं योग शिक्षक अमित कुमार सक्सेना उपस्थित रहे। डॉ0 ब्रजेश कुमार मिश्र ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को मासिक धर्म के दौरान विशेष स्वच्छता रखनी चाहिए। गंदे कपड़ों का प्रयोग करने से बचें तथा स्वच्छ सैनिटरी पैड का उपयोग करें। स्वच्छता और स्वास्थ्य का ध्यान रखकर ही स्वयं को स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही अपने परिवार और समाज की जिम्मेदारियों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सकता है।

प्रतियोगिताओं के विजेता हुए सम्मानित

योग शिक्षक अमित कुमार सक्सेना ने कहा कि स्वच्छता केवल शरीर की ही नहीं, बल्कि मन की भी होनी चाहिए। सकारात्मक विचार और स्वस्थ मन ही व्यक्ति को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। प्रधानाचार्य नीतू मसीह ने कहा कि



प्रदर्शनी का अवलोकन करती प्रधानाचार्या

बालिकाओं को अपने स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मस्तिष्क से ही जीवन में सर्वांगीण विकास संभव है। जिला समन्वयक एवं प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने कहा कि कोई भी छात्रा स्वयं को किसी से कम न समझे। प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा अवश्य होती है। स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विषय पर पोस्टर, निबंध, विज्ञान मॉडल एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। भाषण प्रतियोगिता में आयशा ने प्रथम, नैमिष मिश्रा ने द्वितीय तथा सुनेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में निमिष कुमार मिश्रा ने प्रथम, वीना ने द्वितीय तथा जरीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में क्रांति ने प्रथम, स्नेहा बाथम ने द्वितीय तथा जुरिया फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में दिव्या सक्सेना ने प्रथम, अंजली ने द्वितीय तथा श्रद्धा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन अर्चना गुप्ता एवं सरिता त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं दीप्ति सिंह ने संभालीं। इस अवसर पर मोनी चौहान, प्रतिभा, मीनाक्षी, भास्कर, अल्पना द्विवेदी मौजूद रहे। विजेता छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

भाजपा कार्यालय में मनाया गया संविधान गौरव दिवस

डॉ. अंबेडकर के योगदान को किया याद

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



दीप प्रज्वलित करते जिलाध्यक्ष

गुरुवार को आवास विकास स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर संविधान गौरव दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजीव कठेरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कि भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर ने देश के संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए गरीब, वंचित, दलित, पिछड़े एवं बहुजन समाज को न्याय, समानता और अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि संविधान गौरव दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों के साथ नागरिकों को उनके मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र कठेरिया ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद डॉ0 भीमराव अंबेडकर के विचारों और संविधान की गरिमा को आगे बढ़ाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए। कार्यक्रम में कुलदीप गंगवार, अमित कठेरिया, सत्यपाल सिंह लोधी, हिमांशु गुप्ता, कृष्ण मुरारी राजपूत, शिवांग रस्तोगी उपस्थित रहे।

संविधान दिवस पर विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित



प्रधानाचार्य को सम्मानित करते युवा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। मेरा युवा भारत माय भारत द्वारा संविधान दिवस पर भारतीय महाविद्यालय एवं इंटर कॉलेज में विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य उद्देश्य युवाओं को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना से जोड़ना, राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना तथा उन्हें संवैधानिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना था। युवा आइकन विशाल श्रीवास्तव ने विकसित भारत-2047 की परिकल्पना पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए युवाओं को देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तभी साकार हो सकता है, जब युवा अपनी ऊर्जा, प्रतिभा और क्षमता का उपयोग रचनात्मक एवं सकारात्मक कार्यों में करें। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने विचार रखे। इस अवसर पर युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया।

जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में एमआईसी का दबदबा

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में देवेश यादव की टीम ने मारी बाजी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर की देखरेख में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद स्तरीय भाषण, क्विज एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

शुभारंभ मुख्य अतिथि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन केके यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संचालन शिक्षक विषय प्रकाश ने किया। प्रतियोगिताओं में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं संचालन हेतु जनपदीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। विद्यालय स्तर पर 18 नवंबर को प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थीं, जिनमें चयनित विजेता छात्र-छात्राओं ने जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।



नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते एनसीसी कैडेट्स

क्विज प्रतियोगिता में गायत्री सिंह ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय तथा प्राची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में देवेश यादव ने प्रथम, आयशा ने द्वितीय तथा कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में एमआईसी टीम ने प्रथम, एनकेपी बालिका इंटर कॉलेज की टीम ने द्वितीय तथा कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रधानाचार्य कैप्टन गिरिजा शंकर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सभी विजेता छात्र-छात्राओं को 30 नवंबर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

एआरटीओ प्रशासन केके यादव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई तथा सभी से यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लेने की अपील की।

अबाउट अवर प्लेनेट प्रतियोगिता संपन्न



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में कक्षा प्रथम से तृतीय तक के विद्यार्थियों के मध्य अबाउट अवर प्लेनेट विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पृथ्वी, पर्यावरण, प्रकृति एवं हमारे ग्रह के महत्व के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया तथा अपनी जानकारी और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम से से शानवी मिश्रा प्रथम कर्तव्य त्रिवेदी द्वितीय तथा रिशा अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं। कक्षा द्वितीय से हर्षवर्धन सिंह प्रथम, अक्षत सिंह कुशवाहा द्वितीय, तथा कार्तिक कटियार तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा तृतीय से ध्वनी तिवारी प्रथम, आराध्या सोमवंशी द्वितीय तथा वेदांशी तृतीय स्थान पर रही। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने ने कहा ऐसी गतिविधि के माध्यम से बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति रुचि एवं जागरूकता विकसित होती है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न



प्रतियोगिता में मौजूद

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मान्यवर कांशीराम राजकीय महाविद्यालय निनौआ में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भाषण, पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ0 कल्पना सिंह के कुशल नेतृत्व एवं सड़क सुरक्षा समिति के प्रभारी डॉ0 वीरेंद्र कुमार के दिशा-निर्देशन में किया गया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को यातायात नियमों, सड़क संकेतों, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में सौम्या ने प्रथम, शालू ने द्वितीय तथा सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से सड़क सुरक्षा के संदेश को आकर्षक एवं प्रभावशाली चित्रों के जरिए अभिव्यक्त किया। इसमें लक्ष्मी राठौर ने प्रथम, सोनाली ने द्वितीय तथा अंकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अभिनय एवं संवादों के जरिए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में आकृति ने प्रथम, अमित ने द्वितीय तथा प्रदीप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व भी है। यातायात नियमों का पालन, सावधानीपूर्वक वाहन संचालन एवं दूसरों को जागरूक करके सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है तथा अमूल्य जीवन की रक्षा की जा सकती है।

रोटरी क्लब ने बांटे स्कूल बैग, बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

उड़ान कार्यक्रम में बच्चों को मिली शिक्षा और स्वास्थ्य की सौगात

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

रोटरी क्लब ऑफ फर्रुखाबाद की ओर से अमेठी कोहना जूनियर विद्यालय में उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए गए। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई। डॉ0 बीके चौधरी, डॉ0 शिवाशीष उपाध्याय, डॉ0 वीके गुप्ता, डा0 एसपी सिंह, डा0 रोहित तिवारी, डॉ0 प्रशांत श्रीवास्तव, डा0 सुरभि, डा0 आकांशा, डा0 सरोज बाला, डा0 अनुराग अग्रवाल ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। अध्यक्ष रोटेरियन दीपक खन्ना ने कहा कि रोटरी क्लब शिक्षा, स्वास्थ्य और समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। उड़ान कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के साथ उनके स्वास्थ्य की देखभाल करना है। उन्होंने कहा



कार्यक्रम में मौजूद रोटरी क्लब के पदाधिकारी

कि एक स्कूल बैग केवल पढ़ाई का सामान नहीं, बल्कि बच्चे के सपनों और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने का माध्यम है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्व प्रताप सिंह ने बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए तथा रोटरी क्लब के सामाजिक प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी आवश्यक है। मोनिका खन्ना ने मंच संचालन किया व विद्यालय प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह द्वारा सभी व्यवस्थाएं देखी गई। रोटरी क्लब के सन्दीप अग्रवाल, हर्षित मेहरोत्रा, नेहा श्रीवास्तव, शरद रस्तोगी, नेहा रस्तोगी, रितु गुप्त, पूर्वी मेहरोत्रा, सारिका चौधरी, उदित अग्रवाल उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया संविधान दिवस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में 26 नवंबर को संविधान दिवस बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के महत्व, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। हमें संविधान में दिए गए आदर्शों, समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। छात्र-छात्राओं ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया तथा अपने विचार एवं भाषण प्रस्तुत किए। सभी विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प दिलाया गया। समापन राष्ट्रहित एवं संविधान के प्रति सम्मान की भावना के संदेश के साथ हुआ।

सपाइयों ने धूमधाम से मनाया संविधान दिवस

बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को अर्पित किए पुष्प

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संयोजन पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने की।

कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित नेताओं ने भारतीय संविधान की महत्ता, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा संविधान की रक्षा के विषय पर अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है। संविधान की रक्षा करना और उसमें निहित लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

नदीम अहमद फारुकी ने कहा कि संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और सम्मान के साथ जीने का अवसर दिया है। इसकी रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी सदैव संघर्ष करती रहेगी। सर्वेश अंबेडकर ने संविधान दिवस पर कार्यकर्ताओं को शपथ दिलायी और विचार रखें। राजीव शाक्य ने अपने विचार व्यक्त किए। विवेक सिंह यादव ने कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की आत्मा है।



संविधान दिवस पर शपथ लेते सपा नेता

इस मौके पर सौरभ कटियार, शशांक सक्सेना,ओम प्रकाश शर्मा, शिव शंकर शर्मा, रामपाल सिंह यादव, राजपाल सिंह यादव,अशोक अंबेडकर, मनोज यादव, आदिल, आयुष यादव, विजय अनुरागी, अमित यादव, अरविंद कश्यप, संजय यादव, ऋषि वाल्मीकि, रवि यादव, विकास यादव उपस्थित रहे। वहीं सदर विधानसभा के बीएलए बूथ लेवल एजेंट की बैठक का भी आयोजन किया गया।

नदीम अहमद फारुकी द्वारा समस्त बीएलए को निर्वाचन संबंधी मतदाता सूची उपलब्ध कराई गई। यदि किसी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में छूट गया है तो उसका फॉर्म-6 भरवाएं तथा यदि किसी अपात्र या मृत व्यक्ति का नाम हटवाना है तो नियमानुसार फॉर्म-7 भरकर संबंधित बीएलओ को अवश्य उपलब्ध कराएं। संचालन विवेक सिंह यादव ने किया।

संविधान दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

संविधान के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

संविधान दिवस पर अखिल भारतीय डॉ0 अंबेडकर स्मारक रक्षा दल की ओर से जेएनवी रोड स्थित भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने तथा संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत वर्मा ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सुरजीत वर्मा ने कहा



शपथ दिलाते सुरजीत वर्मा

कि भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का अधिकार प्रदान करता है। कार्यक्रम में सुभाष चंद्र वर्मा, अवधेश सागर, मनोज मौर्य, शिवकिशोर सिंह, सुरजीत सागर, विनोद गौतम मौजूद रहे। वहीं महिला मोर्चा की ओर से कानपुर मंडल अध्यक्ष सरिता अंबेडकर सहित अनीता देवी, सीमा देवी, शकुंतला देवी समेत बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम में सहभागिता की। पदाधिकारियों ने समाज में शिक्षा, जागरूकता, एकता और संवैधानिक अधिकारों के प्रति चेतना फैलाने का आह्वान करते हुए संविधान दिवस कार्यक्रम को श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न किया।

विप्लव पार्टी के प्रचार वाहन को डॉ. अरविंद गुप्ता ने दिखायी झंडी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

एक नया संकल्प, एक नई शुरुआत-बदलाव की ओर बढ़ता फर्रुखाबाद इसी बुलंद उद्घोष के साथ गुरूबार को विप्लव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं 194-सदर विधानसभा से विधायक प्रत्याशी डॉ0 अरविंद गुप्ता सर्जन ने पार्टी के प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया।

अभियान का मुख्य उद्देश्य मिशन 2027 के तहत पार्टी की नीतियों, विचारों और जनहित के संकल्पों को सीधे जनता के द्वार तक पहुँचाना है। डॉ0 अरविंद गुप्ता ने कहा कि फर्रुखाबाद को अब पारंपरिक राजनीति की नहींए बल्कि सकारात्मक बदलाव और जन-क्रांति की आवश्यकता है। उन्होंने अपने संकल्प को दोहराते हुए भावुक संदेश दिया, जल पिएंगे, जल पिलाएंगे, राजनीति में पैसा नहीं लगाएंगे, पसीना आपके साथ दिन-रात बहाएंगे। प्रचार रथ फर्रुखाबाद विधानसभा के माधवपुर, धवलपुर, कटरी धर्मपुर, मंजन की मड़इया और नीवलपुर सहित आसपास के कई छोटे-छोटे मजरों में सघन जनसंपर्क और क्षेत्रीय भ्रमण करेगा। इस अवसर पर अब्दुल रहमान उर्फ छोटू शिवम प्रताप सिंह, तनवीर खान, दीपक उर्फ राहुल, अमित वाल्मीकि, विनोद सिंह ठाकुर, सुमित दुबे, चक्रपाल सिंह, अंकित कुमार गुप्ता, रजत कुमार कठेरिया, सुमित राजपूत, पंकज गुप्ता, गोविंद दीक्षित, कुलदीप शाक्य, प्रांजल गुप्ता, नंदेश गुप्ता, अशोक ठाकुर, विनीत कुमार शर्मा, वरुण कुमार राजपूत, विजय सिंह ठाकुर, सौरभ कुशवाहा, शिवम चौहान, राकेश पाल, प्रशांत दीक्षित, अभिषेक सक्सेना, सर्वेश कुमार प्रजापति एवं ओम नारायण यदुवंशी, आनंद दिवाकर, ओम प्रकाश शर्मा, कुलदीप अवस्थी, अजय वर्मा, दाताराम बाबूजी, शिवा, पीयूष शुक्ला, राजेश अवस्थी, विजय अवस्थी मौजूद रहे।



प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाते डॉ. अरविन्द गुप्ता

अंडर-13 फाइनल में पीएन एकेडमी ने टाइगर क्लब को हराया

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में खेली जा रही 16वीं फर्रुखाबाद क्रिकेट लीग-16 के अंडर-13 आयु वर्ग के फाइनल मुकाबले में पीएन एकेडमी कायमगंज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टाइगर क्लब फर्रुखाबाद को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का टाइगर क्लब के कप्तान देवराज सिंह का फैसला उल्टा पड़ा।

निर्धारित 20 ओवर के मैच में पीएन एकेडमी कायमगंज ने 4 विकेट खोकर 248 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से कृष्णा ने 106 रनों की शतकीय पारी खेली,



खिलाड़ियों को ट्राफी देते पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल

जबकि अतुल ने 38 रन, प्रखर ने 33 रन और अंशुमन ने 32 रन बनाए। टाइगर क्लब के गेंदबाज अक्षत ने 2 और देवराज ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइगर क्लब फर्रुखाबाद की टीम 16.5 ओवर में 96 रन ही बना सकी। टीम की ओर से देवांश पाल ने 11 रन और कप्तान देवराज सिंह ने 10 रन बनाए, जबकि 35 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। पीएन एकेडमी के गेंदबाज अंश और कृष्णा ने 2-2 विकेट चटकाए। शतक व दो विकेट लेने वाले कृष्णा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

कृष्णा बने मैन ऑफ द मैच

मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल रहे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया। पुरस्कार वितरण के दौरान मनोज अग्रवाल ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत चलती रहती है, खिलाड़ियों को निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए।

खबरें एक नजर में

10 साल से शौचालय पर लटक रहा ताला

सरेनी, रायबरेली । क्षेत्र के गेंगासो गंगा घाट पर मुख्यमंत्री संवर्धन योजना के तहत करीब 8 वर्ष पहले लाखों रुपये की लागत से बनवाया गया सामुदायिक शौचालय आज तक चालू नहीं हो सका। शौचालय के मुख्य द्वार पर आज भी ताला लटका हुआ है। इससे शासन की योजनाओं और स्थानीय प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गेंगासो गंगा घाट पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। विशेष पर्वों और धार्मिक अवसरों पर यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगता है। इसके बावजूद शौचालय बंद होने से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। घाट पर मूलभूत सुविधा के नाम पर बना यह शौचालय वर्षों से अनुपयोगी पड़ा हुआ है स्थानीय श्रद्धालुओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब शौचालय का निर्माण कराया गया था तो उसे जनता के उपयोग के लिए चालू क्यों नहीं किया गया? लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि वर्षों से बंद पड़े सामुदायिक शौचालय को तत्काल शुरू कराया जाए । जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करने पड़े।

रोक के बावजूद खेतों में जलाई जा रही पराली

सलोन रायबरेली। रोक के बावजूद खेतों में पराली जलाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।फसलों के अवशेष जलाने से जहां आसपास फैल रहे धुएं से सांस लेने में परेशानी हो रही तो वहीं वायु प्रदूषण के साथ पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है।मामला सलोन क्षेत्र के फतेहाबाद रेवहारा गांव के आस पास का है।जहां देर रात खेतों में पराली जलती दिखाई दिया।आग की तेज लपटें दूर तक नजर आ रही थीं।जबकि आसमान में धुएं का गुबार छाया हुआ था।पराली जलाने से जहां वातावरण प्रदूषित हो रहा है।वहीं खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है।इसके साथ ही धुएं से आसपास के लोगों को सांस लेने में परेशानी हो सकती है। सरकार किसानों से पराली न जलाने और उसके उचित निस्तारण की अपील कर रही है।ऐसे में सवाल उठता है कि प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाने की घटनाएं आखिर क्यों नहीं रुक रही हैं।अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं।

संविधान दिवस पर विधि संस्थान में संगोष्ठी

सुलतानपुर। संविधान दिवस के अवसर पर कमला नेहरू विधि संस्थान में बुधवार को संगोष्ठी एवं ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विधि के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी में डॉ. प्रभात कुमार सिंह, डॉ. हरिशंकर गौतम, डॉ. राम बेलाश चौधरी, डॉ. मदन मोहन शाही, डॉ. वंदना सिंह, डॉ. अवधेश दूबे, डॉ. जितेंद्र पाठक, डॉ. रविशंकर और डॉ. विवेक सिंह ने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने संविधान की संरचना, उसके क्रियान्वयन और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज एवं नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण में इसकी भूमिका बताई। उन्होंने विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों और अधिकारों के प्रति जागरूक किया।इसके बाद डॉ. अवधेश दूबे और डॉ. राम बेलाश चौधरी ने छात्र-छात्राओं के बीच ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराई। कार्यक्रम में डॉ. अब्दुल हफीज खान की भूमिका सराहनीय रही।

संविधान दिवस पर 85,206 लोगों ने ली मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ

सुलतानपुर। संविधान दिवस पर बुधवार को जनपद न्यायालय सुलतानपुर सहित सुलतानपुर और अमेठी के सभी विद्यालयों में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर मौलिक कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई गई। इस अभियान में कुल 85,206 लोगों ने प्रतिभाग किया। जनपद न्यायालय में कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुनील कुमार चतुर्थ की उपस्थिति में 'एक स्वर, एक संविधान' के संकल्प के साथ हुआ। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुक्ता त्यागी, न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायालय कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।शपथ के माध्यम से संविधान के प्रति निष्ठा, राष्ट्रीय एकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, पर्यावरण संरक्षण और देश की संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया गया।सचिव मुक्ता त्यागी ने कहा कि संविधान केवल पुस्तक नहीं, बल्कि जीवन जीने का मार्गदर्शन है। प्रत्येक नागरिक को अधिकारों के साथ अपने मौलिक कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। छात्र देश का भविष्य हैं और उन्हें संवैधानिक मूल्यों को जीवन में आत्मसात करना चाहिए। आयोजन के तहत जनपद न्यायालय में 280 तथा अन्य कार्यक्रम स्थलों और विद्यालयों में 84,926 लोगों ने सहभागिता की।

कार्तिक पूर्णिमा मेले में बड़ा मठ और समाजसेवियों ने पेश की मिशाल

डलमऊ, रायबरेली। ऐतिहासिक नगरी डलमऊ में बीते 23 एवं 24 नवंबर को आयोजित प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेले में भले ही श्रद्धालुओं की भीड़ उम्मीद से कम रही हो, लेकिन सेवा और समर्पण का बेहतरीन मिसाल दिखाई पड़ी। बड़ा मठ डलमऊ एवं विभिन्न समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं के साथ बेजुबान पशुओं की सेवा कर मानवता और संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल पेश की। मां गंगा के पावन तट पर स्नान और पूजन के लिए दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं की सेवा में बड़ा मठ की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और पूड़ी-सब्जी, दही, जलेबी, बूंदी सहित विभिन्न प्रसाद ग्रहण कर पुण्य की प्राप्ति की। समाजसेवी विकास सिंह ने सेवा भाव का परिचय देते हुए बैलगाड़ियों से गंगा स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के बैलों के लिए गुड़ और चारे की व्यवस्था की। और बेजुबानों की सेवा करते हुए पशु प्रेम का संदेश दिया। श्री फाउंडेशन द्वारा चकमालिक भीटी गंगा घाट पर आए हुए हजारों श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई जहां पर समाजसेविका गीतिका द्विवेदी ने श्रद्धालुओं को भोजन वितरित किया। कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र यादव ने %मोहब्बत की चाय% का स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं को चाय पिलाई और आपसी भाईचारे, एकता एवं सौहार्द का संदेश दिया। वही समाजसेवी शैलेश मिश्रा ने मेले में आए श्रद्धालुओं के ठहरने, रात्रि विश्राम और खानपान की समुचित व्यवस्था की। बड़ा मत डलमऊ एवं समाजसेवियों द्वारा की गई पहल से दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं को बड़ी सहूलियत मिली। बड़ा मठ डलमऊ एवं समाजसेवियों के द्वारा किए गए इन सेवा कार्यों की श्रद्धालुओं ने जमकर सराहना की और सभी को ढेरों दुआएं दीं। कार्तिक पूर्णिमा मेले में कई अन्य समाजसेवियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और अपने-अपने तरीके से श्रद्धालुओं की सेवा में योगदान दिया। समाजसेवियों द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना पूरे क्षेत्र में हो रही है।

पनीर में मिलावट का खेल

कार्रवाई पर वायरल वीडियो से पलटवार

- मिलावटखोरों पर छापे की चोट, अब सोशल मीडिया पर आरोपों की बौछार
- दो दिन में दो बड़ी कार्रवाई, खाद्य विभाग के अभियान से मचा हड़कंप

सुशील सिंह

रायबरेली। जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों के कारोबार पर खाद्य विभाग लगातार शिकंजा कस रहा है। एक के बाद एक हो रही छापेमारी से मिलावटखोरों में खलबली मची हुई है। वहीं, कार्रवाई के बीच खाद्य विभाग के अधिकारियों को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर पुराने वीडियो वायरल किए जाने का मामला भी सामने आया है।

दो दिन पहले हरचंदपुर में पकड़ी गई थी कई कुंतल पनीर

दो दिन पहले हरचंदपुर थाना क्षेत्र के अघौरा गांव में खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर कई कुंतल मिलावटी पनीर पकड़ी थी। इस कार्रवाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। छापेमारी में लखनऊ की खाद्य विभाग की टीम और रायबरेली की टीम शामिल रही थी।

बछरावां में ऑटो से पकड़ी गई डेढ़ कुंतल पनीर

बछरावां थाना क्षेत्र में खाद्य विभाग की टीम ने एक ऑटो से करीब डेढ़ कुंतल मानक विहीन पनीर पकड़ी। बताया जा रहा है कि पनीर को बाजार में खपाने के लिए ले जाया जा रहा था। लगातार हो रही कार्रवाई से मिलावटखोरों के कारोबार पर प्रशासन की सख्ती साफ दिखाई दे रही है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने खड़े किए सवाल

लगातार हो रही छापेमारी के बीच सोशल मीडिया पर एक अन्य वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में एक व्यक्ति पैसे गिनता दिखाई दे रहा है। वीडियो में वह खाद्य विभाग के अधिकारी मानिकचंद का नाम लेते हुए उन्हें जिले का बड़ा अधिकारी बता रहा है और उनके आदेश पर कार्रवाई किए जाने की बात कह रहा है। वीडियो में व्यक्ति यह भी कहता सुनाई दे रहा है कि %आप हमारा ध्यान देते रहिए, हम आपका ध्यान देते रहेंगे।% इस वीडियो को लेकर खाद्य विभाग की कार्रवाई और अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाने की कोशिश की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानिकचंद ने जारी किया बयान

वायरल वीडियो को लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानिकचंद ने बयान जारी कर इसे पुराना बताया है। उनका कहना है कि जनपद में मिलावटखोरों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से प्रभावित लोग अलग-अलग आरोप लगा रहे हैं और पुराने वीडियो वायरल करवाकर कार्रवाई को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान को रोकने के उद्देश्य से इस तरह की गतिविधियां की जा रही हैं।

ऊंचाहार तहसील : 28 नवंबर को होगी नीलामी

रायबरेली। तहसील ऊंचाहार परिसर में साइकिल स्टैंड और फोटोस्टेट मशीन कक्षों के संचालन का अवसर पाने के इच्छुक लोगों के लिए महत्वपूर्ण सूचना है। तहसील प्रशासन की ओर से इन सुविधाओं के आवंटन के लिए नीलामी की तिथि निर्धारित कर दी गई है। तहसीलदार ऊंचाहार सुनील कुमार ने बताया कि उपजिलाधिकारी के आदेशानुसार तहसील परिसर में संचालित साइकिल स्टैंड तथा फोटोस्टेट मशीन कक्ष संख्या-1 और 2 की नीलामी 28 नवंबर 2026 को कराई जाएगी। नीलामी की प्रक्रिया सुबह 11 बजे तहसील सभागार में शुरू होगी। उन्होंने बताया कि नीलामी में प्रतिभाग करने के इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर तहसील सभागार में उपस्थित होकर बोली प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

बेगमपुरा एक्सप्रेस से गिरकर सेना के जवान की मौत, ट्रैक पर मिला शव

- छुट्टी बिताकर ड्यूटी पर लौट रहा था जवान, लंभुआ स्टेशन के पश्चिम हुआ हादसा

समृद्धि न्यूज, लंभुआ, सुलतानपुर।



लंभुआ रेलवे स्टेशन के पश्चिम करीब 200 मीटर की दूरी पर गुरुवार को रेलवे ट्रैक पर सेना के जवान का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जवान की मौत बेगमपुरा एक्सप्रेस से गिरकर ट्रेन की चपेट में आने से हुई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

मृतक की पहचान अनूप कुमार यादव (34) पुत्र महेश यादव निवासी अनपरा औरी, दुद्धी, जनपद सोनभद्र के रूप में हुई। वह भारतीय सेना की 17वीं बटालियन राजपूत रेजीमेंट में तैनात थे। वर्तमान में उनकी तैनाती गुरदासपुर (पंजाब) के तिवरी में थी। बताया गया कि छुट्टी बिताने के बाद वह बेगमपुरा एक्सप्रेस से वाराणसी होते हुए ड्यूटी पर लौट रहे थे। इसी दौरान लंभुआ स्टेशन के पश्चिम पोल संख्या 894/6 और 894/7 के बीच ट्रेन से गिरकर हादसे का शिकार हो गए।मृतक जवान सोनभद्र के पूर्व चेयरमैन के भतीजे थे। जीआरपी ने परिजनों को सूचना दे दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

अनियंत्रित कार ने बुलेट सवार को मारी टक्कर

समृद्धि न्यूज, कुड़वार, सुलतानपुर।

बुधवार को मां को रिश्तेदारी पलहीपुर पहुंचाकर सुल्तानपुर शहर से खरीदारी करके वापस लौट रहे बाइक सवारों को कुड़वार से सुल्तानपुर की तरफ जा रही अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी।दुर्घटना में घायल बाइक सवारों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।जहां से एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।जबकि दो घायलों का इलाज जिला मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।



बुधवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के मंगापुर गांव निवासी उत्कर्ष सिंह(22) पुत्र सुरेन्द्र सिंह अपनी मां संजू सिंह को लेकर रिश्तेदारी पलहीपुर गया। मां को रिश्तेदारी में छोड़ने के बाद मंगापुर गांव निवासी नीरज गुप्ता(18)पुत्र संतराम गुप्ता व अमन यादव निवासी अहिमाने के साथ सुल्तानपुर खरीदारी करने चला गया।खरीदारी करके बुलेट बाइक से वापस लौटते समय पैगापुर गांव में पलहीपुर मोड के पास कुड़वार से सुल्तानपुर की तरफ जा रही कार ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी।

दुर्घटना में घायलों तीनों बाइक सवारों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।जहां से उत्कर्ष की हालत गंभीर होने कर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।जहां इलाज के दौरान उत्कर्ष सिंह की मौत हो गई।घटना से परिवार में कोहराम मच गया।मृतक तीन भाई बहन में सबसे छोटा था जिसकी अभी शादी नहीं हुई थी।भाई भूपेंद्र सिंह व बहन साक्षी सिंह विवाहित है।चौकी इंचार्ज रामनगर रवींद्र सिंह ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर घायलों को अस्पताल भेज दिया गया था।वाहनों को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

58 सेकेंड में 151 नारियल तोड़ धर्मेंद्र राजभर ने बनाया आकर्षण का केंद्र

- बाबा सत्यनाथ महोत्सव का समापन, मेले के साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

समृद्धि न्यूज, कादीपुर, सुलतानपुर।



अल्देमऊ नूरपुर स्थित अघोर पीठ बाबा सत्यनाथ मठ में आयोजित तीन दिवसीय बाबा सत्यनाथ महोत्सव का समापन उत्साहपूर्वक हुआ। समापन अवसर पर विश्व रिकॉर्ड धारी धर्मेंद्र राजभर बाहुबली ने महज 58 सेकेंड में 151 नारियल तोड़कर उपस्थित लोगों को अचंभित कर दिया।

धर्मेंद्र राजभर ने कहा कि उनका यह हुनर युवाओं को समर्पित है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर देशसेवा में योगदान देने की अपील की। महोत्सव संयोजक एवं मठ के पीठाधीश्वर अवधूत उग्र चण्डेश्वर कपाली बाबा ने कहा कि अल्देमऊ कभी नागवंशी भर शासकों का प्रमुख केंद्र रहा है। इस प्राचीन शैव स्थल पर आयोजित महोत्सव क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।इससे पूर्व मठ में पूजन-अर्चन के बाद बाल कथावाचक कौशलेंद्र महाराज ने भागवत कथा में धुंधकारी प्रसंग सुनाया। अंतिम दिन मेले के साथ लोकगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। अभिमन्यु मौर्य, नीरज शर्मा, विपुल पांडेय और अंजू यादव सहित कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं।

समापन समारोह में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, संदीप राजभर, नगर पंचायत अध्यक्ष दोस्तपुर रमेश सोनकर सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग और हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

गौकशी का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार



- 22 नवंबर को ऊंचगांव में नहर के किनारे मिले थे अवशेष

कुड़वार सुल्तानपुर। बीते 22 नवंबर को बंधुआ कला थाना क्षेत्र के पूरे बुनियाद सिंह ऊंचगांव में नहर की पटरी पर मिले गौकशी के अवशेष मामले में पुलिस ने एक आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपी को इलाज के बाद न्यायालय में पेश किया गया।जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। बता दे कि बीते 22 नवंबर को गौकशी के अवशेष मिलने पर बंधुआ कला पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।बुधवार की रात बंधुआ कला पुलिस गौकशी के आरोपी समीर पुत्र फैयाज उर्फ कल्लू निवासी तकिया जमुवारी मुसाफिरखाना अमेठी को प?वापुर नहर की पटरी पर मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गिरफ्तार आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया था।जिसका पुलिस द्वारा जिला मेडिकल कॉलेज में इलाज कराया गया।इलाज के बाद गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।गिरफ्तार आरोपी का 11 मुकदमों का आपराधिक इतिहास है।आरोपी से पुलिस ने एक चापड़,रस्सी,अवैध तमंचा, कारतूस बरामद किया।गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार,उपनिरीक्षक मो नासिर कुरैशी,प्रदीप कुमार मिश्रा,दीवान राघवेंद्र सिंह,आरक्षी धर्मेंद्र गुप्ता,अनुज सिंह,सद्दाम हुसैन आदि शामिल रहे।

ट्रांसफार्मर पर काम करते समय करंट की चपेट में आया निजी लाइनमैन, मौत

समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।



विद्युत पोल के ट्रांसफार्मर पर काम करते समय करंट की चपेट में आने से निजी लाइनमैन की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, अखण्डनगर थाना क्षेत्र के दहलवा गांव निवासी दुर्गा प्रसाद (38) पुत्र बलजोर अलीपुर विद्युत उपकेंद्र पर कार्यरत था। गुरुवार शाम करीब साढ़े तीन बजे वह कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मिश्रपुर जलालपुर गांव में टावर के पास लगे ट्रांसफार्मर पर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से वह तारों में लटक गया। मौके पर मौजूद टावर के अन्य कर्मचारी वहां से चले गए।ग्रामीणों की सूचना पर अखण्डनगर थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार वर्मा और एसएसआई संतोष कुमार राय पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिसकर्मी उसे अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्डनगर ले गए, जहां चिकित्सक डॉ. सुधीर कुमार बरनवाल ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल में परिजनों और शुभचिंतकों की भीड़ जुट गई। लोगों में आक्रोश भी दिखाई दिया।

स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार वर्मा और कादीपुर कोतवाली प्रभारी दीपेंद्र प्रताप सिंह भारी पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंचे।विद्युत विभाग के जेई और दोस्तपुर एसडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी। थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। चिकित्सक की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

नगर पंचायतों को मिले नए अधिशासी अधिकारी, कई निकायों में हुआ फेरबदल

रायबरेली। जिले की नगर पंचायतों में प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल करते हुए कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस बदलाव के तहत अलग-अलग नगर पंचायतों में नए अधिशासी अधिकारियों की तैनाती की गई है।जारी जानकारी के अनुसार, मनोज कुमार पांडेय को अधिशासी अधिकारी बनाया गया है। वहीं अभय रंजन को नगर पंचायत परशदेपुर का अधिशासी अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा मोहिनी केसरवानी को नगर पंचायत बछरावां, शीलू अवस्थी को नगर पंचायत डलमऊ, हरि नारायण सिंह को नगर पंचायत लालगंज तथा दुर्गेश कुमार सिंह को नगर पंचायत नसीराबाद का अधिशासी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

शादी-ब्याह के मौसम में जाम के झाम से कराह रहा रायबरेली, ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त

समृद्धि न्यूज, सरायबरेली ।

- रात नौ बजते ही शहर की सड़कों पर लग रहा वाहनों का रेला, घंटों जाम में फंसे रहते हैं राहगीर
- डिग्री कॉलेज से बस स्टॉप और घंटाघर तक अतिक्रमण बना जाम की बड़ी वजह, ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम पर उठ रहे सवाल

शहर में इन दिनों जाम की समस्या लोगों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। शादी-ब्याह के मौसम में वाहनों की संख्या बढ़ने के साथ ही शहर का ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम भी अनियंत्रित नजर आ रहा है।

हालात यह हैं कि रात करीब नौ बजे के आसपास शहर की प्रमुख सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। लोगों को कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में भी काफी समय लग रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी नौकरीपेशा लोगों, व्यापारियों, मरीजों और शादी समारोह में शामिल होने वाले लोगों को उठानी पड़ रही है।

शहर के डिग्री कॉलेज चौराहे से बस स्टॉप तक और डिग्री कॉलेज से घंटाघर तक जाम की समस्या गंभीर बनी हुई है। इन मार्गों पर सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण और बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन यातायात व्यवस्था में बाधा बन रहे हैं। दुकानों के सामने और सड़क के किनारे खड़े वाहनों के चलते सड़क की चौड़ाई लगातार सिमटती जा रही है। इसके अलावा शादी-ब्याह के आयोजनों में शामिल होने वाले वाहनों की आवाजाही से समस्या और बढ़ जाती है।

शहर की सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहन और अतिक्रमण ट्रैफिक विभाग के लिए सबसे बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए जिम्मेदार विभागों की ओर से ठोस कार्रवाई की जरूरत महसूस की जा रही है।

अतिक्रमण ने निगली सड़कों की चौड़ाई

डिग्री कॉलेज से बस स्टॉप और घंटाघर जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण जाम की बड़ी वजह बन रहा है। दुकानों के बाहर सामान रखने और वाहनों की पार्किंग से सड़क संकरी हो जाती है। अतिक्रमण हटाने के लिए नियमित अभियान नहीं चलने से समस्या लगातार बढ़ रही है।

रात नौ बजे ट्रैफिक व्यवस्था की निकल रही हवा

शादी-ब्याह के मौसम में रात के समय वाहनों का दबाव बढ़ते ही शहर की यातायात व्यवस्था लड़खड़ा जाती है। शहर के लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर संचालित होटल और रिसॉर्ट रात के समय जाम का सबसे बड़ा कारण बनते हैं उसे दरमियां अगर कोई वीवीआईपी या कोई शहर में अनहोनी हो जाए और आपको लखनऊ जाना हो तो बड़ी मसक्कत करनी क्योंकि उसे समय यह सड़क पूरी तरह से जाम के झाम में उलझी होती है। वही कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। ऐसे में एंबुलेंस और जरूरी काम से निकलने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए रात के समय विशेष ट्रैफिक प्लान और पुलिसकर्मियों की तैनाती जरूरी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम की समस्या अब रोजमर्रा की परेशानी बन चुकी है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कब शहर को इस जाम के झाम से निजात मिलेगी।

कार्यालय ग्रा0पं0 वीरपुर वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः मेनो/ग्रा0पं0/राज्यवित्त/15वां वित्त/टेंडर/प्रकाशन/2026-27 दिनांक 25/11/2026

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत वीरपुर विकास खण्ड नवाबगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 26/12/2026 से दिनांक 02/12/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 02/12/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 26/12/2026 से दिनांक 02/12/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

क्र.स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	राशन की दुकान के सामने सीसी कार्य	2.15 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रशासक प्रधान (श्याम बाबू) ग्राम पंचायत वीरपुर, नवाबगंज सचिव (बृजेश सिंह)

कार्यालय ग्रा0पं0 मसेनी वि0ख0 बढ़पुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकः मेनो/ग्रा0पं0/राज्यवित्त/केन्द्रीय वित्त/ एस0एल0डब्ल्यू0एम0/टेंडर/प्रकाशन/2026-27 दिनांक 25/11/2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एस0एल0डब्ल्यू0एम0/राज्यवित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत मसेनी विकास खंड बढ़पुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजनाओं में सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 16/11/2026 से 30/11/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 30/11/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 16/11/2026 से 30/11/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

क्र.स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	ई-गार्वेज (रिक्शा) क्रय	1.80 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम एवं शर्ते- निविदादाता का जीएसटी एवं आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ0 डी0आर व एनएससी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रशासक प्रधान (समर सिंह कठेरिया) ग्राम पंचायत मसेनी, बढ़पुर सचिव (रेनू दीक्षित)

ईवीएम-वीवीपैट केंद्र का एडीएम ने किया निरीक्षण

सुलतानपुर। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रत्नप्रिया ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार के बाहर स्थापित ईवीएम एवं वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मशीनों की कार्यप्रणाली और वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि केंद्र पर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को ईवीएम के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया जाए। मतदाताओं से मशीन का बटन दबवाकर मतदान की प्रक्रिया समझाई जाए और वीवीपैट से निकलने वाली पर्ची दिखाकर मतदान की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता की जानकारी दी जाए।